सुप्रभात
रांची, सोमवार
09.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, दशमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 89



12 कंगना रनौत की फिल्म तेजस का ट्रेलर रिलीज

## नेक इरादा निभा रहे वादा
# सिंचाई की सुविधा से समृद्ध होंगे किसान




## देवघर एवं जामताड़ा जिलान्तर्गत
# सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना
## शिलान्यास समारोह

PRNO 308646 (Water Resource) IPRD 23-24

**मुख्य बातें -**

**₹484.35**
करोड़ से होगा निर्माण

**13,164 हे०**
कुल सिंचित क्षेत्र

**1,11,174**
कुल लाभान्वित ग्रामीण

**27**
कुल लाभान्वित पंचायत

**190**
कुल लाभान्वित गाँव

**मुख्य अतिथि**

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



**विशिष्ट अतिथि**

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री हफीज़ुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सुनील सोरेन**
माननीय सांसद, दुमका लोकसभा क्षेत्र

**श्री निशिकान्त दुबे**
माननीय सांसद, गोड्डा लोकसभा क्षेत्र

**श्री इरफान अंसारी**
माननीय विधायक, जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र

**श्री रणधीर कुमार सिंह**
माननीय विधायक, सारठ विधानसभा क्षेत्र

दिनांक : 09 अक्टूबर, 2023 | समय : अपराह्न 01:00 बजे
स्थान : ग्राम - सिकटिया, प्रखण्ड - सारठ, जिला - देवघर

जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार

# टेट पास शिक्षकों को वेतनमान दे सरकार अन्यथा होगा उग्र आंदोलन : मोहन मंडल

## टेट पास शिक्षकों ने सरकार को दी परिवार समेत सामूहिक आत्मदाह की धमकी

### 48 दिनों से राजभवन के सामने अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठे हैं टेट पास शिक्षक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अपनी मांगों को लेकर राजभवन के समीप अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर टेट सफल सहायक अध्यापक बैठे हैं। वह 48 दिनों से राजभवन के सामने अनशन पर बैठे हैं। परंतु सरकार की ओर से अब तक कोई पहल नहीं की गयी है। संघ के मोहन मंडल ने बताया कि टेट सफल सहायक अध्यापक समन्यवय समिति संघ के बैनर तले राजभवन के समक्ष 48 दिनों से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन सह धरना कार्यक्रम के तहत रविवार को जेएमएम कार्यालय घेराव का प्रस्ताव था। परंतु जेएमएम के केंद्रीय महासचिव बिनोद पांडेय से वार्ता के बाद कार्यालय घेराव स्थगित किया गया। बिनोद पांडेय ने वार्ता के दौरान आश्वस्त किया कि वह 6 दिनों के भीतर सीएम से उच्चस्तरीय वार्ता करा देंगे। इसके बाद टेट पास शिक्षकों ने घेराव कार्यक्रम को स्थगित करते हुए राजभवन के सामने धरना पर बैठ गये।

**सुविधा नहीं मिलने से भड़के टेट पास शिक्षक :** सभा के बीच धरना में शामिल सभी सहायक अध्यापक राजभवन की ओर नारा लगाते हुए बेरीकेटिंग तोड़ने पर उतारू हो गए। उनका आरोप था कि धरना स्थल पर न शौचालय की व्यवस्था है न पानी की टंकी की और न ही सरकार की ओर से कोई सुविधा दी जा रही है। बेरीकेटिग के पास प्रशासन और टेट शिक्षकों के बीच काफी नोंक- झोंक हुआ। अंत में प्रशासन के तरह से कहा गया कि एक घंटे के अंदर सारा व्यवस्था कर दिया जाएगा, तब जाकर टेट पास शिक्षक शांत हुए और सभा स्थल पर बैठे। प्रशासन से बात करते हुए यह भी कहा गया की राज्यपाल से पिछली बार मिलाने की बात हुई थी, लेकिन इस दिशा में भी काम नही हुआ। इसके जवाब में प्रशासन द्वारा कहा गया कि आपकी बातों को उच्च पदाधिकारी तक पहुंचा दिया जाएगा तथा जल्द वार्ता को पहल किया जाएगा। मौके पर प्रमोद कुमार,चंदन ठाकुर, कैलाश मेहता, कुमार गौरव, घनश्याम चन्द, कालीचरण, राजकिशोर महतो, कार्तिक साव, उपेंद्र ठाकुर, ब्रजेश कुमार, अनिता महतो, प्रकाश कुमार सहित सैकड़ों सैकड़ों की संख्या में सहायक अध्यापक उपस्थित थें।

#### अब चूहा-बल्ली का खेल बंद करे सरकार

सभा को संबोधित करते हुए मोहन मंडल ने कहा कि अब चूहा-बल्ली का खेल बहुत हो गया, क्योंकि जब भी आंदोलन होता है। सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। लेकिन कभी भी कोई सार्थक पहल नहीं होता। संघ विनोद पांडेय की बातों को गंभीरता से लिया है। वह हेमंत सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द टेट पास सहायक अध्यापक को वेतनमान दे, नहीं तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं, सीमांत घोषाल और संजय मेहता संयुक्त बयान जारी करते हुए कहे की अगर सरकार जल्द पहल नहीं करती है और वेतनमान नही देती है तो मुख्यमंत्री आवास, प्रोजेक्ट भवन का घेराव किया जाएगा। इससे भी काम नहीं बनेगा तो 14 हजार टेट पास सहायक अध्यापक परिवार सहित आत्मदाह राज भवन के सामने करेगें।

## झारखंड से 15 अक्टूबर तक विदा हो जायेगा मॉनसून



**रांची।** अक्टूबर के पहले हफ्ते पांच दिनों की लगातार बारिश के बाद मौसम साफ हो गया है। फिलहाल झारखंड में बारिश की कोई संभावना नहीं है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो झारखंड से 15 अक्टूबर तक मॉनसून की विदायी हो जाएगी। हालांकि राज्य के अधिकांश हिस्सों से अगले 48 घंटे में मॉनसून के वापस लौटने की संभावना है। इसके बाद राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग की मानें तो मॉनसून के लौटने के दौरान हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि दुर्गा पूजा के दौरान बारिश परेशान नहीं करेगी।

**गिरने लगा न्यूनतम तापमान**

मौसम साफ होने के साथ ही न्यूनतम तापमान गिरने लगा है। पिछले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 25 डिग्री था, जो शनिवार को 23 डिग्री हो गया है। गढ़वा, पलामू और लातेहार के इलाके में बारिश कम हुई थी, इस वजह से वहां अधिकतम तापमान बढ़ रहा है।

#### सामान्य से 164.7 एमएम कम हुई बारिश

मौसम विभाग की मानें तो झारखंड में इस साल सामान्य से 164.7 एमएम कम हुई बारिश है। हालांकि अक्टूबर के पांच दिनों में 196.3 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी है। पांच अक्टूबर के बाद राज्य में बारिश नहीं हुई है। एक जून से अभी तक की बात करें तो 954.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी है, जबकि सामान्य वषार्पात के तहत इस अवधि में 1119.3 एमएम बारिश होनी चाहिए थी, जो अभी भी 164.7 एमएम कम है।

## झारखंड में डेंगू के मिले 135 नये संदिग्ध

**रांची।** झारखंड में डेंगू के मरीजों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को भी डेंगू के 135 संदिग्ध मरीज मिले हैं। जांच में तीन मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। बताते चलें कि दो मरीज पूर्वी सिंहभूम जिले में मिले हैं, जबकि एक मरीज कोडरमा जिले में मिला है। वहीं चिकनगुनिया के 12 संदिग्ध मरीज राज्य में मिले हैं। जांच के बाद किसी में भी चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई है।

## नौ सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवा होगी नियमित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर राज्य अंतर्गत नौ सेवानिवृत्त लिपिकों की सेवा नियमित करने का फैसला लिया गया है। उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ भी दिया जायेगा। हेमंत सरकार ने इस आश्य के प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति दी है। ये विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए थे, लेकिन इनका समायोजन नहीं हुआ। दस साल से अधिक सेवा करते हुए रिटायरमेंट लिया था इनमें मनोज कुमार सिन्हा, गुप्तेश्वर सिंह, जय मंगल प्रसाद शर्मा, राजन राम, राजेंद्र सिंह, सत्येंद्र नारायण त्रिपाठी, नंद किशोर प्रसाद, मदन मोहन और कामेश्वर राम रवि हैं।

# बंद वेतन चालू कराने को लेकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिले राज्य के शिक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधमंडल रविवार को राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिला। उनसे मिलकर शिक्षकों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। कहा कि ई-विद्यावाहिनी के कारण जारों शिक्षकों को वेतन नहीं मिला है। वहीं अंतर जिला स्थानांतरण समेत अन्य मुद्दों पर भी बात की। मंत्री ने डेलिगेशन को आश्वस्त किया कि जल्द ही सीएम से समय लेकर संघ से वार्ता कराकर सममस्या का हल निकाला जायेगा। मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू और महासचिव बलजीत कुमार सिंह के अलावा प्रदेश कोषाध्यक्ष ज्ञानचन्द साहु, प्रदेश उप संगठन मंत्री राकेश रंजन पिंकु, प्रदेश प्रवक्ता रंजीत लाल शाहदेव ,लातेहार जिला संगठन मंत्री बिजय लाल, रांची जिला कोषाध्यक्ष जिवरा उरांव और अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित थे।

#### इन बिंदुओं पर हुई चर्चा

मुलाकात के दौरान शिक्षकों ने मंत्री से कहा कि विगत दिनों पलामू सहित राज्य के विभिन्न जिलों के कई शिक्षकों का ई -विद्यावाहिनी एप में बायोमेट्रिक उपस्थिति में अनियमितता को लेकर कर वेतन बंद कर दिया गया है। अभी तक उनका वेतन चालू नहीं किया गया है। इसे चालू कराया जाये। वहीं, विभाग द्वारा विभिन्न प्रोन्नतियों के लिए जारी मार्गदर्शन के बारे में जानकारी देते हुए जिलों में लंबित प्रधानाध्यापक सहित सभी कोटि के पदों पर शीघ्र प्रोन्नति का कार्य संपन्न करने के लिए आवश्यक निर्देश सरकार की तरफ से विभाग को देने का आग्रह किया गया।

# कक्षा 5 तक नियुक्त शिक्षकों की प्रोन्नति के द्वार को भी बंद करना चाह रहा शिक्षा विभाग

## नयी प्रोन्नति नियमावली नहीं बनाने से झारखंड में उत्पन्न हुई है यह स्थिति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शिक्षा विभाग कक्षा 1 से 5 के नियुक्त शिक्षकों की प्रोन्नति के द्वार को भी बंद करना चाह रहा है। नई नियुक्ति नियमावली 2012 के आलोक में नई प्रोन्नति नियमावली नहीं बनाने का यह परिणाम है। उक्त बातें अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के पदधारियों ने कही। संघ ने नई प्रोन्नति नियमावली बनाने की कार्रवाई शुरू करने की मांग की है। संघ के अधिकारियों का कहना है कि 2015-16 में प्राथमिक कक्षाओं के लिए नियुक्त शिक्षकों के उच्चतर प्राथमिक शिक्षक के पद पर प्रोन्नति के लिए सेवा में आने एवं अनुभव के बाद दोबारा 6 से 8 की शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने का निर्देश शिक्षा सचिव ने मार्गदर्शन में दिया है। झारखंड शिक्षक नियुक्ति नियमावली-2012 में नियुक्ति की शर्तें बदली, पदसोपन बदले, लेकिन इन बदली हुई शर्तों एवं पदसोपन के आलोक इनके लिए कोई नई या संशोधित प्रोन्नति नियमावली नहीं बनाई गई। इसका दुष्परिणाम 2015-16 में नियुक्त कक्षा 1 से 5 के शिक्षकों को भुगतने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

**यह निष्पक्ष निर्णय नहीं**

वर्ष 2012 से पूर्व के कार्यरत पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) के डीपीई की प्रशैक्षणिक योग्यता को स्नातक प्रशिक्षित पद के लिए उनके सेवा अनुभव के आधार पर ही मान्य किया गया था। उस वक्त उनके लिए यह बाध्यकारी नहीं किया गया कि उन्हें बीएड होना ही होगा। इसी प्रकार 1 से 5 के टेट उत्तीर्ण कर शिक्षक बने शिक्षकों को 6 से 8 के पदों पर प्रोन्नति के लिए फिर से टेट उत्तीर्णता की बाध्यता निष्पक्ष निर्णय नहीं कहा जा सकता। आश्चर्य का विषय तो यह है कि इन शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए ऐसा कोई उपबंध है ही नही।

**नई प्रोन्नति नियमावली बने**

कमेटी ने नियमावली-2012 के आलोक में नई प्रोन्नति नियमावली बनाने की सुस्पष्ट अनुशंसा भी की, लेकिन अग्रेतर विभाग ने इस और कोई तत्परता नहीं दिखाई। इसके कारण 1 से 5 के शिक्षकों को भी दंश झेलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इसलिए संघ की मांग है कि विभाग तत्काल नियमावली-2012 के आलोक में नई प्रोन्नति नियमावली बनाने की कार्रवाई शुरू करे।

#### दोबारा उत्तीर्ण करने की बाध्यता थोपना उचित नहीं

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ इसे शिक्षकों को मानसिक प्रताड़ना देने वाला कदम मानता है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप कुमार केसरी, महासचिव राम मूर्ति ठाकुर, प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा है कि जब ये शिक्षक अपने संवर्ग के मूल कोटि में सेवा में आने के बाद लंबे वर्षों की सेवा अनुभव प्राप्त कर लेते हैं, तो उन्हे दोबारा शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की बाध्यता कैसे थोपी जा सकती है।

#### समस्या की मुख्य वजह

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने 2015 में ही तत्कालीन शिक्षा सचिव को नई नियुक्ति नियमावली से उत्पन्न प्रोन्नति की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया था। नई नियमावली बनाने की मांग की थी, जिसके आलोक में वित और कार्मिक विभाग के साथ तत्कालीन शिक्षा सचिव ने कमेटी बनाकर विचार किया।

## नक्सलियों ने ट्रांसपोर्टरों को सुरक्षाबलों की मदद न करने की दी चेतावनी

# कहा- पहले भी भुगतना पड़ा है खामियाजा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कोल्हान में सुरक्षाबलों के लिए अनाज और दूसरे तरह के सामान ढोने के लिए अपने मालवाहक वाहन उपलब्ध करवाने वाले ट्रांसपोर्टर्स को लेकर नक्सलियों ने चेतावनी जारी की है। उन्हें सुरक्षा बलों से दूर रहने के लिए कहा गया है। नक्सलियों ने एक पत्र जारी कर वाहन मालिकों को यह चेतावनी दी है। उनका कहना है कि अगर सुरक्षा बलों के सामान ढोने के समय उनके वाहन लैंडमाइंस के शिकार होते हैं तो उसके लिए वे खुद जिम्मेदार होंगे।

भाकपा माओवादियों के दक्षिणी जोनल कमेटी के प्रवक्ता अशोक ने एक पत्र जारी किया है। पत्र में अशोक ने 15 दिसंबर 2022, 18 जनवरी 2023 और 17 अप्रैल 2023 को दक्षिणी जोनल कमेटी की तरफ से ग्रामीण जनता को बूबी ट्रैप माइंस से सावधान करने के लिए कहा था। इसके अलावा यात्री वाहन के मालिकों से पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को ना ढोने और ना ही अपनी गाड़ी देने के लिए कहा गया था। शाम 6:00 बजे के बाद सुबह 6:00 बजे के पहले तक जंगली इलाकों से गुजरने वाले रोड पर न चलने की चेतावनी भी दी गई थी। पत्र में लिखा गया है कि उनकी चेतावनी के बाद भी प्रतिक्रियावादी तत्व, पुलिस मुखबिर और पुलिस के बहकावे में आकर कुछ लोग कमेटी की अपील और निर्देश की अवहेलना कर मनमाने ढंग से जंगल में घुसे। जिसकी वजह से बूबी ट्रैप माइंस में फंसकर उनकी जान चली गई, कुछ लोग घायल भी हुए। इन सभी वारदातों के लिए कहीं से भी संगठन जिम्मेदार नहीं है क्योंकि इसके लिए उन्हें पूर्व में चेतावनी जारी की गई थी।

माओवादी प्रवक्ता के अनुसार एक बार फिर से संगठन की तरफ से ग्रामीणों के लिए पत्र जारी किया गया ताकि आगे वे पुलिस की मदद ना करें। इसके बावजूद अगर वह अपने वाहनों में पुलिस कर्मियों को बैठाते हैं या उनके सामान को ढोते हैं तो वे अपनी सुरक्षा को लेकर खुद जिम्मेदार होंगे। पिछले 11 महीने के दौरान झारखंड के कोल्हान में पुलिस और नक्सलियों के बीच चल रहे वार में 16 ग्रामीणों की जान जा चुकी है। यही वजह है कि ग्रामीण भी अब नक्सलियों से दूर हो रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को अपनी तरफ करने के लिए पत्र में कई तरह की बातें लिखी गई है। पत्र में लिखा गया है कि संगठन के दुश्मन गाड़ी चालक खलासी और ग्रामीण नहीं हैं।

नक्सलियों ने पत्र में यह भी लिखा है कि उनके निशाने पर अर्धसैनिक बल के आम जवान भी नहीं हैं। कोल्हान को नक्सलियों से मुक्त करवाने के लिए जिस तरह से एक अघोषित लड़ाई लड़ी जा रही है, वह उसका विरोध कर रहे हैं। कोल्हान को नक्सली मुक्त करवाने के नाम पर पुलिस के द्वारा अत्याचार किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री जातीय जनगणना के मुद्दे पर राज्य की जनता को बरगलाना बंद करें : सुदेश महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक हरमू स्थित केंद्रीय कार्यलय में रविवार को केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई और पार्टी के भावी केंद्रीय समिति का स्वरूप तय किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पार्टी के केंद्रीय समिति में 50 प्रतिशत युवा सदस्य होंगे जिनकी उम्र 40 वर्ष से कम होगी। इसके साथ ही समिति में 30 प्रतिशत महिला पदाधिकारी भी होंगी। सामाजिक भागीदारी सुनि>ित करने के लिए राज्य के आबादी के आधार पर केंद्रीय समिति में पदाधिकारियों को स्थान दिया जाएगा। राज्य के सभी प्रखंड और नगर निकाय से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने वाले कम से कम एक महिला एवं एक पुरुष केंद्रीय समिति में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।

महाधिवेशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के बड़ी आबादी पर महाधिवेशन का साकारत्मक असर है।

इस दौरान सुदेश महतो ने जातीय जनगणना को लेकर सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जातीय जनगणना के मुद्दे पर राज्य की जनता को चिट्ठी लिख कर और अन्य तरीके से बरगलाना बंद करे और जल्द से जल्द जातीय जनगणना करवाएं। जातीय जनगणना इस राज्य में रहने वाले हर वर्ग के लोगों के लिए बहुत आवश्यक है। इसके आधार पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं, जिससे अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति का भी विकास हो पाए। बैठक में पार्टी के सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, जिला परषिद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभी जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रमुख नेता मौजूद थे।

## राज्य के चार विभागों में होगी 863 पदों पर कंप्यूटर ऑपरेटर और एलडीसी की नियुक्ति



**रांची।** झारखंड के चार विभागों के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर, स्टेनो, निम्नर्गीय लिपिक, लेखा लिपिक की बहाली की होगी। कार्मिक विभाग की अनुशंसा पर नगर विकास विभाग, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग और उच्च शिक्षा एवं तकनीकी कौशल विभाग व पॉलीटेकनिक में ये बहालियां होंगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 863 रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए वेंकेसी जारी की है।

इसके लिए आयोग ने विज्ञापन संख्या 15, 2023 से झारखंड इंटरमीडिएट स्तर, कंप्यूटर ज्ञान एवं कंप्यूटर में हिंदी टंकण अर्हता धारक पद के लिए संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 नियमित भर्ती जारी किया है।आवेदकों से आवेदन मांगे हैं। आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटर और न्यूनतम उम्र 18 वर्ष रखी गयी है। आवेदन शुल्क सामान्य के लिए 100 रुपये से 50 रुपये तक रखा गया है। रिक्तियां आरक्षण के अनुसार जारी की गयी है।

## चार साल से लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे मुख्य सचिव

**रांची।** झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह 10 अक्टूबर मंगलवार को चार साल से लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे। इसे लेकर मुख्य सचिव कार्यालय ने गृह सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में कहा गया है कि मुख्य सचिव चार साल व इससे अधिक समय से लंबित कांडों की समीक्षा जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी,सभी जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। इससे पहले बीते पांच अक्टूबर को एडीजी अभियान ने जिले के एसएसपी और एसपी के साथ चार से लंबित कांडों की समीक्षा की थी।लंबे समय से लंबित केस के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन और अनुवीक्षण समिति बनायी गयी है। इस समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर और उपाध्यक्ष, आईजी और सीआईडी असीम विक्रांत मिंज को बनाया गया है।

# झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेश हो सकता है अवैध भवनों को नियमित करने का विधेयक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के शहरी निकायों में अवैध नक्शे पर बने 7 लाख से अधिक भवनों के नियमितिकरण में अभी और वक्त लगेगा। उम्मीद जताई जा रही है कि झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इससे संबंधित विधेयक लाया जा सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवंबर 2022 में ही शहरी निकायों में 31 दिसंबर 2019 के पहले बने अवैध भवनों को नियमित करने की योजना के ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी थी। इसके बाद नगर विकास विभाग ने इस ड्राफ्ट और बेहतर बनाने के लिए एक कमेटी बनाई। उस कमेटी ने प्रारूप पर स्टेक होल्डर्स और आम लोगों की राय और आपत्ति मांगी थी। 2022 में ही स्टेक होल्डर्स ने आपत्ति दर्ज करा दी थी। वहीं कमेटी ने ओडिशा, मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों के ड्राफ्ट का अध्ययन किया। अब कमेटी तेलंगाना मॉडल की स्टडी कर रही है। इसके लिए हैदराबाद से डॉक्यूमेंट मंगाये गये हैं।

**2012 के बाद खरीदी गयी अधिकांश जमीनों में बिना नक्शे के बने भवन :** 2012 में 51 पिछड़ी जाति को सीएनटी एक्ट में शामिल किया गया था। शहरी निकायों में काफी जमीन 2012 के बाद खरीदे गये थे। सीएनटी में आने के कारण इन जमीनों की न रसीद कटती है और न म्यूटेशन होता है। 75 फीसदी लोगों का नक्शा भूमि संबंधी मामले के कारण पास नहीं हुआ है। ऐसे मकानों को नियमित करने के लिए कई पेपर्स की जरूरत है, जो मकान मालिकों के पास नहीं है। ऐसे में इन मकानों को नियमित करने के लिए मिनिमम लैंड पेपर्स देने की छूट पर विचार किया जा रहा है।

**इन सुझावों पर भी विचार कर रही कमेटी :** स्टेक होल्डर्स ने सुझाव दिया है कि जिन भवनों की उंचाई 15 मीटर से अधिक और 500 स्क्वायर मीटर प्लिंथ एरिया से ज्यादा है, उसका भी शुल्क के साथ नियमितिकरण का प्रावधान किया जाना चाहिए। 15 मीटर से अधिक ऊंचे और 500 स्क्वायर मीटर से अधिक प्लिंथ एरिया वाले रेसिडेंशियल बिल्डिंग को नगर निगम क्षेत्र में 100, नगर परिषद में 75 और नगर पंयायत में 50 रुपये प्रति स्क्वायर मीटर की फीस लेकर रेगुलर किया जाना चाहिए। कमेटी इन सुझावों पर भी विचार कर रही है।

#### चैंबर को सरकार ने दिया है आश्वासन

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री और उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने इसे लेकर वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव से भी मुलाकात की। किशोर मंत्री ने बताया कि मंत्री ने कहा है कि सरकार इसे लेकर गंभीर है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में ही इसे लाने की तैयारी है। उन्होंने यह भी बताया कि विभागीय सचिव विनय चौबे ने कहा है कि तेलंगाना मॉडल का अध्ययन करने के बाद प्रारूप को फाइनल किया जाएगा। वहीं चैंबर ऑफ कॉमर्स ने शहरों में सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर बने 75 फीसदी भवनों को नियमित करने के लिए बीच का रास्ता सुझाया है। साथ ही सिंगल विंडो सिस्टम से इस योजना को लागू करने का सुझाव भी दिया है।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
09.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, दशमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 89



12 कंगना रनौत की फिल्म तेजस का ट्रेलर रिलीज

## गोल्डन सिक्स के साथ जीता भारत



### ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से रौंद वर्ल्ड कप की शुरुआत

**चेन्नई।** खराब शुरुआत के बाद स्टार खिलाड़ी केएल राहुल के (नाबाद 97) और विराट कोहली (85) की बेहतरीन पारी के दम पर भारत ने वर्ल्ड कप के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से रौंद करअपने अभियान की शानदार शुरुआत की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को जीत के लिए 200 रन का लक्ष्य दिया था। भारत ने 4 विकेट पर 41.2 ओवर में 201 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। विजयी छक्का केएल राहुल ने जड़ा। बेहतरीन पारी पारी खेलने के चलते केएल राहुल को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

### प्लेयर ऑफ दी मैच राहुल ने छक्का उड़ा कर दिलायी जीत

केएल राहुल ने 115 गेंदों में दो छक्के और 8 चौकों की मदद से नाबाद 97 रन बनाये। विराट कोहली ने 116 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 85 रन की शानदार पारी खेली। कुल दो रनके स्को पर ही कप्तान रोहित शर्मा, इशान किशन और श्रेयस अय्यर शून्य पर आउट हो गये थे। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिये।

भारत का अगला मैच 11 को अफगानिस्तान के खिलाफ दोपहर दो बजे से अरुण जेटली स्टेडियम दिल्ली में

## कोयलाकर्मियों की बल्ले-बल्ले

# कामगारों को मिलेगा 85 हजार रुपये बोनस

- 21 अक्टूबर से पहले कर दिया जायेगा भुगतान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोल इंडिया, उसकी सहायक कंपनियों और एससीसीएल में कार्यरत साढ़े तीन लाख से अधिक कामगारों के लिए खुशखबरी सामने आ गयी। इस साल कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों को 85 हजार रुपये बोनस मिलेगा। दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में मिलने वाले वार्षिक बोनस की राशि तय करने को कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) और यूनियनों के नेताओं के बीच रविवार को नयी दिल्ली में लंबी बातचीत हुई। बैठक में 85,000 के बोनस पर यूनियन और प्रबंधन के बीच सहमति बन गयी। समझौते के मुताबिक बोनस का भुगतान 21 अक्टूबर से पहले कर दिया जायेगा। पिछले वर्ष 76500 रुपये बोनस मिला था। इस लिहाज से इस साल कामगारों के बोनस में 8,500 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। (शेष पेज 11 पर)

**अब तक मिले बोनस**

| वर्ष - रुपये | |
|---|---|
| 2014 - 40,000 | 2019 - 64,700 |
| 2015 -48,500 | 2020 - 68,500 |
| 2016 - 54,000 | 2021- 72,500 |
| 2017- 57,000 | 2022- 76,500 |
| 2018 - 60,500 | 2023- 85,000 |

# बेकाबू ट्रक ने दो चचेरे भाइयों को रौंदा, मौत

- एक अन्य बच्चा भी गंभीर रूप से घायल
- सड़क किनारे खेलने के दौरान हुआ हादसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका/ रांची।** उपराजधानी दुमका में एक बेकाबू ट्रक ने तीन बच्चों को कुचल दिया। दो बच्चों ने मौके पर दी दम तोड़ दिया। वहीं तीसरे बच्चे की हालत गंभीर है। दोनों मृतक बच्चे ध्रुवराज नाग और सोमनाथ नाग चचेरे भाई थे। बच्चों की मौत से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। हादसा मसलिया थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार की है। ये तीनों बच्चे सड़क के किनारे खेल रहे थे। उसी दौरान अनियंत्रित ट्रक ने तीनों को बच्चों को रौंद दिया। हादसे के बाद ट्रक भी पलट गया। चालक भी घायल हो गया। आक्रोशित लोगों ने ट्रक चालक की जमकर पिटाई कर दी। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सांख्यिकी पदाधिकारी की सड़क हादसे में मौत

**दुमका।** जिले में ही एक अन्य सड़क हादसे में सड़क हादसे में जामताड़ा जिला के सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी गंगाराम मरांडी की मौत हो गयी। हादसा जरमुंडी थाना क्षेत्र में हुआ। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार के कारण ये हादसा हुआ। श्री मरांडी, बाइक से बासुकीनाथ - नोनीहाट हो अपने घर बेनुकट्टा गांव जा रहे थे। इसी दौरान एक घुमावदार मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित सड़क किनारे पेड़ से जा टकरा गयी। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। उनकी जेब में मिले परिचयपत्र से उनकी पहचान हुई।

## न्यूज डायरी

### सीएम की मां की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन की तबीयत बिगड़ गयी है। उन्हें रांची बरियातू के हिल व्यू हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार रूपी सोरेन को सांस संबंधी समस्या होने के बाद शनिवार देर रात अस्पताल में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बतायी है।

### भूकंप से मरने वालों की संख्या 2,000 के पार

**हेरात।** पश्चिमी अफगानिस्तान में शनिवार को आये शक्तिशाली भूकंप से मरने वालों की संख्या दो हजार से अधिक हो गयी है। मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। तालिबान सरकार ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

### धनबाद : जोरदार आवाज के साथ पांच घर जमींदोज

**धनबाद।** सिजुआ बीसीसीएल क्षेत्र के अग्निप्रभावित क्षेत्र जोगता 11 नंबर में रविवार अहले सुबह जोरदार आवाज के साथ पांच घर जमींदोज हो गये। हालांकि इसमें सभी पांच परिवार के परिजन बाल-बाल बच गये। घटना के बाद यहां अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### मुख्य सचिव करेंगे लंबित कांडों की समीक्षा

**रांची।** मुख्य सचिव सुखदेव सिंह 10 अक्टूबर को चार साल से लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे। इसको लेकर मुख्य सचिव कार्यालय ने गृह सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि मुख्य सचिव चार साल और इससे अधिक समय से लंबित कांडों की समीक्षा जोनल आइजी, रेंज के डीआइजी, सभी जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से करेंगे।

### हजारीबाग : महिला ने लगायी फांसी, मौत

**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड के भुसवा गांव की अख्तरी खातून (22) ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने कहा कि तीन वर्ष पूर्व अख्तरी का निकाह एहसान अंसारी से हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद से ही उसे दहेज और बच्चा नहीं होने के कारण दवाब मिलता था, जिससे उसने विवश होकर वह शनिवार रात फांसी लगा ली।

### 35 अज्ञात शवों का सामूहिक दाह संस्कार

**रांची।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 35 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। संस्था के सदस्य रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकाल पैक कर जुमार नदी के तट पर लेकर गये। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




## इजराइल का बड़ा एक्शन, सैकड़ों आतंकवादी ढेर, बंधक

# संघर्ष में 600 से अधिक मारे गये

**एजेंसी**

**तेल अवीव/गाजा।** इजरायली सेना और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच लड़ाई में 600 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। दोनों में लड़ाई तेज होती जा रही है। इस बीच इजराइल और हमास के बीच संघर्ष में हिजबुल्लाह भी कूद गया है। इसने रविवार सुबह लेबनान सीमा पर इजरायली सैन्य स्थलों पर मोर्टार और गोले दागे। इसमें कई लोगों के घायल होने की खबर है। खबरों के अनुसार इजराइल में रह रहे सभी भारतीय सुरक्षित हैं। वे दूतावास के संपर्क में हैं।

**जोरदार पलटवार :** वहीं तेल अवीव में इजराइली सेना के एक अधिकारी ने कहा कि गाजा और दक्षिणी इजराइल में हमास के साथ जारी लड़ाई में सैकड़ों आतंकवादी मारे गये और अनेक को बंधक बना लिया गया है। रियर एडमिरल डेनियल हेगारी ने फिलीस्तीनी आतंकवादी समूह द्वारा इजराइल पर अप्रत्याशित हमला किये जाने, सैकड़ों लोगों की हत्या करने और कई लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले जाने के 24 घंटे से अधिक समय बाद रविवार को पत्रकारों के साथ बातचीत में यह जानकारी दी। इजराइल ने गाजा में हवाई हमलों में कई इमारतों और आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया है। (शेष पेज 11 पर)



### अबतक का सबसे बड़ा हमला

इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से तुर्की में इजराइल के दूतावास ने कहा, इजराइल में भी 300 नागरिक मारे गये हैं और दर्जनों इजराइलियों को बंधक बना लिया गया है। अबतक के सबसे बड़े हमले में हमास ने शनिवार को गाजा पट्टी से यहूदी राज्य की ओर मिसाइलों की बौछारें कर दी थी। हमले की शुरुआत इजराइल पर 2,000 से अधिक रॉकेट दागे जाने से हुई।

### उर्स मेला : बीएमपी-जैप जवानों ने की चादरपोशी

**रांची।** राजधानी के डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा के 216वें सालाना उर्स पर रविवार को भी चादरपोशी का सिलसिला चलता रहा। सभी वर्गों के लोगों में रिसालदार बाबा के प्रति गहरी आस्था है। उर्स मेला के चौथे दिन झारखंड सशस्त्र बल और बिहार के बीएमपी के 200 से अधिक जवानों ने अपनी पलटन के साथ शाह बाबा को सलामी देते हुए चादरपोशी की। गोरखा बटालियन भी परंपरा का निर्वहन वर्षों से करती आ रही है।

# साल में दो बार बोर्ड परीक्षा देना अनिवार्य नहीं : मंत्री

## 10वीं, 12वीं की परीक्षा दो बार होगी, बच्चे विकल्प चुन सकेंगे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि विद्यार्थियों के लिए कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा में साल में दो बार शामिल होना अनिवार्य नहीं होगा। विद्यार्थियों के पास इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेइइ की तरह ही साल में दो बार कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा में बैठने का विकल्प होगा। वे परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर चुन सकते हैं...,लेकिन यह पूरी तरह से वैकल्पिक होगा, इसे लेकर कोई बाध्यता नहीं होगी। एकल अवसर के डर से होने वाले तनाव को कम करने के उद्देश्य से यह विकल्प पेश किया जा रहा है। श्री प्रधान एक साक्षात्कार में बोल रहे थे।

**बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार होंगी :** उन्होंने कहा कि यदि किसी विद्यार्थी को लगता है कि वह पूरी तरह से तैयार है और परीक्षा के पहले सेट में प्राप्तांक से संतुष्ट है, तो वह अगली परीक्षा में शामिल न होने का विकल्प चुन सकता है तथा कुछ भी अनिवार्य नहीं होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा अगस्त में घोषित न्नयी पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) के अनुसार, बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जायेंगी, ताकि विद्यार्थियों के पास अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त समय और अवसर हो तथा उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाये रखने का विकल्प मिले। साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने की योजना पर उन्हें विद्यार्थियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। (शेष पेज 1 पर)

# चेशायर होमः खाता नं 37 की जमाबंदी रद्द करने का आदेश

## विष्णु अग्रवाल के नाम बड़गाई अंचल ने किया था म्यूटेशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बड़गाई अंचल के गाड़ी मौजा स्थित खाता संख्या 37 की जिस 1 एकड़ जमीन की खरीदारी व्यवसायी विष्णु अग्रवाल ने की थी, उसकी जमाबंदी रद्द करने का आदेश रांची के एलआरडीसी ने दिया है। व्यवसायी विष्णु अग्रवाल द्वारा खरीदी गयी जमीन की बड़गाईं अंचल ने उनके नाम से जमाबंदी कायम कर दी थी। ईडी के अधिकारी भी चेशायर होम रोड के खाता नंबर 37 के भूमि घोटाले की जांच कर रहे हैं।

**कई दावेदार सामने आये :** उल्लेखनीय है कि चेशायर होम रोड स्थित इस भूखंड की डील प्रेम प्रकाश के करीबी पुनीत भार्गव ने विष्णु अग्रवाल से की थी। डील के बाद इस जमीन के तीन दावेदार सामने आ चुके हैं। पहले दावेदार उमेश गोप हैं, जो खुद को इस भूमि का असली मालिक बता रहे हैं। दूसरे दावेदार लखन सिंह हैं, जिनके पिता काली राम सिंह हैं। लखन सिंह के नाम से बने दस्तावेज कोलकाता के रिकॉर्ड रूम में मौजूद हैं, जो संदेहास्पद हैं। तीसरे दावेदार राजेश राय हैं, जिनके पिता जगदीश राय हैं। पुनीत भार्गव ने इनसे ही जमीन की रजिस्ट्री करायी थी। (शेष पेज 11 पर)

### जमाबंदी को दी गयी थी चुनौती

विष्णु अग्रवाल के नाम पर जमाबंदी कायम करने के आदेश को एलआरडीसी (भूमि उपसमाहर्ता) के कोर्ट में चुनौती दी गयी थी। जमीन का खतियानी मालिक होने का दावा करनेवाले उमेश गोप ने जमाबंदी खारिज करने की अपील की थी। खाता संख्या 37 की 60 कट्ठा जमीन पर अपना दावा करने वाले सभी पक्षों ने अपने कागजात एलआडीसी के समक्ष पेश किये। करीब एक वर्ष से ज्यादा समय तक यह मामला एलआरडीसी कोर्ट में चला। सभी पक्षों को सुनने के बाद एलआरडीसी कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल के नाम जमाबंदी को रद्द करने का आदेश दिया है। आदेश की प्रतिलिपि बड़गाईं सीओ को भी भेज दी गयी है।



## स्पीड न्यूज

### दलित समाज की लड़की से शादी का झांसा देकर बनाया यौन संबंध

**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के एक गांव में अंतर जातीय प्रेम प्रसंग व बाद में जातीय पड़ताड़ना का मामला प्रकाश में आया हैं । इस सबन्ध में 19 वर्षीय पीड़िता ने हुसैनाबाद महिला एवं बाल संरक्षण थाना में एक लिखित शिकायत किया हैं ,जिसमे कहा गया हैं कि मेरे ही गांव के छोटू सिंह उर्फ ओम प्रकाश सिंह,उम्र 21 वर्ष पिता केदार सिंह के द्वारा जब मैं कोचिंग पढ़ने आती थी तब मेरा पीछा करता था और वह मेरी सहेली के माध्यम से धीरे धीरे मेरे नजदीक आ गया । इसके बाद प्यार करने और शादी करने की झांसा देकर मुझसे कई बार शारीरिक सबन्ध बनाया । जब मैं इसका विरोध की तो उसने 29,अक्टूबर 2022 को मेरे मांग में सिंदूर भर दिया और मुझे बहला फुसला कर मुझसे सबन्ध बनाया । आगे उसने बंगलोर, जपला आदि कई जगहों पर शारीरिक सबन्ध बनाने की खुलासा की और बाद में जब मैं उससे उसके घर जाने की बात कि तो उसने मेरे घर पर लाकर छोड़ दिया । जब मेरे माता पिता व अन्य लोगो ने उसके घर पर पूछने गए तो लड़का के पिता केदारनाथ सिंह पिता ,स्व०रामा सिंह,एवं भाई मिथिलेश सिंह एवं पवन सिंह एवं गांव के धर्मेंद्र सिंह ,रिशु सिंह,सभी लोग उल्टा गली गलौज किया । चमार जाति एवं हरिजन से शादी नामंजूर करने की बात करने लगे और अब लड़का अपना फोंन बन्द कर फरार हैं।

### नवनिर्माण संघर्ष मोर्चा कल देगा धरना

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमण्डल में विभिन्न मूलभूत समस्याओं को लेकर हुसैनाबाद नवनिर्माण संघर्ष मोर्चा 10 अक्टूबर स्थानीय जेपी चौक पर एक दिवसीय धरना देगा। इस आशय की जानकारी संगठन के सचिव अवधेश सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से इस अनुमण्डल में शिक्षा व किसानों की समुचित विकास नही हुआ हैं इस लिए यहां की मूलभूत समस्याओं से सरकार व प्रतिनिधियों को अवगत कराने के लिए 10 अक्टूबर को 11 से धरना कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें हुसैनाबाद में इंजीनियरिंग,व ए के सिंह डिग्री कॉलेज को अंगीभूत करने,देवरी सोन नदी पर पुल निर्माण कराने, उतर कोयलनहर परियोजना को पूर्ण कराने, सोन नदी से किसानों की सिंचाई,अधौरा माइनर,हुसैनाबाद अनुमण्डल क्षेत्र के सभी ग्रामीण सड़को का अभिलम्भ निर्माण कराने दंगवार में बिजली ग्रिड निर्माण करने,म्यूटेशन व सर्वे में हुई गड़बड़ी को सुधारने मोहम्मद गंज से दंगवार तक सोन नदी के गाईडवाल बनाने विस्थापित किसानों की मुवाबजा राशी देने ,नदियों से बालू निकासी की जिम्मेदारी पंचायत स्तर पर करने हुसैनाबाद के विभिन्न कार्यालयों में भ्रष्टार्चार व लूट को बंद कराने समेत कुल 9 सूत्री मांग शामिल है।

### वुशु विजेताओं का सर्टिफिकेट वितरण समारोह संपन्न

**विश्रामपूर पलामू।** जिला वुशु विजेताओ का सर्टिफिकेट वितरण समारोह वुशू एशोसिएशन अध्यक्ष रमेश चन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। बी मोड़ विद्यालय में कांस्य पदक मुन्नी कुमारी और संजिवनी कुमारी को दिया गया। सनातन विद्या निकेतन गोदरमा में स्वर्ण पदक विकास कुमार यादव, प्रिंस कुम, अलोक कुमार ,रोहित कुमार, अराध्या तिवारी को दिया गया, बीसीपीसी चंद्रवंशी विद्यालय नवाडीह–वफा आलम, रिशू सिंह, अनामिका मिंज, मुस्कान गिरी, मोहित गिरी, कांस्य पदक लाए। जनता +2 हाईस्कूल में स्वर्ण पदक ओम शिवांकर, अमर कुमार, कांस्यपदक रंजीत पाल, सुनिल कुमार– विश्रामपुर अध्यक्ष डाक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी और सचिव डाक्टर नजरूल हक एवं राष्ट्रीय कोच खेलो डण्डिया खेलो झारखण्ड डा० अज्जो सिद्धिकी के तरफ से बधाई दी गई। वुशु सर्टिफिकेट वितरण को सफल बनाने में जीडीसीएस प्रिंसिपल एस पी पांडेय, सनातन विद्या निकेतन डायरेक्टर धनंजय पांडेय ,प्रिंसिपल बारोजन, बीसीपीएस चंद्रवंशी विद्यालय प्रिंसिपल पी सी मन्ना , आर के+2 जनता हाई स्कूल के प्रिंसिपल भोला , प्रभारी अरुण का भरपूर योगदान रहा है।

### जिप सदस्य अंजू ने किया विद्यालय वर्ग कक्ष के निर्माण का शिलान्यास

**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड अंतर्गत गोडाडीह पंचायत के भाली गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में डी एम एफ टी मद से जिला परिषद के द्वारा चार कमरा भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को जिला पार्षद अंजू देवी के प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह और मुखिया शोभा देवी ने नारियल फोड़कर किये। इस मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान,उपाध्यक्ष अजित कुमार सिंह,सदस्य उदय सिंह,रविन्द्र सिंह,अर्जुन यादव,रुद्रा सिंह,दीपक सिंह,नेहाल अहमद,अमरेन्द्र पाल, असरेश यादव,अनिल सिंह,रामजी यादव,विभीषण शर्मा, कुंदन सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### देवी गीत को श्रोताओं से मिल रहे प्यार से हूं अभिभूत : राजा

नौडीहा बजार पलामू। भोजपुरी गायक सह अभिनेता अंकुश राजा के इस साल नवरात्र के शुरूआत होने से पहले आये देवी गीत स्वर्ग से चले महारानी आते ही एक दिन में दर्शकों ने खुब प्यार दुलार इस गीत को दे रहे हैं । अलबम आते के साथ ही दो मिलियन पार कर गई है । अंकुश राजा ने आज बताया कि इस गीत मे काफी दर्शक को प्यार दुलार मील रहा है । इसका शुटिंग बनारस में किया गया है । इस एलबम माई और भक्त से संबंधित गाया गया है कि एक भक्त कैसे मां को पुकारते हैं और मां भी भक्त पुकार सुनकर आ जाती है । इसी तरह से एक से एक बढ़कर और देवी गीत रहा है । वहीं अंकुश राजा ने कहा है कि मेरे लगातार यह सोच रहता है कि अच्छा अच्छा गीत गाया जायें और इसका फायदा भी मुझे मिल रहा है । दर्शक मुझे काफी मान सम्मान देते हैं। वहीं अंकुश राजा ने झारखंड के रांची और पतरातु पलामू जिले भी अपने फिल्म के शुटिंग पर चर्चा किया। कहा कि झारखंड जल्द ही शुटिंग किया जायेगा ।

### सार्वजनिक दुर्गा मंडप गढ़ मुहल्ला में पंडाल का निर्माण शुरू

**बिश्रामपुर पलामू।** सार्वजनिक दुर्गा मंडप गढ़ मुहल्ला बिश्रामपुर में पंडाल निमार्ण कार्य शुरू हो गया है। इससे पहले नप पार्षद पूनम देवी ने विधिवत पूजा अर्चना कर शुरूआत की। पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश केशरी ने बताया कि इस बार का पूजा पंडाल सबसे अलग होगा जो बिश्रामपुर का आकर्षण केंद्र बनेगा मौके पर समाज सेवी विजय कुमार रवि, ,उपाध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी , कोषाध्यक्ष आनंद राज,जयंत चौहान,सचिव विकाश कुमार,राहुल कुमार,रवि कुमार,सूचित कुमार,विशाल कुमार,मोहित कुमार,गजेंद्र कुमार,सुनील कुमार,अंकित कुमार,राजा कुमार,अंशु कुमार सहित कई लोग पूजा पंडाल निर्माण में लगे हैं।

### जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन पर खनन विभाग की कार्रवाई जारी

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ जिला खनन टास्क फोर्स ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। जिला खनन पदाधिकारी शनिवार को पांकी पहुंचे एवं पुलिस और वन विभाग के साथ संयुक्त रूप से अति सुदरवर्ती क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध रूप से थाना क्षेत्र के मौजा हेडुम एवं मौजा गरीहारा में संचालित हो रहे क्रशर को सील किया एवं क्रशर में 12 सौ घनफिट चिप्स एवं 8 सौ घनफिट बोल्डर को जप्त करते हुए नामजद क्रशर संचालक,वाहन मालिक,चालक एवं भंडारणकर्ता के खिलाफ पांकी थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी। डीएमओ सहायक उप निरीक्षक भोला राम एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी संजीव चौधरी खनन टास्क फोर्स के साथ थाना क्षेत्र के हेडुम एवं मौजा गरीहारा में छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में पाया कि बिना अनुज्ञप्ति के क्रशर संचालित किया जा रहा है,क्रशर संचालित करने की जानकारी प्राप्त की तो बताया गया कि क्रशर व्यास यादव,पिता राजेश यादव एवं अजय यादव का है जिसके उपरांत अविलंब कार्रवाई करते हुए क्रशर में रखे गए 12 सौ घनफिट चिप्स एवं 8 सौ घनफिट बोल्डर को जप्त करते हुए क्रशर को सील कर दिया । साथ ही क्रशर संचालक व्यास यादव एवं अजय यादव समेत वाहन मालिक, चालक एवं भंडारणकर्ता पर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी । साथ ही संलिप्त व्यक्तियों को अविलंब चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया।

---

### शौर्य जागरण यात्रा को विधायक ने झंडा दिखाकर किया रवाना
# सनातन धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं : डॉ. शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबर पलामू।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा देशव्यापी शौर्य जागरण यात्रा निकाली जा रही है। इसके तहत पलामू जिला के विभिन्न प्रखंड व पंचायतों से यात्रा को निकालने का काम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस से शौर्य जागरण यात्रा निकाली गई। जिसे विधायक डा शशिभूषण मेहता ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। जो रांची के जगन्नथपुर पहुंचेगी। इस मौके पर काफी संख्या में सनातनी लोग मौजूद थे। जिन्होंने विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उपस्थित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम, एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम जय श्रीराम के उदघोष कर क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। कार्यकर्ताओं को उत्साह में उर्जा का संचार करते हुए विधायक ने भी गर्मजोशी के साथ जय श्रीराम के नारे लगाये। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सनातन धर्म एक ऐसा धर्म है जो सभी जीव जंतु व प्राणियों पर दया व त्याग का भाव रखता है। सनातन धर्म में पूरा ब्रह्मांड समाहित है। इस धर्म के बिना किसी कार्य की सफलता की कल्पना करना व्यर्थ साबित होता है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत वर्ष में किसी भी पूजा पाठ व अनुष्ठान की शुरूआत करने से पूर्व हम सभी सनातनी धरती माता व भगवान गणेश का पूजन करने के बाद ही प्रारंभ करते हैं। सनातन धर्म एक ऐसा धर्म है जो सभी के प्रति आदर भाव का मार्गदर्शन देता है। डा मेहता ने कहा कि आज कुछ ऐसे तथाकथित सेकूर्लजिम के लोग समाज में भरे पड़े हैं जो बराबर विद्वेष का भावना फैलाने का काम करते हैं। ऐसे लोग सनातन धर्म के प्रति आलोचना करते हैं। मैं वैसे लोगों को चेतावनी देते हुए आगाह करना चाहता हूं कि अपने हरकतों से बाज आयें वरना सनातनी लोग जब विरोध का बिगुल फूकेंगे तो कहीं टिक नहीं पायेंगे।

# विकास भवन बनने से स्थानीय लोगों को मिलेगा लाभ : रामचंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** नगर परिषद् विश्रामपुर के पांच वार्डों में ढाई करोड़ की लागत से वार्ड विकास भवन निर्माण नगर परिषद द्वारा कराया जाना है। इसे लेकर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शिलान्यास किया। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 04, 11, 12, 13 व 14 में वार्ड विकास भवन बनेगा। मौके पर विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि यह कार्य नगर परिषद् को विकास की दिशा में ले जाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। विकास भवन बन जाने से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। वार्ड की जनता अपनी छोटी छोटी समस्या को लेकर विकास भवन पहुंचेंगे जहां पर संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा समाधान किया जायेगा। यह जनहित में काफी जनोपयोगी है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नगर परिषद बनने के बाद से जिस गति से विकास होना चाहिए और लोगों को मुलभूत सुविधा मिलना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है। इस पर सरकार एवं अधिकारी को ध्यान देने की जरूरत है।

# गरीबों की सेवा करने में सुकून मिलता है : बीडी राम

### सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम राजहरा के दलित बस्ती पहुंचे सांसद, मुसहरों के बीच किया कंबल वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नावाबाजार पलामू।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नावा बाजार मंडल के ग्राम राजहरा के दलीत बस्ती मुसहर टोला में सांसद बिष्णुदयाल राम गरीबों का हाल जानने पहुंचे। सांसद ने बस्ती में जाकर मुसहरों से संपर्क कर उनसे बातचीत की। सांसद ने गरीबों के बीच निःशुल्क कंबल का वितरण किया। मौके पर सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा पिछले नौ साल में शुरू किए गए जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मुसहरों को दिया। उन्होंने कहा कि ठंड आने वाली है इसे देखते हुए जो भी लोग सक्षम है उन्हे दलित और गरीब बस्तियों में जा कर कंबल का वितरण करना चाहिए। दलितों को अपने बच्चो की शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए । उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा पूजा से बढ़कर है।

उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करने में सुकून मिलता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य विभाकार नारायण पांडेय, प्रफुल्ल सिंह , सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, नावा बाजार मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव , नावा बाजार सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी सहित भाजपा के कई गणमान्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# होलीडे को बनाइये सेवा का दिन : दीपक

### रविवार को सुदूरवर्ती गांव में पहुंचा इंडियन रोटी बैंक, बच्चों के बीच पौष्टिक आहार और वस्त्र बांट कर मनाया होली डे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रत्येक रविवार को शहर से निकलकर इंडियन रोटी बैंक सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में सेवादारी कर रही है। इसका प्रमाण दिखा सदर प्रखंड के भूसड़िया स्थित परहिया टोला में। जहां इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप-प्रभारी दीपक तिवारी के निर्देशन में प्रदेश संयोजक साहेब सिंह नामधारी के नेतृत्व में बच्चों के बीच पौष्टिक आहार एवं वस्त्र का वितरण किया। साथ ही जीवन जीने की शैली सुधारने एवं शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। मौके पर दीपक तिवारी ने बताया कि छुट्टी के दिन परिवारिक जीवन जीने वाले परिवार के साथ, समाजिक जीवन जीने वाले समाज में और गरीबों की सेवा करने में आनंद मिलता है। इसी वजह से इंडियन रोटी बैंक हरेक रविवार को शहर से दूर ग्रामीण इलाकों में पिछड़े बस्तीयों में पहुंच कर असहाय, बुजुर्ग, जरूरतमंदों के बीच समय बिताती है। जो अनवरत जारी रहेगा। मौके पर आईआरबी स्टेट कॉर्डिनेटर साहेब सिंह नामधारी ने कहा कि इंडियन रोटी बैंक का सपना है कि कोई भी व्यक्ति भूखा ना सो जाये। समाज सेवा करने को मूर्त रूप देने में इंडियन रोटी बैंक की झारखंड ईकाई जुटी है। साथ ही बताया कि भोजन की बबार्दी नहीं हो इसके लिए भी इंडियन रोटी बैंक की टीम मुहिम चला रही है। इंडियन रोटी बैंक से संपर्क करके जरूरतमंदों का पेट भर सकते हैं। मौके पर प्रदेश उप-संयोजक परवेज अख्तर, पलामू उप-संयोजक राकेश तिवारी मिकू, सक्रिय सदस्य छोटू, ओम गोस्वामी, कृष्णा चंद्रवंशी, सुंदर बिहारी, दक्ष तिवारी समेत सेवा टीम मौजूद थे।

# ग्रामीणों की शिकायत पर एमओ ने की दो पीडीएस दुकानों की जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** ग्रामीणों के शिकायत पर पाटन एमओ सखी चन्द दास ने पाटन के दो पीडीएस दुकानों का जांच किया। एमओ ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा दो महीना से राशन नहीं देने का आरोप दोनों डीलर पर लगाया गया था जिसके आलोक में दुकानों की जांच की गई। जांच में पाल्हे खुर्द के पीडीएस डीलर उमेश शुक्ला के दुकान में चावल गेहूं पर्याप्त मात्रा में पाया गया । चावल 148 पेकेट, गेहूं 30पैकेट एवं ग्रीण 2पैकेट चावल पाया गया । एमओ ने डीलर को तत्काल राशन लाभुकों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया । जांच के दौरान पाटन एमओ मेराल के पीडीएस डीलर ललु सिंह के दुकान पहुंचे। ललु सिंह के दुकान में 53पैकेट चावल ,18पैकेट गेहूं एवं 29पैकेट नमक पाया गया। दुकान में आवंटन के अनुसार काफी कम मात्रा में राशन पाया गया। मौके पर लाभूकों ने एमओ को बताया कि दो माह का राशन डीलर द्वारा नहीं दिया गया है तथा पुर्जी निकाल कर दे दिया गया है । राशन मांगने पर कहा जाता है कि उपर से ही राशन नहीं आया है आयेगा तो मिलेगा ।

# राजा मेदिनी राय का आदर्श सभी समुदायों के लिए आज भी है प्रेरणास्रोत : रामचंद्र सिंह

### राजा मेदिनी राय के वंशजों का तर्पण सह चेरो मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** मेदिनी युवा मंच पलामू प्रमंडल के तत्वाधान में राजा मेदिनी राय के वंशजों का तर्पण सह चेरो मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन रविवार को फुलवरिया गांव स्थित पलामू किला जतरा मेलाटांड़ स्थित औरंगा नदी के तट पर किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, मध्य प्रदेश समेत झारखंड के कई जिलों के चेरो समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उदघाटन मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश दुद्धी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरेराम सिंह चेरो, भरनो प्रखंड के बीडीओ अरुण कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य बासो देवी, डॉ मीना, पूर्व सीओ युगेश्वर सिंह, सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी समेत चेरो समाज के कई जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया। अतिथियों का स्वागत आदिवासी नृत्य संगीत के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेदिनी युवा मंच के अध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो तथा संचालन हृदया सिंह चेरो ने किया। कार्यक्रम के पूर्व विधि विधान के साथ राजा मेदनी राय तथा उनके वंशजों को औरंगा नदी के तट पर पिंडदान किया गया। वहीं मेला स्थल में स्थापित राजा मेदिनी राय के आदमकद प्रतिमा पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि राजा मेदिनी राय चेरो समाज ही नहीं बल्कि सभी समुदायों के लिए आज भी आदर्श व प्रेरणा स्रोत के रूप में विख्यात हैं। उनकी जीवनी को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राजा मेदिनी राय एक ऐसा कुशल शासक थे जिनके शासनकाल में श्वेत क्रांति आई थी। घर-घर में दूध मक्खन हुआ करता था। हम सबों को उनके आदर्श से प्रेरणा लेते हुए समाज में फैले कुरीतियों को दूर करने की जरूरत है। वहीं उत्तर प्रदेश दुद्धी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरेराम सिंह चेरो ने कहा कि समाज के अग्रणी लोगों के द्वारा बीते कई वर्षों से तर्पण सह चेरो मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन होते आ रहा है जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी।

## महेंद्र भुईयां झामुमो के सेमरा पंचायत अध्यक्ष बने

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड अंतर्गत सेमरा पंचायत के खरोह टोला में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष बालकिशुन उरांव व कमरुद्दीन अंसारी ने की। मौक पर कमरुद्दीन अंसारी ने कहा कि चैनपुर प्रखंड के सभी 25 पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत कमेटी गठन किया जाना है जो लगभग आधा दर्जन से ज्यादा हो चुका है । उन्होंने बताया कि सरकार की जितनी भी योजना चल रही है वह सभी पंचायत स्तर तक पहुंच रही है और सरकार की सफलता सभी लोगों के बीच में दिख रही है । पंचायत लोगो ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का सैकड़ो लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर पंचायत स्तरीय कमेटी भी गठन किया गया सेमरा पंचायत के झामुमो पंचायत अध्यक्ष महेंद्र भूईयां, सचिव अल्ताफ राजा ,उपाध्यक्ष राम नाथ उरांव, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार रवि, संयुक्त सचिव अफरोज आलम, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र कुमार रवि ,एहतेशाम अंसारी को बनाया गया।

# रामगढ़ पंचायत के स्वयंसेवक पर दो लाभुकों के हजारों रु. रखने का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़ पलामू।** पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को पूरा करने की जिम्मेदारी पंचायत स्वयंसेवक को दी गई है। बावजूद उनके द्वारा लाभुकों के खाते में आई राशि को निकालकर योजना को लंबित रखने की कोशिश की जा रही है। रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के रामगढ़ पंचायत क्षेत्र से ऐसा मामला सामने आया है। स्वयंसेवक धीरज कुमार जायसवाल द्वारा 1 साल पहले लाभुक यशोदा देवी पति प्रदीप भुइयां की तीसरी किस्त के रूप में आए 52 हजार रूपए खाते से निकलवा कर अपने पास रख लिया गया है। इसी तरह से विमली देवी पति सुगन भुइयां की दूसरी किस्त की 85 हजार की राशि स्वयंसेवक निकालकर अपने पास रखे हुए है। लाभुक मकान को पूरा करने की बात कहते हैं, लेकिन स्वयंसेवक के पास पैसे रहने के कारण निर्माण कार्य पूरा नहीं कर पा रहे हैं। शनिवार को दोनों लाभुकों से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्वयंसेवक उनके खाते में आए पैसे उनसे निकलवा कर अपने पास रख लिए हैं। बार-बार मांगने के बाद भी आजकल देने को कहा जाता है। मकान पूरा करना चाहते हैं लेकिन पैसे नहीं मिलने के कारण पूरा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से स्वयंसेवक से सरकारी पैसे दिलाने की अपील की है।

# सदाफल देव विहंगम योग की जिलास्तरीय बैठक आयोजित

**मेदिनीनगर।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की जिलास्तरीय बैठक रविवार को स्थानीय स्टेशन रोड स्थित गोविंद भवन में की गई। इसकी अध्यक्षता संस्थान के जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने की। बैठक में आश्रम से जुड़े सेवा कार्यों की समीक्षा किया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के जन्मोत्सव पर मेगा रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय हुआ। तय किया गया कि जिले में कई जगहों पर रक्तदान शिविर लगाया जायेगा.28 अक्तूबर को मेदिनीनगर से मेगा रक्तदान शिविर की शुरूआत होगी। अधिक से अधिक यूनिट रक्तदान हो इसके लिए लोगों को प्रेरित किया जायेगा। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने सदगुरु सेवा की महता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि सेवा से ही सदगुरु प्रसन्न होते हैं। सदगुरु की सेवा में ही शिष्य का कल्याण निहित है इसलिए श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सेवा करना चाहिए। बैठक में बताया गया कि दिसंबर माह में वाराणसी के उमराहा स्थित आश्रम परिसर में संत समाज का शताब्दी समारंभ समारोह सह वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। समारोह की सफलता को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। आश्रम सेवा कार्यों की समीक्षा के दौरान जिले के सेवा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# ओवरलोड हाइवा के परिचालन से सड़क हुआ गड्ढे में तब्दील, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**यतीश पाठक**



**नौडीहा बाजार पलामू ।** जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के खैरादोहर पंचायत के ग्राम लकड़ाही में शनिवार से पंचायत समिति सदस्य संतोष यादव, मदन यादव, मुखिया पति राजेश्वर राम, पंकज कुमार, दिलीप कुमार के साथ सैकड़ों लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। लोगों ने प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। जामकर्ताओं का कहना है कि सड़क की ऐसी स्थिति हो गई है कि पैदल चलना मुश्किल हो गया और इसी सड़क से खैरादोहर पंचायत के सैकड़ों बच्चे सरईडीह हाई स्कूल में पढ़ने जाते हैं । इधर जाम की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अमन कुमार सिंह तत्काल जाम स्थल पर पहुंचे और जाम करने वाले ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया । हालाकि समाचार लिखे जाने तक जाम लगा हुआ था।

### लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज फेमिना का सेवा सप्ताह संपन्न
# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समेत कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल की पलामू इकाई एवं अनुषांगिक लायंस क्लब ऑफ डाल्टनगंज फेमिना ने जिला पाल लायन कमल जैन के निर्देश पर लायन सेवा सप्ताह मनाया। रविवार को लायन सेवा सप्ताह का समापन किया गया। सेवा सप्ताह के बारे मे बताते हुए क्लब की जनसंपर्क पदाधिकारी ला. निशा सोइन ने बताया कि गत 2 अक्टूबर से ही महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्म उत्सव पर इस कार्यक्रम का आगाज किया गया था । हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर की मदद से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था जिसमें स्थानीय डॉक्टर डॉक्टर विकास चंद्र अग्रवाल, डॉ संजय तिवारी, डॉ आनंद ,डॉ विनीत सिंह के अलावा शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर ने अपनी सेवाएं दी थी। इस शिविर में 15 दिनों से लेकर 1 महीने तक सौ से अधिक लोगों को निशुल्क दिवा वितरण किया गया । शिविर में लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच परामर्श भी लिया था। सदर अस्पताल के सभी वार्डों के मरीजों के बीच बिस्किट, पावरोटी और फल वितरण व अस्पताल परिसर की सफाई कराकर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया । हाई स्कूल के छात्राओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण , अनाथ आश्रम में नए कपडे , बिस्कुट और लैक्टोजेन का वितरण , सादिक मंजिल चौक पर जरूरतमंदों के लिए भोजन उपलब्ध कराया गया । रेलवे स्टेशन पर और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सदस्यों के सहयोग से भोजन का वितरण किया गया।

स्पीड न्यूज

### यूसील कर्मियों को आज मिलेगा बेसिक का 55 प्रतिशत बोनस

**जादूगोड़ा।** 9 अक्टूबर यानि सोमवार को को यूसील कर्मियों को मिलेगा बेसिक का 55 प्रतिशत बोनस ।इस बाबत उप महाप्रबंधक ( कार्मिक) राकेश कुमार ने अधिसूचना बीते दिनों शुक्रवार को जारी कर सभी सूचना पट्टो पर चिपका दी है वही यूसील की सभी श्रमिक सगठन के प्रतिनिधियों को पत्र भेजकर इस बाबत अवगत करा दिया है ।कंपनी के इस निर्णय के बाद चार हजार यूसीलकर्मियों के बीच कल सोमवार को 10 करोड़ 98 लाख 20 हजार की राशि बाटी जायेगी ।जिसके तहत जिनका न्यूनतम बेसिक 27,190 है उन्हे न्यूनतम राशि 14,955 व अधिकतम 57,000 रुपया मिलेगे ।इधर बोनस की घोषणा होने के बाद जादूगोड़ा, तुरामडीह, नरवा व तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के कंपनी कर्मियों में हर्ष व्याप्त है ।यह राशि 2023_24 की अग्रिम राशि के तौर पर बाटी जायेगी। यहा बताते चले की पिछले साल मजदूरो ने बोनस की मांग को लेकर एक सप्ताह हड़ताल पर चले गए थे ।जिसके बाद कंपनी प्रबंधक व मजदूर सगठन के प्रतिनिधियों के बीच बेसिक का 55 प्रतिशत बोनस पर सहमति बनी थी जिसके आधार पर इस बार भी उतनी ही बोनस राशि बाटने का फैसला लिया ।

### बागबेड़ा हाउसिंग कालोनी में जलापूर्ति बहाल

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलालपूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट मोटर के स्टार लगाने के बाद संध्या बेला का पानी चालू कर दिया गया। बागबेडा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सह भाजपा नेता सुबोध झा ने बताया कि बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी फिल्टर प्लांट का मोटर स्टार लगाने के बाद संध्या 4 :00 बजे पानी सप्लाई शुरू हुई। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मैकेनिकल के स्कूटी इंजीनियर 8 अक्टूबर को संध्या बेला में पानी बागबेड़ा के 11 40 घरो चालू हो गई। बिजली समस्या का समाधान एक स्पेयर मोटर की व्यवस्था धर्मात्मा मिस्त्री के द्वारा किया गया है। धर्मात्मा मिस्त्री का तबीयत खराब है तबीयत ठीक होने के बाद एक पुराने मोटर की व्यवस्था की गई है ।

### राशन और आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगा शिविर

**जमशेदपुर।** रविववार को शहर की सामाजिक संस्था सारथी द्वारा बागुनहातु बस्ती स्थित उत्क्रमित माध्य विद्यालय सरना में राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर लगाया। सारथी संस्था के अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक चले इस शिविर में 500 से अधिक लोगों का रजिस्टेज्शन किया गया। इसे सफल बनाने में विजय अग्रवाल, शंभु सिंह, सुशांत, दीपक, राकेश, सोहनी, निखिल, मोनू, आशीष, संगीता आदि शामिल थे।

### वरिष्ठ नागरिकों का राशन और आयुष्मान कार्ड बनवायेगी समिति

**जमशेदपुर।** ऐसा देखा गया है कि अधिकांश वरिष्ठ नागरिक विधवा विकलांग के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है जिसके चलते उनका नि :शुल्क इलाज सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में नहीं हो रहा है। इस सम्बन्ध में आज सिंहभूम केन्द्रिय वरिष्ठ नागरिक समिति अपनी साप्ताहिक बैठक में निर्णय लिया कि सभी लोगों का राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा।

# राज्यपाल 11 को करेंगे जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के सिदगोड़ा कैंपस का उद्घाटन

## मुख्यमंत्री भी उद्घाटन समारोह में लेंगे भाग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** वर्ष 1953 में बिष्टुपुर में स्थापित जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज एक नए राह पर अग्रसर हो रहा है। यह बिहार एवं झारखंड के प्रथम महिला विश्वविद्यालय के अपने उन्नत स्थान को सिदगोड़ा के नए कैंपस से सुशोभित करनेवाला है। शिक्षा को प्रयासरत, क्षेत्र की महिलाओं के लिए वो शुभ घड़ी आ गई जब जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी को सिदगोड़ा कैंपस का उपहार प्राप्त होनेवाला है। इसके लिए जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी ने पूरी तैयारी कर ली है। मुख्य अतिथि चांसलर राज्यपाल, झारखंड राज्य सीपी राधाकृष्णन दिनांक 11 अक्टूबर, 2023 को यूनिवर्सिटी के सिदगोड़ा कैंपस का उद्घाटन करेंगे, जिसमें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी विशिष्ट अतिथि होंगे। इस अवसर पर कुलपति, प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता ने बताया कि जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी 22 जून, 2022 को अस्तित्व में आई जब कुलपति के रूप में मैंने पदभार संभाला। 11 नए वोकेशनल कोर्सेज शुरू करने, एनइपी, 2020 को त्वरित गति से लागू करने, पीएचडी शुरू करने, भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) का शीघ्र हिस्सा बनने से लेकर छात्राओं की लगातार स्पोर्ट्स एवं अन्य उपलब्धियों के बीच एनसीसी की छात्रा का रूस में भारत के प्रतिनिधित्व जैसे कई कार्य यूनिवर्सिटी ने पुराने बिष्टुपुर कैंपस से ही किया है। सिदगोड़ा के नए यूनिवर्सिटी कैंपस में शिफ्ट होना भी एक महत्वपूर्ण कार्य था। सभी ने अभूतपूर्व सहयोग किया और परिणामस्वरूप, 11 अक्टूबर, 2023 को चांसलर के कर कमलों से एवं । मुख्यमंत्री के विशिष्ट आतिथ्य में सिदगोड़ा कैंपस का उद्घाटन होगा। शिक्षा जगत एवं झारखंड राज्य की महिला शिक्षा के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है। वीमेंस यूनिवर्सिटी के उत्तरोत्तर बढ़ते कदम नए कैंपस के साथ और मजबूत होंगे। पूर्ण विश्वास है कि हमारा नया कैंपस महिला शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति की नई गाथा लिखेगा। विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, संकाय सदस्यों, गैर शैक्षणिक कर्मचारियों एवं छात्राओं के साथ मैं जमशेदपुर शहर एवं झारखंड राज्य के नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के इस केंद्र के औपचारिक उद्घाटन हेतु अग्रिम बधाई प्रेषित करती हूं।




सिदगोड़ा में यूनिवर्सिटी का भव्य कैंपस।



कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता।

### वीमेंस कॉलेज से विश्वविद्यालय बनने तक की यात्रा

जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज को वर्ष 2006 में पहली बार कॉलेज विथ पोटेंशियल फॉर एक्सीलेंस (सीपीई) एवं वर्ष 2008 में ऑटोनोमस का दर्जा प्राप्त हुआ। उन्नत होते हुए कॉलेज यूनिवर्सिटी के रूप में भी उन्नत हुआ। महिला शिक्षा को समर्पित इस विश्वविद्यालय की आधारशिला और ऑनलाइन स्थापना की ईंट फरवरी, 2019 में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने रखी थी। 22 जून, 2022 को कुलपति के पदभार ग्रहण करने के साथ जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी क्रियाशील हुई और 11 अक्टूबर, 2023 को पूर्ण रूप से अपने नए प्रशासनिक, एकेडमिक भवन, हॉस्टल आदि के साथ बने नए कैंपस में अवस्थित हो जायेगी। नए कैंपस में जहां मुख्य प्रशासनिक कार्यों के साथ वाणिज्य, विज्ञान संकाय के कुछ विभाग एवं कुछ वोकेशनल विभागों के शैक्षणिक कार्य भी संपन्न होंगे, वहीं बिष्टुपुर कैंपस में ह्यूमैनिटीज, सोशल साइंस, शिक्षा, विज्ञान के कुछ विभाग एवं कुछ वोकेशनल कोर्स अपने शैक्षणिक कार्य करते रहेंगे।

# फैसला लेने की क्षमता बढ़ायें जिला एवं सत्र न्यायालय : न्यायमूर्ति संजय मिश्र

## कहा- रिमांड और जमानत के अधिकांश मामलों में हाइकोर्ट आने की जरूरत नहीं

### रिमांड व जमानत न्यायशास्त्र विषय पर लोयला स्कूल मे क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर ।** जुडीशियल अकादमी, झारखंड एवं पूर्वी सिंहभूम जजशिप द्वारा रिमांड और जमानत न्यायशास्त्र विषय पर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन लोयला स्कूल सभागार में रविवार को आयोजित किया गया । इस सम्मेलन में झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, राज्य के विभिन्न जिलों से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायिक पदाधिकारीगण, जिलों के वरीय पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण, लॉ स्टूडेंट्स आदि शामिल थे। सेमिनार में वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन भाषण देते हुए करते हुए झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति संजय मिश्रा ने कहा कि रिमांड और जमानत के मामले में जिला न्यायालयों को संवेदनशील बने की जरूरत है। साथ ही फैसला सुनाने की क्षमता को भी बढ़ाने की जरुरत है। आपको अगर लगता है कि जमानत देने योग्य मामला है तो उसे जिला स्तर पर ही निष्पादित कर देना चाहिए। इससे हाई कोर्ट पर बेवजह मुकद्मों का लोड कम होगा। न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा ने ऐसे मामलों में जमानत देने में बेवजह विलंब पर चिंता व्यक्त की, और कहा कि बेल इज रूल और बेल इज एक्सेप्शन। न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा ने झारखंड की जेल में दयनीय स्थिति की चर्चा करते हुए कहा कि झारखंड की जेलों में बहुत ज्यादा भीड़ है। झारखंड की जेलों की दशा सुधारने की जरूरत है।

बेवजह देरी ना कर समय पर बेल सुनिश्चित कर न्यायालय इसमें अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकते हैं। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि धारा 41 और धारा 41 ए दंड संहिता के तहत पुलिस द्वारा मुजरिमों को गिरफ्तार करने के दौरान विशेष सजग रहने की जरूरत है। पुलिस को चाहिए कि पहले वह इन मामलों में आरोपी को नोटिस देकर जवाब मांगे और जब जवाब संतोषजनक न हो और आरोपी के खिलाफ साक्ष्य हो तभी उसकी गिरफ्तारी की जानी चाहिए। अगर आरोपी कहीं भाग नहीं रहा है तो उसे पुलिस द्वारा बेवजह परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

**इन मुद्दों पर हुई चर्चा :** रविवार को सुबह 10:20 से शाम 4:30 तक चलने वाले इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से रिमांड व जमानत को लेकर विभिन्न तरह के कानूनी फहलुओं पर विस्तार रूप से चर्चा किया गया । साथ ही पॉक्सो एक्ट 2012 एवं एनडीपीएस केस के इम्प्लीमेंट मे आने वाले व्यवधानों को कैसे दूर करें, ताकि पीड़िता को शीघ्र एवं त्वरित न्याय मिले, इसके बारे मे मिस कुशी कुशलप्पा एवं डॉक्टर जे एन बारोवालिया का विशेष योग्यदान रहा।



सम्मेलन में वर्चुअली भाग लेते चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति संजय मिश्र व अन्य।



क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लेते राजेश शुक्ल व अन्य अतिथि।

### सम्मेलन में ये थे उपस्थित

उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश सह संरक्षक प्रमुख जुडीशियल अकादमी झारखंड रांची माननीय संजय कुमार मिश्रा वर्चुअल रूप से उपस्थित हुए वहीं , सम्मानित अतिथियों मे न्यायधीश झारखंड उच्च न्यायालय सह जज इंचार्य जुडीशियल एकैडमी रांची माननीय सुजित नारायण प्रसाद, जज हाईकोर्ट माननीय रत्नाकर भेंगड़ा, जज हाईकोर्ट माननीय दीपक रौशन , जज हाईकोर्ट माननीय अम्बुज नाथ , डायरेक्टर जुडीशियल एकैडमी रांची माननीय सुधांसू कुमार शशि , एडिशनल डायरेक्टर जुडीशियल अकैडमी रांची माननीय राजेश कुमार , प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश जमशेदपुर माननीय अनिल कुमार मिश्रा शामिल हुए । कार्यक्रम में झारखंड बार एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन एवं वर्ष अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ला सरायकेला की प्रधान जिला एवं सत्य न्यायाधीश विजय कुमार जमशेदपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा चाईबासा के प्रधान न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला के अलावा जमशेदपुर के डीसी मंजूनाथ भजंत्री सीनियर एसपी किशोर कौशल के अलावा न्यायालय के वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधिकारी प्रमुख अधिवक्ता जिला एवं अनुमंडल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं विभिन्न कॉलेजों के प्रचार उपस्थित थे।

## आज नगर पहुंचेगी बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा

**जमशेदपुर।** राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी सोमवार (9 अक्टूबर) को जमशेदपुर आएंगे। अपने दो दिवसीय जमशेदपुर प्रवास पर बाबूलाल मरांडी मंगलवार दोपहर में पोटका विधानसभा एवं संध्याकाल में जमशेदपुर पुर्वी एवं जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा की संयुक्त जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, बाबूलाल मरांडी बुधवार को जुगसलाई विधानसभा की जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन पर विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि बाबूलाल मरांडी राज्य की खनिज सम्पदाओं की खुली लूट, वादाखिलाफी, ठप्प विकास कार्य, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, नक्सली घटना और ध्वस्त कानून व्यवस्था के साथ बिगड़ती स्वास्थ्य सुविधाओं और संपोषित भ्रष्टाचार को लेकर राज्यव्यापी संकल्प यात्रा के निमित्त सोमवार को संध्या 5 बजे आदित्यपुर पुल के रास्ते जमशेदपुर पहुंचेंगे। जहां सरदार पटेल चौक पर जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे। इसके पश्चात उनका रात्रि विश्राम जमशेदपुर परिसदन में होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम शहर आगमन पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं।

## प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए पेपर बैग का नि:शुल्क वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर के सहेली सेंटर ने रविवार 8 अक्टूबर 23 को गुरुनानक स्टोर, बिस्टुपुर मार्केट के पास जो प्लास्टिक अभियान के तहत दुकानदारों को 15000 बैग मुफ्त में वितरित किए। अभियान का उद्घाटन प्रेसिडेंट प्रमोद दुबे ने रोटेरियन ज्ञान तनेजा, चेयरपर्सन सहेली सेंटर, रोटेरियन महिंदर गुप्ता, रोटेरियन विजय वैद्यनाथन, रोटेरियन अरुणा तनेजा, रोटेरियन कैटी गाबा और अन्य के साथ किया जिन्होंने इस कार्यक्रम में भाग लिया। बड़ी संख्या में दुकानदारों ने इस अभियान में भाग लिया और प्लास्टिक के स्थान पर पेपर बैग का उपयोग करने में गहरी रुचि दिखाई। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर का सहेली सेंटर विभिन्न तरीकों से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। केंद्र का लक्ष्य महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करके, उनका कोशल विकास करके और उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता हासिल करने में मदद करके उनका उत्थान करना है ।इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम उन्हें फैंसी पेपर गिफ्ट बेग ओट ब्राउन पेपर गिफ्ट बैग बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। वे प्लास्टिक पैकेट के उपयोग से बचने और पृथ्वी को बचाने के लिए कपड़े के थैले भी बना रहे हैं। आपसे अनुरोध है कि आप उनके उत्पादों को खरीदकर और उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनकी मदद करके इस पहल में उनका समर्थन करें।



खबर एक नजर में

### ट्रेजर हंट के साथ अग्रसेन जयंती का हुआ शुभारंभ

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आठ दिवसीय अग्रसेन जयंती का आयोजन किया जा रहा है जिसकी शुरूआत आज दोमुहानी संगम, सोनारी में ट्रेजर हंट खेल के साथ हुई। जोश व उत्साह से भरी हुई युवाओं की अठारह टीमों ने भाग लिया। अलग अलग थीम पर किया गया था विभिन्न टीमों का नामकरण जैसे द केरला स्टोरी, चंद्रायान, वॉकिंग अलॉग द यूथ, चक दे इंडिया, व्ही लव जमशेदपुर, अग्र जवान, कृताशं, जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी, नागेलिया हंटर्स, हंट लीजेंडर, द थ्री मस्कटीयर्स, भौकाल इत्यादि। द केरला स्टोरी की सदस्य अंजू चेतानी, अनिता अग्रवाल, स्नेहा चंदूका एवं वर्षा चौधरी को उनके नवीनतम थीम एवं शानदार वेशभूषा के लिये चांदी के सिक्के प्रदान कर पुरस्कृत किया गया, व्ही लव जमशेदपुर टीम की सदस्य प्रीति देबुका, स्नेहा अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल एवं रुचि बंसल टाटा स्टील की सफाईकर्मी के रुप में सम्मिलित हुईं। उन्हें भी सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा के लिये चांदी के सिक्के प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ कार सज्जा के लिये चंद्रयान थीम पर सजी कार को विजेता घोषित हुई। इस टीम में प्रशांत अग्रवाल, अर्पणा अग्रवाल, चंचल अग्रवाल एवं नेहा देबुका शामिल थीं। खजाना प्रशांत अग्रवाल की टीम ने खोजा, जिसमें पांच चांदी के सिक्के थे। ट्रेजर हंट गेम में प्रथम स्थान पर चक दे इंडिया टीम से प्रशांत अग्रवाल, अर्पणा अग्रवाल, नेहा देबुका एवं चंचल अग्रवाल, द्वितीय स्थान पर दो टीमें श्याम रथ टीम के रोहित संघी, शिवम काबरा, ऋतिक अग्रवाल, राहिल अग्रवाल, मिहित अग्रवाल तथा दूसरी टीम में अजय भालोटिया, सुरेश शर्मा लिपु एवं मंटू अग्रवाल रहे। तृतीय स्थान पर भी दो टीमें वॉकिंग अलांग यूथ के सदस्य अमित खंडेलवाल, सूरज अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, पूजा खंडेलवाल एवं अंकित चेतानी एवं दूसरी टीम में हंट लीजेंड के प्रवीण अग्रवाल, रिया अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रोहित अग्रवाल एवं शीतल अग्रवाल रहे। विजेताओं को आगामी 15 अक्टूबर को मुख्य समारोह में जीवनी दामोदर मोदी सभागार, धालभूम क्लब ग्राउंड, साकची में पुरस्कृत किया जाएगा।

### होटल अलकोर में 14 अक्टूबर को डांडिया और गरबा का भव्य आयोजन

**जमशेदपुर।** होटल अलकोर में 14 अक्टूबर को नवरात्रि के शुभ अवसर पर डांडिया और गरबा का भव्य आयोजन जमशेदपुर क्वींस क्लब कमिटी द्वारा नवरात्रि के पूर्व संध्या पर होटल अलकोर में किया जाने वाला है। एंट्री फ्री है , पूरे परिवार के साथ आप इस डांडिया नाइट का आनंद ले सकते है। आयोजक टीम प्रमुख मंजूषा श्रीवास्तव , प्राची मिश्रा तथा श्वेता सिंह ने पत्रकारों को बताया कि बफे का अलग से शुल्क है । कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नॉनस्टॉप बॉलीवुड डीजे, कपल रैंप वॉक, कपल डांस , डांस कंपटीशन सभी एज ग्रुप , फ्री स्टाइल डांस, मनोरंजक गेम्स, बंपर प्राइज और अनगिनत फूड स्टॉल होंगे। महिलाएं तथा पुरूष अपने रंगबिरंगे पारंपरिक डांडिया पोशाक में मां दुर्गा के आगमन के अवसर पर झूमेंगे। डांडिया और गुजराती पोशाक के लिए वहां स्टॉल का भी इंतजाम है। मौका नवरात्रि का है इसलिए पहली प्रस्तुति झारखंड और बिहार के मशहूर गायक चंदन सिंह के द्वारा मां दुर्गा की स्तुति के साथ होगी। बॉलीवुड डीजे की ताल से ताल मिलाने के लिए श्वेता सिंह और पूर्णिमा पाठक शिरकत करने वाली है। शहर की जानी मानी एंकर रोशनी इस शो की एंकरिंग कर रही है। इसके अलावा अन्य कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा देखने का अवसर मिलेगा। इस तरह के इवेंट्स में खास कर महिलाए अपने डेली रूटीन से अलग कुछ खास करके वो भी अपने पूरे परिवार के साथ बहुत खुशी का अनुभव करेंगी।

### राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में भाग लेने को जमशेदपुर से चार खिलाड़ियों का चयन

**जमशेदपुर।** 11 और 12 अक्टूबर को दिल्ली के न्यू दिल्ली स्थित तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 11वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें झारखंड से 40 बच्चे भाग ले रहे हैं । जमशेदपुर से समृद्धि मिश्रा, सुहानी कुमारी, टी लक्ष्य शिवा एवं विशाल कुमार का चयन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हुआ है यह कार्यक्रम दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी और दिल्ली गतका एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहा है। गैरतलब है कि गतका एक सिख मार्शल आर्ट है जो भारत की बहुत पुरानी संस्कृति से जुड़ी हुई है। हाल ही में 2 वर्ष पूर्व इसे खेलो इंडिया में शामिल किया गया है और आगामी गोवा में होने वाले नेशनल गेम्स में भी इसे शामिल किया गया है। दिल्ली राष्ट्रीय गतका में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में से ही खेलो इंडिया और नेशनल गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। टीम में मुख्य कोच कोडरमा से श्री प्रिंस मिश्रा होंगे जो गतका झारखंड संगठन के महासचिव भी हैं जबकि कोच के रूप में जमशेदपुर से रवि शंकर जो झारखंड गतका संगठन के उपाध्यक्ष भी है टीम के साथ रहेंगे। कोच रवि शंकर ने बताया कि पिछली बार खेलो इंडिया में भी जमशेदपुर से तीन खिलाड़ियों ने भाग लिया था इस बार भी उम्मीद है कि हमारे चारों खिलाड़ी नेशनल गेम्स और खेलो इंडिया गतका इवेंट के लिए क्वालीफाई कर पाएंगे और बेहतर रिजल्ट पहले से आएगा ।

### नारायण आइटीआइ में जेपी और मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि मनी

**जमशेदपुर।** 8 अक्तूबर को नारायण आईटीआई लुपुंगडिह चांडिल संस्थान में स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण एवं साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर इन विभूतियों की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गय। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे जी ने कहा की प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को वाराणसी जिले उत्तर प्रदेश के लमही गाँव में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। उनकी माता का नाम आनन्दी देवी तथा पिता का नाम मुंशी अजायबराय था जो लमही में डाकमुंशी थे। उनका वास्तविक नाम धनपत राय श्रीवास्तव था। प्रेमचंद (प्रेमचन्द) की आरम्भिक शिक्षा फारसी में हुई। संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे ने स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण के बारे में कहा कि वे भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे। उन्हें 1970 में इंदिरा गांधी के विरुद्ध विपक्ष का नेतृत्व करने के लिए जाना जाता है। इन्दिरा गांधी को पदच्युत करने के लिये उन्होने 'सम्पूर्ण क्रांति' नामक आन्दोलन चलाया। वे समाज-सेवक थे, जिन्हें 'लोकनायक' के नाम से भी जाना जाता है।

# मंत्री बन्ना गुप्ता ने गोविंदपुर को दी पांच करोड़ी सड़कों की सौगात

## पांच करोड़ की लागत से बनेंगी एक दर्जन सड़कें, कुल लंबाई 7.2 किमी, बन्ना गुप्ता, मंगल कालिंदी का जगह-जगह हुआ अभिनंदन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर में 5 करोड़ की लागत से 7.2 किलोमीटर रोड का लोकार्पण स्वास्थ्य मंत्री माननीय बन्ना गुप्त जुसलाई विधानसभा के विधायक माननीय मंगल कालिंदी और जिला पार्षद डॉ परितोष के करकमलों से संपन्न हुआ । स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, जुगसलाई के विधायक माननीय मंगल कालिंदी एवम जिला परिषद का नागरिक अभिनंदन किया गया। आज गोविंदपुर आगमन पर अन्ना चौक से खुले जीप में 400 बाइक की रैली के माध्यम से मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक मंगल कालिंदी, जिला परिषद डॉ परितोष सिंह राम मंदिर बस स्टैंड पहुंचकर सड़क का लोकार्पण सह शिलान्यास किया। अन्ना चौक से राम मंदिर बस स्टैड कार्यक्रम अस्थल पर आने के क्रम में गिट्टी मशीन आदिवासी यंग बॉयज, भोला बगान चौक,चांदनी चौक , टेंपो स्टैंड ,अगिका सेवा सदन , डिस्पेंसरी मोड़, रवि चौधरी के घर के पास,बोल बम चौक, रांची रोड , विभिन्न स्थानों परपर युवाओं, महिलाओं, समाजसेवी और पंचायत प्रतिनिधि द्वारा फूल माला अंग वस्त्र और पगड़ी पहनकर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि वह गोविंदपुर में सिर्फ सड़क का लोकार्पण करने नहीं आए हैं, यहां की और जो जन समस्याएं हैं जिसमें रेलवे ओवरब्रिज,बहता हुआ रोड में पानी, सीवरेज लाइन ,कचरा प्रबंधन इन सभी समस्याओं का भी आने वाले दिनों में समाधान करने आए हैं ।गोविंदपुर की जनता ने जो जिला परिषद के रूप में मेरे छोटे भाई को आशीर्वाद दिया है आने वाले दिनों में यह आशीर्वाद उन पर बने रहे और कांग्रेस गठबंधन की सरकार गोविंदपुर के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार सिर्फ हस्ताक्षर और ज्ञापन नहीं देती हम जन मुद्दों को लेकर सड़क से लेकर सदन तक संघर्षरत है और जितने भी गोविंदपुर की समस्याएं हैं उनका निराकरण करने के लिए प्रतिबंध है। आने वाले दिनों में गोविंदपुर की हर समस्या का निदान होगा। जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने कहा कि आज गोविंदपुर के लिए ऐतिहासिक दिन है ,आज हमारे जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता के मांग पर आज गोविंदपुर में 10 करोड रुपए की सड़क के साथ-साथ 25 लाख रुपया स्वास्थ्य केंद्र जो बन रहा है एवं अन्य योजनाओं देने के लिए माननीय मंत्री बना गुप्ता जी एवं माननीय विधायक मंगल कालिंदी जी का हृदय से आभार। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, रामाश्रय प्रसाद , जमी भास्कर ,राजकिशोर यादव, नवमी सिंह, रजनी दास, सागर महतो ,सतवीर सिंह बग्गा, बालाजी भगत, मनीष सिंह, दिनेश सिंह, मुखिया शिवलाल लोहार, विभा सिंह,संगीता चौधरी सहित हजारों लोगों उपस्थित थे।



सड़कों का शिलान्यास करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

खबर मन्त्र

रांची. सोमवार. 09 अक्टूबर 2023



# युद्ध की घोषणा

हमास के हमले के बाद इजरायल ने युद्ध की घोषणा कर दी है। युद्ध विशेषज्ञों का मानना है कि इजरायल की ताकत के आगे हमास का टिकना कठिन है लेकिन हमास को ईरान, पाकिस्तान, जार्डन सहित तालिबान जैसे कई आंतकी संगठनों की मदद मिल रही है। इजरायल ने फिलिस्तीन पर हमला कर दिया है और पूरा विश्व इजरायल और फिलिस्तीन के साथ दो घड़ों में दिखायी दे रहा है। इजरायल और फिलिस्तीन का विवाद लंबे समय से चल रहा है लेकिन जिस प्रकार फिलिस्तीन समर्थक चरमपंथी संगठन हमास ने तीन हजार राकेटों से हमला किया यह हमला अब तक का इजरायल का सबसे बड़ा प्रहार था। इजरायल की गुप्तचर एजेंसी मोसाद पर भी सवाल खड़ा किया जा रहा है कि इतने बड़ें हमले जिसकी तैयारी छह माह से कम में संभव नहीं है उसकी भनक तक नहीं लगी। इस युद्ध में जिस प्रकार हमास ने बच्चों और महिलाओं पर अत्याचार किये हैं उससे यह साफ हो गया है कि इजरायल किसी भी हाल में अपने नागरिकों और बंधकों को रिहा कराने के लिये सैनिक कार्रवाई करेगा। दूसरी ओर हमास के साथ भी ईरान और अन्य आंतकी संगठनों के खड़ा हो जाने के कारण स्थिति विषम होती जा रही है। विश्व में पहले से रुस यूक्रेन युद्ध चल रहा है और ध्रुवीकरण चालू है इसमें दूसरे युद्ध से माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया है। जिस प्रकार इजरायल ने इस मामले को लिया है उससे इशारा यह है कि वह हमास और इसके सहयोगी दोनों पर हमला करने का मन बना लिया है। यही कारण है कि जार्डन पर भी हमला आंरभ हो गया है। यह युद्ध दुनिया के लिये ऐसी चिंगारी है जो जरा सी चूक से दुनिया को विश्व युद्ध में डाल दे सकती है। एक ओर हमास की मजबूती खतरनाक संकेत दे रहें हैं तो दूसरी ओर इजरायल की क्षमता को भी कम नहीं आंका जा सकता है। वैसे यूएनओ इस युद्ध को रोक पाये तो बेहतर होगा।

# देश में वृद्धों की संख्या

दुनिया का सबसे युवा देश होने का गौरव भारत को है। लेकिन धीरे-धीरे बढ़ती वरिष्ठ नागरिकों की आबादी हमें इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत बता रही है। दरअसल,भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश का चरण वर्ष 2010 में तब आरंभ हुआ जब देश में कामकाजी आयु वर्ग की आबादी 51 फीसदी हुई। कालांतर इसमें इजाफा हुआ है। जाहिर बात है कि आने वाले वर्षों में इसी अनुपात में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या में इजाफा होना तय है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज द्वारा जारी की गई इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 हमारी चिंता बढ़ाती है। रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2050 तक देश में साठ साल से अधिक लोगों की आबादी करीब 21 फीसदी हो जाएगी। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 34.7 करोड़ हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में बुजुर्गों की आबादी करीब दस फीसदी यानी 14.9 करोड़ थी। दरअसल, देश के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की भारत में युवा 2022 रिपोर्ट में भी इस बात की पुष्टि हुई है कि प्रजनन दर में गिरावट के चलते कामकाजी उम्र के लोगों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर बुजुर्ग आबादी की दर में लगातार वृद्धि हो रही है। जहां वर्ष 1991 में बुजुर्ग आबादी का प्रतिशत 6.8 था, वहीं 2016 में यह प्रतिशत 9.2 हो गया। अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2036 तक यह आंकड़ा करीब पंद्रह फीसदी हो जाएगा। निश्चित रूप से ऐसे में हमें इस चुनौती का मुकाबला करने के लिये तैयार रहना होगा ताकि देश के वरिष्ठ नागरिक सम्मानपूर्वक जीवन-यापन कर सकें। जिसके लिये अभी से तैयारी करनी होगी। हमें ऐसी सरकारी नीतियां बनानी होंगी जो आने वाले समय में बुजुर्गों के कल्याण में सहायक हों। कोशिश हो जीवन के अंतिम पड़ाव में बुजुर्गों को कष्टों का सामना न करना पड़े।

# अरब इजरायल संघर्ष का सबसे रौद्र दृश्य सामने आया



**दुनिया** को सेंसर सर्विलांस उपकरण, एंटी ड्रोन मशीनरी और एंटी मिसाइल तंत्र की आपूर्ति करने वाले और दुश्मन को पाताल लोक से दबोच लाने की क्षमता वाली जासूसी संस्था रखने वाले इजरायल पर हमास ने हमला कर विश्व को चौंका दिया है। हमास ने इसे आपरेशन अल अक्सा स्टॉर्म नाम दिया है और इजराइल को यह संदेश दिया कि अब बहुत हो चुका।

7 अक्टूबर की सुबह इजरायल पर सिर्फ 20 मिनट में 5000 रॉकेट दागे गए। फिर इजरायली सुरक्षा तंत्र जब तक सतर्क होती आतंकी देश में घुस कर भारी तबाही मचा गए। अनेक नागरिक और सैन्य अधिकारी बंधक भी बनाकर ले जाए गए। इजरायल ने भी फिलीस्तीनी क्षेत्र पर जवाबी हमला किया है। दोनों तरफ हताहतों की सही संख्या बतला पाना कठिन है, पर हजारों लोगों के मारे जाने का अनुमान है। इतिहास बतलाता है कि इसराइल ऐसे हमलों का हिसाब चुकता करने में कोई कसर नहीं छोड़ता । लेकिन रूस यूक्रेन युद्ध के बाद क्या विश्व एक और युद्ध का दुष्परिणाम झेलने के लिए तैयार है?

इसराइल और फिलिस्तीनियों के बीच संघर्ष पुराना है। बीसवीं सदी की शुरूआत तक यहूदियों का अलग कोई क्षेत्र या देश नहीं था। जब यूरोप में यहूदियों के विरुद्ध अत्याचार शुरू हुए तो एक अलग यहूदी देश की मांग उठने लगी ।मध्य पूर्व में फलस्तीन का इलाका मुसलमान, यहूदियों और ईसाई तीनों धर्मों के लिए पवित्र स्थल माना जाता है। इस इलाके पर ओटोमन साम्राज्य का नियंत्रण था और यह ज्यादातर अरबों और अन्य मुस्लिम समुदायों के कब्जे में था। बड़ी संख्या में यहां यहूदी आकर बसने लगे पहले विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन ने फिलीस्तीन के प्रशासन को अपने नियंत्रण में ले लिया और इसे राष्ट्र संघ की मंजूरी भी मिल गई ।

1947 में संयुक्त राष्ट्र में फिलीस्तीन को यहूदी और अरब को अलग-अलग राष्ट्र में बांटने को लेकर मतदान हुआ और जेरूसलम को एक अंतरराष्ट्रीय शहर की मान्यता दी गई। जिसे यहूदियों ने स्वीकार कर लिया, लेकिन अरब इस फैसले से नाराज थे। 1948 में ब्रिटिशर्स के वापस जाने के बाद 14 मई 1948 को इसराइल नामक एक अलग देश की स्थापना हुई?। तब से यह क्षेत्र तनाव और विवाद में रहा है । इसराइल नामक देश के गठन के अगले ही दिन मिश्र, जॉर्डन, सीरिया और इराक ने इस इलाके पर हमला किया, जो प्रथम अरब - इजरायल संघर्ष कहलाता है। युद्ध समाप्ति पर संयुक्त राष्ट्र ने क्षेत्र की आधी जमीन फिलिस्तीन राज्य की स्थापना के लिए निर्धारित की।पर फिलिस्तीनियों के अलग राज्य या देश का सपना अब तक पूरा नहीं हो पाया है।

1956 में स्वेज नहर को लेकर विवाद हुआ। 1967 और 1973 में भी अरब - इजरायल युद्ध हुए और इसराइल के सामने अरब देशों को मुंह की खानी पड़ी। 1967 के युद्ध के बाद गाजापट्टी,मिस्त्र का सिनाई प्रायद्वीप,जॉर्डन का वेस्ट बैंक और सीरिया का गोलन पहाड़ी इसराइल के नियंत्रण में आ गए।1973 में सिनाई प्रायद्वीप फिर से मिश्र को हासिल हो गया। समय बीतने के साथ इसराइल और कई अरब देशों के बीच शांति समझौते भी हुए। हमले का ताजा कारण अलअक्सा मस्जिद विवाद है। 2021 में मस्जिद में इसराइल सेना का छापा पड़ा उसके बाद 11 दिनों तक संघर्ष चलता रहा इसके बाद 2022 में अल अक्सा में इसराइल सेना के कई छापे पड़े अलअक्सा मस्जिद को अपवित्र करने के विरुद्ध यह हमला है हमास का यह मानना है। यहूदी और फिलीस्तीन मुस्लिम दोनों इस मस्जिद पर दावा करते हैं। यहूदी इसकी वेस्टर्न वाल को अपने यहूदी मंदिर का आखिरी अवशेष मानते हैं ।मुस्लिम इसे अल-बाराक की दीवार होने का दावा करते हैं। मक्का और मदीना के बाद या इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल है ।70 के दशक में सहमति बनी थी कि गैर मुसलमानों को भी मस्जिद परिसर में आने की इजाजत होगी लेकिन वह प्रार्थना नहीं कर पाएंगे, इसके बावजूद यहूदियों ने पिछले कुछ समय से मस्जिद में प्रार्थना करने की कोशिश की ।यह विवाद का विषय बना।

हमास के ताजा हमले ने इजरायल के आयरन डोम नमक रक्षा कवच को भेद दिया है। सिर्फ 20 मिनट में 5000 रॉकेट दागे गए हैं। आयरन डोम विश्व की सबसे सफल एयर डिफेंस सिस्टम मानी जाती है। लेकिन कम समय में सघन रूप से हुए हमलों को यह झेल नहीं पाई

गाजापट्टी में हमास का शासन है इस्माइल हनीएह उसके नेता हैं जबकि वेस्ट बैंक में फिलीस्तीनी अथॉरिटी का शासन है जिसके नेता महमूद अब्बास हैं।

एक स्वतंत्र फिलीस्तीन राष्ट्र के गठन में देरी, इजराइल द्वारा वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियां बसाने का काम और फिलिस्तीनी क्षेत्र के आसपास इजरायली सुरक्षा घेरा शांति प्रक्रिया में बाधा पहुंचाती है।इस्त्राइल की सुरक्षा कैबिनेट ने 'युद्ध की स्थिति' को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा बुनियादी कानून यानी अनुच्छेद 40 के अनुसार महत्वपूर्ण सैन्य कदम उठाने के लिए भी सरकार को हरी झंडी दे दी है। इससे पहले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को कहा था कि देश युद्ध की स्थिति में है। इसके बाद रक्षा बलों के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने रविवार को हमास के हमले को युद्ध अपराध करार दिया। उन्होंने कहा कि जिसने भी इसमें भाग लिया, उसे कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत में इस्त्राइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा, भारत से प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा, फोन पर कुछ मंत्रियों, व्यापारियों, सिविल सेवकों ने इस्त्राइल का समर्थन करने की बात कही है। भारत से मिले भारी समर्थन से इस्त्राइल बहुत उत्साहित है। हमारा सोशल मीडिया ऐसे लोगों से भरा है जो अपना समर्थन दिखा रहे हैं। इस्त्राइल इसकी सराहना करता है। नाओर गिलोन ने कहा, भारत सबसे पहले, दुनिया का बहुत ही महत्वपूर्ण देश है।

भारत और अमेरिका ने इसराइल पर हमले की निंदा की है ,जबकि ईरान ने हमास के हमले की सराहना की है। आने वाला समय ही बतायेगा कि इस संघर्ष में कौन सा देश किस तरफ खड़ा है।



-सत्यनारायण गुप्ता

> हमले का ताजा कारण अलअक्सा मस्जिद विवाद है। 2021 में मस्जिद में इसराइल सेना का छापा पड़ा उसके बाद 11 दिनों तक संघर्ष चलता रहा इसके बाद 2022 में अल अक्सा में इसराइल सेना के कई छापे पड़े अलअक्सा मस्जिद को अपवित्र करने के विरुद्ध यह हमला है हमास का यह मानना है। यहूदी और फिलीस्तीन मुस्लिम दोनों इस मस्जिद पर दावा करते हैं।

## खास बात
### नयी पेंशन प्रणाली

1998 में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वृद्धावस्था सामाजिक और आय सुरक्षा परियोजना के लिए एक रिपोर्ट कमीशन की। सेबी और यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष एस ए दवे के तहत एक विशेषज्ञ समिति ने जनवरी 2000 में रिपोर्ट प्रस्तुत की। परियोजना सरकारी पेंशन प्रणाली में सुधार के लिए नहीं थी - इसका प्राथमिक उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के वृद्धावस्था आय सुरक्षा पर लक्षित था जिनके पास कोई नहीं था। 1991 की जनगणना के आंकड़ों को लेते हुए समिति ने पाया कि सिर्फ 3.4 करोड़ लोगों, या 31.4 करोड़ की अनुमानित कुल कामकाजी आबादी के 11 प्रतिशत से भी कम लोगों के पास सेवानिवृत्ति के बाद की कुछ आय सुरक्षा थी। शेष कार्यबल के पास सेवानिवृत्ति के बाद की आर्थिक सुरक्षा का कोई साधन नहीं था। व्यक्ति तीन प्रकार के फंडों में निवेश कर सकते हैं - सुरक्षित (इक्विटी में 10 प्रतिशत तक निवेश की अनुमति), संतुलित (इक्विटी में 30 प्रतिशत तक), और विकास (इक्विटी में 50 प्रतिशत तक) - छह फंड प्रबंधकों द्वारा जारी किया जाएगा। शेष राशि का निवेश कॉर्पोरेट बॉन्ड या सरकारी प्रतिभूतियों में किया जाएगा। व्यक्तियों के पास अद्वितीय सेवानिवृत्ति खाते होंगे, और उन्हें कम से कम 500 रुपये प्रति वर्ष निवेश करने की आवश्यकता होगी।

नई पेंशन योजना की उत्पत्ति क्या थी?

प्रस्तावित नई पेंशन प्रणाली पेंशन सुधारों का आधार बनी और मूल रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए जो कल्पना की गई थी, उसे सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए अपनाया था। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना (एनपीएस) को 22 दिसंबर, 2003 को अधिसूचित किया गया था। कुछ अन्य देशों के विपरीत, एनपीएस संभावित कर्मचारियों के लिए था - इसे 1 जनवरी, 2004 से सरकारी सेवा में शामिल होने वाले सभी नए भर्ती के लिए अनिवार्य कर दिया गया था। परिभाषित योगदान में कर्मचारी द्वारा मूल वेतन और महंगाई भत्ते का 10 प्रतिशत और सरकार द्वारा एक समान योगदान शामिल है। यह टियर 1 था, जिसमें योगदान अनिवार्य था।

# आध्यात्मिक जीवन

## विचार-प्रवाह

श्रीराम शर्मा आचार्य

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

लोगों की यह धारणा भ्रांतिमूलक है कि परमात्मा किसी को सुखी अथवा समृद्धिशाली बनाता है। परमात्मा स्वयं अपने हाथ से किसी को वैसा नहीं बनाता। मनुष्य स्वयं ही अपने आचरणों से वैसा बन जाता है। जो जितना ही सर्वमूल परमात्म-तत्व की ओर अभिमुख होकर उसके आदेशों का पालन करता जायेगा, वह उतना ही सुखी और समृद्धिशाली बनता जायेगा।

इसी बात को स्पष्ट करते हुए भगवान ने गीता में कहा है- ₹आत्मा ही आत्मा का बंधु और आत्मा ही आत्मा का शत्रु है।ह्व अर्थात हम स्वयं ही अपने मित्र और स्वयं ही अपने शत्रु हैं। जितने ही हम अपने अंदर प्रवाहमान परमतत्व के प्रति अनुकूल होते जाएँगे, जगत में हमारा और हमारे प्रति जगत का मित्र भाव बढ़ता जाएगा और जितना ही हम इसके विपरीत दिशा में आचरण करेंगे, शत्रु-भाव की वृद्धि करते जाएँगे। जितना ही हम अपने आदर्शों को उन्नत और अपने हृदय को दिव्य-शक्ति की ओर उन्मुख होने का अवसर देंगे, उतना ही एकात्मता से उद्भूत आनंद के अधिकारी बनते जाएँगे।

अहंकारजन्य भौतिक भावना ही दुःखों का मूल कारण है। हमारी आत्मा की परिधि जितनी संकीर्ण होती जाती है, उतनी ही घुटन हमें अनुभव होती है। इसके विपरीत ज्यों-ज्यों हम अध्यात्मवाद की ओर, आत्मा एवं परमात्मा के ऐक्य की ओर प्रसार करते जायेंगे, हम उन्मुक्त पक्षी की भाँति अनंत के आनंद-प्रवाह में बहने लगेंगे।

**शांति,** शोर से ज्यादा सुनायी देती है ! शोर वो ही करता है, जो कुछ नहीं कर रहा है । जो कर रहा है, उसे बोलने कि जरूरत नहीं ; क्यूँकि जिनके लिए कुछ किया गया है, वो जानते हैं कि उनके लिए किसने किया है।

**-अमिताभ बच्चन**

## आपके ट्वीट

एशियन गेम्स 2023 में कांस्य पदक जीतने के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम को हार्दिक, बधाई, और जोहार ।एशियन गेम्स में विभिन्न खेलों में ऐतिहासिक कुल 107 पदक जीतकर टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन कर देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। **- हेमंत सोरेन, सीएम**





19वें एशियन गेम्स में पुरुष क्रिकेट टीम, पुरुष कबड्डी टीम और पुरुष बैडमिंटन डबल्स में सात्विकसाईराज जी एवं चिराग शेट्टी जी को गोल्ड मेडल जीतने की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

**- सुदेश महतो, आजसू**

# खास अंदाज से मोहित कर देने वाले देव आनंद

**अजय कुमार शर्मा**

## वॉलिवुड

**देव** आनंद का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। पूरे देश को अपने खास अंदाज से मोहित कर देने वाले देव आनंद सच में एक ऐसे प्रेम पुजारी थे जिन्होंने भारतीय सिनेमा में प्यार को रूमानियत के साथ-साथ शोखपन और असीम ऊर्जा प्रदान की। देव को देव आनंद बनाने में चार लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सबसे पहले चेतन आनंद फिर गुरुदत्त और राज घोसला और उसके बाद उनके छोटे भाई विजय आनंद यानी गोल्डी। जिद्दी (1948) देव की पहली सुपरहिट फाल्म थी जिसे बॉम्बे टॉकीज के लिए शाहिद लतीफ ने निर्देशित किया था के बाद 1949 में देव आनंद ने अपने बड़े भाई चेतन आनंद के साथ नवकेतन फिल्म्स नामक फिल्म कंपनी की स्थापना की। अफसर (1950) इस बैनर की पहली फिल्म थी जिसे चेतन आनंद ने निर्देशित किया था। नवकेतन की अगली फिल्म बाजी थी जिसे उनके मित्र गुरुदत्त ने निर्देशित किया।

दरअसल गुरुदत्त, देव आनंद की पहली फिल्म हम एक हैं (1946) के सहायक निर्देशक और हमउम्र थे। इसलिए शीघ्र ही दोनों की अच्छी दोस्ती हो गई । दोनों ने आपस में यह वादा भी किया कि जब भी वे अपनी पहली फिल्म बनाएंगे तो एक-दूसरे को मौका अवश्य देंगे। आंधियां ( 1952), टैक्सी ड्राइवर (1954) और फंटूश (1956) के निर्देशन के बाद चेतन आनंद नवकेतन से अलग हो गए और उन्होंने अपनी निर्माण कंपनी हिमालय फिल्म के नाम से बना ली। इस दौरान राज घोसला ने और लोगों के लिए उनकी कुछ हिट फिल्में निर्देशित की। काला पानी (1958) का निर्देशन उन्होंने नवकेतन के लिए किया फिर वे गुरुदत्त के साथ व्यस्त हो गए। ऐसे में विजय आनंद की एंट्री नवकेतन में हुई ।

हालांकि टैक्सी ड्राइवर के निर्माण के समय विजय आनंद पहली बार नवकेतन से जुड़े। इस फिल्म के लिए उन्होंने संवाद लेखन का कार्य किया। विजय आनंद की पटकथा नौ दो ग्यारह (1957) से प्रभावित होकर देव आनंद ने उसके निर्देशन की जिम्मेवारी भी उनको सौंप दी। फिल्म बेहद सफल रही और उसके बाद तो नवकेतन की फिल्मों के निर्देशन की जिम्मेदारी विजय आनंद को मिल गई जिसे उन्होंने लंबे समय तक निभाया। विजय आनंद ने उनके लिए 10 फिल्मों का निर्देशन किया जिसमें चार फिल्में काला बाजार (1960 ), तेरे घर के सामने (1963), गाइड (1965) और ज्वैल थीफ (1967) का निर्देशन उन्होंने नवकेतन फिल्म्स के लिए किया और बाद में अपने बनाए बैनर नवकेतन इंटरप्राइजेज के लिए तेरे मेरे सपने (1971), छुपे रुस्तम (1973) और बुलेट (1976) का निर्माण किया। बीच में एक सुपरहिट फिल्म त्रिमूर्ति फिल्म के लिए थी जॉनी मेरा नाम (1970)। यह वह फिल्में हैं जिनसे संपूर्ण देव आनंद की छवि निर्मित होती हैं।

देव आनंद को हंसते-गाते रोमांटिक प्रेमी बनाने में विजय आनंद की फिल्मों की विशेष भूमिका रही। उनके द्वारा गीतों को फिल्माए जाने का हुनर सबसे अलग और सबसे निराला था। यह शैली उन्होंने गुरुदत्त से सीखी थी। यह कुछ विशेष गीत हैं ... खोया खोया चांद..., रिमझिम के तराने लेकर आई बरसात...(काला बाजार) या फिर तेरे घर के सामने.... का गीत जो कुतुब मीनार पर फिल्माया गया था। वह दर्शकों का आज तक याद है। यह नवकेतन फिल्म्स की आखिरी ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म थी।

इसके बाद नकेतन की पहली रंगीन और ऑफबीट फिल्म गाइड का जिम्मा विजय आनंद को मिला। पहले देव आनंद यह फिल्म अंग्रेजी और हिंदी में साथ-साथ बनाना चाहते थे।





## लेटर टू एडिटर

### सोच विकसित करें

**देश** का पर्यावरण लगातार प्रदूषित होता जा रहा है। पराली जलाना इस समस्या का एकमात्र कारण नहीं है। जहरीली फैक्टरियों और ईंट-भट्ठों की चिमनियों तथा शहरों में जलते कूड़े के ढेरों से जहरीली गैस निकलती हैं। सड़कों पर बढ़ता वाहनों का दबाव स्पष्ट करता है कि वायु प्रदूषण में भंयकर इजाफा हो रहा है। पर्यावरण को लेकर व्यक्तिगत सोच भी विकसित करनी होगी। **- सुरेन्द्र सिंह, रांची**

### बेटी का मोल

**बेटी** ही सबसे अधिक विश्वसनीय और सेवाभावी होती है। विवाहित स्त्री दो परिवार के बीच एक सेतु बनकर जोड़ती ही है। गौरतलब है कि वर्तमान में महिलाएं कुछ क्षेत्रों में आगे हो चुकी हैं किंतु संख्या की दृष्टि में उनका अनुपात कम होना चिंतनीय विषय है। राष्ट्रीय कर्तव्य है कि बेटियों को लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनायें ।

**- बीएल शर्मा, हजारीबाग**

# जनजातीय समुदाय का सम्मान और राष्ट्रीय एकता

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

## विचार

केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने जनजातीय समुदाय के सम्मान का नया अध्याय लिखा है। देश में पहली बार जनजातीय समाज की महिला सर्वोच्च पद पर आसीन हुई है। पहली बार जनजातीय गौरव दिवस का शुभारंभ हुआ है। आजादी के अमृत महोत्सव में अनेक उपेक्षित राष्ट्रनायकों को प्रतिष्ठित किया जा रहा है। अमृत महोत्सव के माध्यम से राष्ट्रीय प्रेरणा का नया दिन भी घोषित किया गया। अब देश प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस भी मनाएगा। इस दिवस का प्रथम आयोजन गत वर्ष हुआ था। तब प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड में बिरसा मुंडा की मूर्ति का वर्चुअल लोकार्पण किया था। इसके अलावा भोपाल में विश्वस्तरीय रानी कमलापति रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया गया।बिरसा मुंडा और रानी कमलापति के महान योगदान से देश की नई पीढ़ी परिचित हुई। जनजातीय समुदाय में भगवान बिरसा मुंडा का बड़ा सम्मान है। वह राष्ट्रनायक के रूप में पूरे देश के लिए सम्मान की विभूति हैं। रानी कमलापति का भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान है।

बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर, 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलीहातु गांव में हुआ था। उन्होंने जनजातीय समुदाय को लामबंद कर ब्रिटिश दासता से मुक्त कराने का संकल्प लिया था। मुंडा विद्रोह को उलगुलान नाम से भी जाना जाता है। बिरसा मुंडा को 1895 में गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें दो साल के कारावास की सजा दी गई। उन्हें लोग सम्मान से धरती आबा कहते थे। खूंटी थाने पर हमला कर अंग्रेजों को चुनौती दी गई। तांगा नदी के किनारे ब्रिटिश सेना पराजित भी हुई थी। डोम्बरी पहाड़ पर संघर्ष हुआ। उन्हें चक्रधरपुर के जमकोपाई जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया। जेल में ही उनका निधन हो गया। मध्य प्रदेश के रेलवे स्टेशन हबीबगंज भोपाल का अंतिम गोंड शासक रानी कमलापति के नाम पर नामकरण किया गया। वह 18वीं शताब्दी की गोंड रानी थीं। यह पहली बार है, जब जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

अब तक ये सेनानी स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक रहे हैं। जनजातीय समुदाय ने प्राचीन काल से ही जम्मू-कश्मीर,मणिपुर, नागालैंड सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में निवास किया है और देश की सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाई है। आजादी से पहले भी जनजातीय नायकों ने भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में प्रमुख भूमिका निभाई। रानी कमलापति का नाम रेलवे स्टेशन से जोड़ने से गोंड समाज सहित सम्पूर्ण जनजाति वर्ग का गौरव बढ़ा है। आजादी के बाद देश में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर जनजातीय कला, संस्कृति, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को गौरव एवं सम्मान प्रदान किया गया है। भगवान श्रीराम और जनजातीय समाज का रिश्ता किसी से छुपा नहीं है। जनजातीय समाज की परंपराओं, रीति-रिवाज और जीवनशैली से प्रेरणा मिलती है। सरकार निरंतर उनके कल्याण के कार्य कर रही है।

सरकार द्वारा बीस लाख जनजातीय व्यक्तियों को वनभूमि के पट्टे प्रदान किए गए हैं। जनजातीय युवाओं के शिक्षा एवं कौशल विकास के लिए देशभर में साढ़े सात सौ एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालय खोले जा रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा तीस लाख विद्यार्थियों को हर वर्ष छात्रवृत्ति दी जा रही है। सरकार द्वारा नब्बे वन उपजों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## पतंजलि का योग शिविर शुरू



**रामगढ़।** जिला मैदान एमएमटी ग्राउंड में रविवार को पतंजलि योग समिति द्वारा सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें सीए अजीत जायसवाल , जिला प्रभारी प्रमोद लाल , युवा प्रभारी ठाकुर प्रसाद उपस्थित रहे। युवा प्रभारी ठाकुर प्रसाद ने शिविर में शामिल लोगों प्राणायाम एवं आसान का सूक्ष्म ज्ञान दिया और रोग अनुसार योग के अभ्यास की जानकारी दी। बताया की यह योग शिवर 15 अक्टूबर तक चलेगी । उन्होंने जिला वासियों से आग्रह किया की शिविर में शामिल होकर योग के माध्यम से विभिन्न प्रकार की समस्याओं से मुक्ति प्राप्त करें। शिविर सुबह 5:00 से 7:00 बजे तक चलेगा। मौके पर रामचरित्र वर्मा, डॉ रणधीर , अजीत , मनोज , सुरेंद्र आदि मौजूद थे।

## रजरप्पा में बनेगा 40 फीट का रावण



**रजरप्पा।** रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित स्टेडियम मैदान में कमेटी की तरफ से रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले का निर्माण कारीगरों (बिहार, गया) द्वारा करवाया जा रहा है। रावण के साथ मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का भी दहन होगा। समिति के सचिव गजेंद्र चौधरी ने बताया कि 48 वर्ष का दशहरा सबसे पुराना है। यहां 40 फिट के रावण का पुतला और 35-35 फिट ऊंचे कुंभकरण और मेघनाद का पुतला बनाया जा रहा है। इस बार आईपीएल स्तर की तर्ज पर आतिशबाजी की जाएगी।

## आंदोलनकारियों को पेंशन दे सरकार : गंझू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रामगढ़ जिला समिति की बैठक रविवार को भुरकुंडा में हुई। मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष दर्शन गंझू ने कहा कि अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर लोगो ने अपना खून-पसीना बहाया है। सरकार अलग राज्य की मांग को लेकर जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से पेंशन और नियोजन नीति का लाभ दे। इसके साथ ही सभी सरकारी नौकरियों में आंदोलनकारियों के आश्रितों को द्वितीय और तृतीय श्रेणी की नौकरी में सीधा लाभ दे। मौके पर ब्रहमदेव महतो, भागीरथ महतो, टिकेश्वर महतो, जगदेव महतो, अशोक कुमार रजक, बाबुलाल महतो, मोहन तिवारी, झलकु बेदिया, नरेश गंझू, जितू बेदिया, लालु बेदिया, जन्नत अंसारी, भीम महतो, राम अवतार महतो, गंगाधार महतो, रविन्द्र प्रसाद, संतोष विश्वास, अब्दुल क्यूम अंसारी, हरिशंकर चैधरी, अलीम अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## कुजू में रिझवार झूमर प्रतियोगिता



**कुजू।** श्री महतो जय बजरंग समिति काचाडाडी द्वारा जितिया को लेकर रिझवार झूमर प्रतियोगिता समारोह हुआ। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो शामिल हुए। झूमर प्रतियोगिता में करीब दर्जन भर झूमर टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें झूमर मंडली के सदस्यों ने विभिन्न परिधान में शामिल होकर अपने कला का प्रदर्शन किया। मौके पर राजकुमार महतो ने कहा कि यही वह पर्व हैं जिनमें हमारी संस्कृति की झलक पायी जाती है। इसलिए विलुप्त होते अपनी इस परंपरा और संस्कृति को बड़े पैमाने पर आयोजित करने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजनाथ महतो एवं संचालन शिक्षक बौधराम महतो ने किया।

## भुरकुंडा में नाबालिग चोर गिरफ्तार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा बाजार सहित आसपास के क्षेत्रो में पिछले एक महीने से चोरो ने आतंक मचाते हुये करीब एक दर्जनों दुकानो को अपना निशाना बनाकर भुरकुंडा पुलिस को खुली चुनौती दे रखी थी। शनिवार की रात्रि भुरकुंडा पुलिस ने राहत की सांस ली। जब हॉस्पीटल कॉलोनी भुरकुंडा में मो असगर के राशन दुकान में चोरी करते स्थानीय लोगो ने एक नाबालिग चोर को धर दबोचा। वहीं दो चोर भागने में कामयाब रहें। पुलिस ने पकडे गये नाबालिक चोर के निशानदेही पर जवाहरनगर के एक घर से तीन लोगों को हिरासत मे लिया। पूछताछ मे चोरो ने अपनी संलिप्तता स्वीकार ली। पुलिस ने बताया कि चोरो के गैंग में सात लोग है। जिसमें से चार को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं तीन अन्य को पकडे के लिये छापामारी की जा रही है।

## 'कुड़मी को नहीं मिले आदिवासी का दर्जा'



**कुजू।** आदिवासी समाज के लोगों ने कुडमी, कुरमी के खिलाफ आंदोलन को लेकर ओरला पंचायत सचिवालय में रविवार को जनसभा हुआ। जनसभा में पूर्व शिक्षा मंत्री गीता श्री उरांव शामिल हुई। जनसभा में अदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि कुरमी समाज को आदिवासी का दर्जा किसी भी हाल में नहीं दिया जाये। अगर सरकार के द्वारा ऐसा कदम उठाया गया तो पुरजोर आंदोलन किया जाएगा। हमारी जमीन एवं हमारे अधिकार को लूटने को लेकर रणनीति तैयार कर रहे हैं जो कदापि सफल होने नहीं दिया जाएगा। हमारी जमीन, हमारे अधिकार, हमारे बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की साजिश रची जा रही है। आज हम सभी आदिवासी समाज के लोगों को एकजुट होकर इसे हर हाल में रोकना होगा। सभा का संचालन निर्मल करमाली ने किया। मौके पर लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा, जितेंद्र मुंडा, दीपक उरांव, सोमदेव करमाली, नरेश मुंडा, मिहिरचंद्र मुंडा, राम रतन मुंडा, पवन करमाली, मनीष उरांव, अभिषेक उरांव, छोटू बेदिया, राजेश मुंडा, श्यामदेव मांझी, हीरालाल मांझी, मुकेश मुंडा, आदित्य मुंडा, अमित बेदिया, रानी देवी, ममता देवी, सविता देवी, गायत्री कुमारी, अनूप, नरेश हेंब्रोम, प्रीत देवी, शिखा देवी, पिंटू आदि मौजूद थे।

# नगर निगम चुंगी वसूली के एजेंट की हुई धुनाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ **एजेंट ने अडानी कंपनी के प्राइवेट सुरक्षा गाड्‌र्स पर लगाया मारपीट का आरोप**



हजारीबाग। नगरनिगम के चुंगी वसुली के एजेंट संजीत कुमार ने चुंगी वसुली के दौरान अडानी कंपनी के प्राइवेट सिक्योरिटी गाड्‌र्स द्वारा मारपीट का आरोप लगाया है। घटना शनिवार देर शाम की है। बताया जा रहा है कि अडानी कम्पनी के कर्मचारी उक्त बस बस में सवार थे, जब बस को चुंगी वसूली के लिए रोका गया तो उस बस को एस्कॉर्ट कर रहे अडानी कंपनी के प्राइवेट सिक्योरिटी गाड्‌र्स द्वारा उसकी मारकुटाई कर दी गयी। संजीत कुमार ने बताया कि बड़कागांव रोड शंकरपुर में नगरनिगम द्वारा चुंगी वसुली की जाती है। हर दिन उक्त बस से चुंगी लिया जाता है। सड़क पर चलने वाली सभी मालवाहक एवं पैसेंजर गाड़ी से नगरनिगम क्षेत्र में प्रवेश करने पर शुल्क वसूल की जाती है।

शनिवार शाम को विजय बस पर सवार होकर अडानी कम्पनी के कर्मचारी अपने काम से लौट रहे थे। जब चुंगी वसूलने के लिए बस को रोका गया तो अडानी कम्पनी के कर्मचारियों की सुरक्षा में चल रहे प्राइवेट सिक्योरिटी गाड्‌र्स ने चुंगी वसुली कर रहे कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करते हुए उन्हें धुन डाला। इस दौरान अफरातफरी मच गई। इस दौरान सड़क जाम हो गया। आरोप है की मारपीट के दौरान वसुली मशीन को भी तोड़ दिया गया। बाद में मामला बिगड़ता देख अडानी कम्पनी के उच्च अधिकारियों के आने के बाद सुलह हुआ तब जाकर कर्मचारियों की बस उन्हें लेकर गन्तव्य पर रवाना हुयी।

# धर्मसभा में रामगढ़ जिले से हजारों लोग हुए शामिल

### सांसद जयंत सिन्हा ने रामभक्तों को रांची किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा और बजरंग दल के स्थापना दिवस के अवसर पर रांची में आयोजित विशाल धर्मसभा हेतु रामगढ़ जिले से हिस्सा लेने जा रहे हजारों की संख्या में पहुंचे रामभक्तों को पटेल चौक सैनी होटल के सामने सांसद जयंत सिन्हा ने पुष्पवर्षा कर विदा किया। सैकड़ों की संख्या में बस,चारपहिया वाहन एवं मोटरसाइकल से श्रद्धालु पटेल चौक पर पूर्वाहन 11:00 बजे तक एकत्रित होना शुरू हुए जिसका नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल के जिला मंत्री छोटू वर्मा कर रहे थे। रामभक्तों ने जय श्री राम के गगनभेदी नारों के साथ उनका स्वागत किया। महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर जयंत सिन्हा का अभिवादन किया। सिन्हा ने कहा कि आप सभी को धार्मिक सभा हेतु विदा करते हुए मुझे आपार हर्ष हो रहा है साथ हीं आपकी एकजुटता और प्रण के कारण आज हम भव्य राममंदिर बनते देख पा रहे हैं। जिला मंत्री छोटू वर्मा ने सांसद का आभार जताते हुए कहा कि श्रद्धालुओं का स्वागत और पुष्पवर्षा कर उनका विदा करना हम सभी के मनोबल को बढ़ाता है ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष झारखंड प्रदेश तिलकराज मंगलम,प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार,वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सिन्हा,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,आनंद बेदिया, रंजन फौजी,मंत्री वसुध तिवारी,कारसेवक विजय जयसवाल,रोबिन गुप्ता, महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी दिनेश पाठक, राजीव पामदत्त, सत्यजीत चौधरी, प्रवीण सोनू,उमेश प्रसाद, रविंद्र शर्मा ,ऋषिकेश सिंह, मिथलेश मंडल, पब्बी बजरंगी,रवि वर्मा, अयोध्या वर्मा, सुरजीत सिंह छाबड़ा,मणिशंकर ठाकुर,धीरज साहू आदि उपस्थित रहे।

## मुखिया शमशेर आलम ने खिलाड़ियों को दिया फुटबॉल



**बरही।** बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम ने पंचायत के जूनियर क्लब बरहीडीह में खिलाड़ियों को दिया फुटबॉल। आलम ने कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नही है बल्कि उन्हें प्लैटफॉर्म और सही मार्गदर्शन की जरूरत है। उन्होंने खिलाड़ियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि खेल में वह अपना प्रदर्शन अनुशासित रूप से करें और गांव समाज का नाम रौशन करें। उनके सर्वांगीण विकास को लेकर वह हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। मौके पर मुखिया के साथ मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, राकेश कुमार सिंह, सुधीर मालाकार, विक्की सिंह, मनीष कुमार, कौशिक कुमार पासवान के अलावा प्रशांत शर्मा, ओमकार ठाकुर, धनंजय कुमार राणा, कृष्ण कुमार, प्रिंस कुमार, शुभम कुमार, पीयूष कुमार, बादल कुमार, अविनाश कुमार, नैतिक कुमार, दीपक, सुजीत, अनिकेत कुमार, चंदन, मोहित कुमार, कुमार विक्कू प्रजापति कोच उपस्थित थे।

## वन अधिकार समिति के अध्यक्ष महालाल व नीलकंठ बने सचिव

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत के तहत ग्राम सडवाहा में वन अधिकार अधिनियम 2023 के तहत चुनाव किया ।जिसमें सर्वसम्मति से समिति के अध्यक्ष महालाल हांसदा और सचिव नीलकंठ महतो को चुना गया ।वहीं सदस्य के रूप में अनुप तिग्गा,पूनम कुमारी,रामदेव सोरेन, सुष्मिता टुडू और प्रेम कच्छप का चयन किया गया ।मौके पर नव निर्वाचित समिति के अध्यक्ष महालाल हंसदा ने कहा कि पहला उद्देश्य लोगों को न्याय और अधिकार दिलाना हमारा कर्तव्य होगा ।उन्होंने कहा कि वन को बचाना हमारा पहला प्राथमिकता है ।इस अवसर पर चरही पंचायत के मुखिया संझली मुर्मू, पूर्व मुखिया महादेव सोरेन,पंसस निरंजन महतो , नरेश, रामदेव,प्रेम कश्यप,पूनम कुमारी,अनूप तिग्गा, पायल देवी,रेणु देवी,बबीता देवी, संजीता,चंदा देवी, मेघवाल,सुष्मिता टुडू,दिलीप टुडू,बिशुन मुर्मू,प्रकाश टुडू,लक्ष्मण हंसदा,अनूप तिग्गा,रामदेव सोरेन, सुखदेव सोरेन,राजू हंसदा, प्रिंस हांसदा, करण हांसदा,महादेव सोरेन,सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिक्षा कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू

**दारू।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के तत्वावधान में बीआरसी में आयोजित बुनियादी साक्षरता सुदृढीकरण कार्यक्रम का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण द्वितीय सत्र शिविर का शुभारंभ रविवार को हुआ। शिविर में विभिन्न विद्यालयों में कक्षा 1 तथा 2 में पढ़ाने वाले 24 हिन्दी शिक्षक- शिक्षिकाओं को बुनियादी साक्षरता के 8 घटकों की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर अमित कुमार राणा, नितिन सिन्हा, शम्भू कुमार, दिलीप ठाकुर ने बताया कि मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्ण ज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन विषय पर विस्तार से समझ बनाने का कार्य किया।

# चतुर्थ वर्गीय कर्मियों की नियुक्ति करे केंद्र सरकार : प्रदीप मुखर्जी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल का अधिवेशन आयोजित



**रामगढ़।** बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप मुखर्जी ने रविवार को कहा कि वर्ष 2012 से चतुर्थ वर्गीय कर्मियों की नियुक्ति करे सरकार। वर्ष 2020 से द्वितीय वर्ग के कर्मचारियों की जो नियुक्ति रोक दी गई है उसे भी आरंभ करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को आरंभ किया जाए। श्री मुखर्जी ने कहा कि सरकार ने बीमा प्रीमियम पर जो 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया है उसे तत्काल वापस ले। उन्होंने कहा कि एक तरफ सोना पर मात्र 3 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया है, वहीं बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया गया है। जो की पूरी तरह से अनुचित है और सरकार इसपर ध्यान देते हुए इसे समाप्त करने के लिए कदम उठाए। बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने सरकार से मांग किया कि 01,08,2022 से वेतन पुनरीक्षण का कार्य जो रूका हुआ है, उसको लेकर सरकार वार्ता के लिए पहल करे। ताकि इस समस्या का समुचित समाधान निकल सके। प्रदीप मुखर्जी ने कहा की वर्तमान में दो प्रकार की पेंशन योजनाएं चल रही हैं। पुरानी पेंशन योजना एवं नई पेंशन योजना। कहा की हम पूरी तरह से पुरानी पेंशन योजना का समर्थन करते हैं और उसे लागू करने की मांग करते हैं। लेकिन जबतक पुरानी पेंशन योजना समुचित तरीके से लागू नही हो जाती तबतक नये पेंशन स्कीम में 10 प्रतिशत अनुदान की जगह 14 प्रतिशत अनुदान की अनुशंसा की जाए।

उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम में सरकार द्वारा 3.5 प्रतिशत विनिवेश किया गया है। जिसके हम सख्त खिलाफ हैं और सरकार से मांग करते हैं विनिवेश के प्रक्रिया को रोक दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी की यदि सरकार द्वारा मारी मांगों को अनसुना किया तो हम सड़क पर उतरकर आंदोलन को विवश होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हजारीबाग मंडल महामंत्री जगदीश चंद्र मित्तल, सचिव धर्म प्रकाश साव, संयुक्त सचिव सुमित सिन्हा मौजूद थे।

## स्वास्थ्य विभाग से नहीं मिला बिलीचिंग पाउडर

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो, खैरा, डहरभंगा, बेडम, डूमर, धर्मपुर, टाटीझरिया, भराजो पंचायत के कई गांवों में वर्षा के मौसम के आरंभ में ही स्वास्थ विभाग द्वारा पंचायतों के नजदीकी स्वास्थ्य उपकेंद्र के कर्मी एवं सबंधित कमीयो के माध्यम से बिलिचिंग पाउडर का वितरण आवश्याकता अनुसार ग्रामीणों के बीच किया जाता था। कई ग्रामीण आज भी कुआ के पानी को पीने भोजन पकाने सबंघी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में लाते है। झरपो पंचायत मुखिया सह 20 सूत्री अध्यक्ष शिबूप्रसाद सोनी ने कहा की दुर्भाग्य पूर्ण बात है की टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के ओर से वर्षा के मौसम में भी बिलीचिंग पाउडर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध पंचायतों के नजदीक स्वास्थ्य केंद्रों में भी नहीं उपलब्ध हो पाया है। वहीं झरपो मुखिया सह 20 सूत्री अध्यक्ष शिबूप्रसाद सोनी ने कहा की स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रिय स्वास्थ्य कमीयो में एएनएम तारावती जल सहिया हिरामन प्रसाद से पूछताछ की गई तो उन्होंने स्वास्थ्य विभाग पर ठिकरा फोड़ते हुए कहा कि विभाग द्वारा अब तक हमलोगों को बिलीचिंग पाउडर उपलब्ध नहीं करवाया गया है तो हमलोग कहां से वितरण करें। श्री सोनी ने स्वास्थ विभाग द्वारा इस प्रकार के लापरवाही पर नाराजगी जताई है।

# मुखिया आशा देवी के पुत्र का माइनिंग सरदार पद पर चयन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल उतरी पंचायत की मुखिया आशा देवी व पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येंद्र यादव के पुत्र मिंटू कुमार उर्फ बैजु का कोल इंडिया की महारत्न कंपनी एनसीएल के सिंगरौली निगाही एरिया में माइनिंग सरदार पद पर अंतिम रूप से चयन हुआ है। मिंटू की सफलता से दादा-दादी, माता-पिता व परिजनों सहित क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। वहीं बधाईयों का तांता लगा हुआ है। मिंटू की सफलता से गदगद पिता सत्येंद्र यादव व माता आशा देवी ने कहा की हमारा पुत्र शुरू से मेधावी छात्र रहा है। उन्होंने बताया कि मिंटू ने मैट्रिक ऑक्सफोर्ड स्कूल रांची झारखंड से प्रथम श्रेणी व आइएसी सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद बिहार से प्रथम श्रेणी से पास किया था। वहीं उसने अपनी माइनिंग डिप्लोमा की पढ़ाई श्रीधर यूनिवर्सिटी कोटा राजस्थान से किया है। आशा देवी ने कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। पूर्व मुखिया सत्येंद्र यादव ने कहा कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है को सच कर दिखाया है मिंटू ने। उन्होंने कहा कि मेरे पुत्र ने अपनी सफलता से पूरे यादव समाज का नाम रोशन किया है।

## सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आये अत्यंत गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल, प्रो. रामानुज सिंह व शिक्षक भुपेंद्र वर्णवाल उर्फ रिंकु द्वारा दर्जनों गरीबों के बीच पुरी-सब्जी एवं जलेबी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि पितरपक्ष के अवसर पर भाजपा नेता योगेश दांगी, मुन्ना मिश्रा व अशोक झा द्वारा अपने बुर्जुगों के आत्मा की शांति के लिए गरीबों को भोजन कराया गया है। मंच के अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले 8 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्य में सबों को मन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, राकेश शर्मा, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

एक नजर में

## जितिया पर मेला और ऑर्केस्ट्रा आयोजित



**केरेडारी।** जितिया मेला के अवसर पर ग्राम जोरदाग के झुमरी टांड मैदान में नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन रविवार को किया गया। आर्केस्ट्रा का उद्घाटन प्रमुख सुनीता देवी ने फीता काटकर की। सुनीता देवी ने कहा कि जितिया का व्रत हिंदू धर्म में संतान की लंबी उम्र और उसकी मंगल कामना के लिए किया जाता है। समाजसेवी जागेश्वर साव ने कहा कि झारखंड का लोक नृत्य गीत संगीत झारखंडी जीवन का दर्शन कराती है, इस तरह के आयोजन से मनोरंजन के साथ-साथ झारखंडी लोक कला के साथ रूबरू होने का अवसर मिलता है। समाजसेवी रामकुमार साव ने कहा कि नृत्य एवं संगीत से मनुष्य का मानसिक विकास होता है। ऐसे कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा भी निखरती है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनिल मुंडा ,सचिव बिकास कुमार, कोषाध्यक्ष अजित माली,उपाध्यक्ष संजय मुंडा, हिरामन महतो,किशोर साव,अनिल महतो,राहुल माली,प्रमोद साव,दिलीप साव, संजय साव, कालो राम, दिनेश महतो,ब्रजेश राम,खिरोधर साव, कुलदिप साव, कन्हाई माली,अखिलेश पासवान आदि उपस्थित थे।

## चरही : पीसीसी पथ गड्ढे में हुआ तब्दील

**चरही।** इंद्रा पंचायत ग्राम बासाडीह और हेंदेगढ़ा में ग्रामीण जलापूर्ति योजना घर-घर नल-जल योजना लगाया गया है, जिसमें कारुखाप में गावं के मुख्य पथ के पीसीसी को काटकर जलापूर्ति पाइप बिछाया गया है ।पीसीसी पथ को पुन: ढलाई किया गया, जिससे पथ गड्ढा में तब्दील हो गया है। मेन पाइप से ज्वाइंट कर कर घर-घर पाइप को जोड़ने के लिए दी गई ज्वाइंट से बराबर पानी बहते रहता हैख जिसके चलते पथ पर कीचड़ का ढेर लग जाता है ।जिस कारण बरसात के दिनों में तरह-तरह के मच्छड़ उत्पन्न हो जाते हैं ।जिसके चलते बीमारी होने की संभावना बनी रहती है ।इस मामले को लेकर ग्रामीण जलापूर्ति संवेदक से कई बार बात भी कर चुके हैं ।लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया ।इस समस्या के समाधान के लिए चुरचू प्रखंड पूर्व जिप सदस्य सह पूर्व मुखिया परमेश्वर महतो ने हस्ताक्षर युक्त लिखित आवेदन चुरचू बीडीओ को भी दिया गया ।इसके बावजूद भी कोई पहल नहीं किया गया ।श्री महतो ने बताया कि इस समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत कमेटी का चुनाव

**इचाक।** ग्राम पंचायत बरकाकला में झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत कमेटी का चुनाव किया गया । सर्व समिति से पंचायत अध्यक्ष अरविंद मेहता उपाध्यक्ष ताहिर आलम सचिव सिकंदर कुमार मेहता संयुक्त सचिव समसुद्दीन अंसारी संगठन सचिव दीपक मेहता ,उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार दास ,मीडिया प्रभारी शिवम कुमार, कोषाध्यक्ष राजू रजवार ,उपाध्यक्ष लालजी रजवार, संयुक्त सचिव विक्रम कुमार, दिगंबर कुमार, को चुना गया ।इस चुनाव में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली अध्यक्ष मनोहर राम प्रखंड 20 सूत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता थे। इस बैठक में मुख्य रूप से बरका कला पंचायत के मुखिया सिकंदर कुमार दास ,सुरेंद्र मेहता, अनिल कुमार राणा, महेंद्र मेहता, अरविंद कुमार, दीपक मेहता, शिवम कुमार ,विक्रम कुमार ,विनय राम, सिकंदर कुमार मेहता ,एवं दर्जनो झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छावनी अखाड़ा का दुर्गा पूजा समिति गठित

**इचाक।** रविवार को बालेश्वर मेहता की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें सर्व समिति से पूजा ठीक ढंग से हो उसके लिए कमेटी का गठन किया गया। समिति का अध्यक्ष प्रदीप कुमार मेहता ,राजद प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव सदन प्रसाद मेहता ,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि, एवं कोषाध्यक्ष नरेश प्रसाद मेहता ,को बनाया गया। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया की नवमी के दिन जागरण का कार्यक्रम कराया जाएगा। पूजा को सफल बनाने के लिए तथा कमेटी को मदद करने के लिए कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया ।जिसमें बालेश्वर प्रसाद मेहता, किशोर प्रसाद मेहता, सुरेंद्र प्रसाद मेहता, प्रदीप प्रसाद मेहता ,सुबोध कुमार, प्रकाश मेहता ,सिकंदर मेहता, द्वारिका मेहता ,अशोक मेहता, लोकनाथ मेहता ,आदित्य कुमार, जीतू यादव ,संतोष यादव ,उमेश कुमार, वजीर मेहता समेत कई लोग शामिल थे।

## बड़कागांव में झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**बड़कागांव।** सिरमा पंचायत भवन में झामुमो का पंचायत स्तरीय बैठक किया गया, जिसकी अध्यक्षता मो अहद एवं संचालन मोहम्मद एहरार ने किया ।कार्यक्रम के झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए ।श्री बेदिया ने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी मूलवासी के लिए विशेष रूप से कार्य कर रही है गरीब महिला पुरुष के लिये भिन्न-भिन्न प्रकार के योजनाएं चलाए जा रहे हैं ।बैठक में झामुमों सीरमा पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष मो हेसाम ,उपाध्यक्ष समीर परवीन, मो मोहसिन,अहद रजा, सचिव मो तालीम,संयुक्त सचिव मो एकराम हुसैन,सहूद आलम,संगठन सचिव मो अकील,कोशाध्यक्ष करामत अली वही कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। मौके पर मुख्य संयोजक संजय सिंह, विशेश्वर राम, सफीउल्लाह अंसारी, संजय भुइयां ,मोहम्मद मनोहर, हजार खातून मेहनाज ,समीना खातून नसरीन जहां ,मो मुख्तार मोहम्मद कयूम,मो आशिक राजा,मो अमजद,मो तनवीर,सलामत मुस्कान, रानी खातून,मो गुलाम सहित सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे।

## हजारीबाग में दिनदहाड़े चेन छिनतई

**हजारीबाग।** शहर के नवाबगंज में उच्चको ने फिर से चेन छिनतई की घटना को अंजाम दिया है। इस मामले की सी सीटीवी फुटेज भी सामने आयी है। नवाबगंज लक्ष्मी पेट्रोल पंप के पीछे नीलकंठ टेंट हाउस के सामने रहने वाले शशि शेखर झा जो शहर में सेनेटरी वर्क का काम करते है उनकी पत्नी के गले से उच्चको ने35 ग्राम सोने का चेन झप्पटा मार के उड़ा दिया। इस दौरान उनकी पत्नी सारंधा कुमारी झा सड़क पर गिर गयी। उन्हें किसी तरह की गंभीर चोट नहीं लगी। इस मामले पर शशि शेखर झा ने कहा की उनकी पत्नी मटवारी स्थित कला किरण से अपने बेटे को लेकर घर पहुंची थी। उनका बेटा कला किरण में ड्राइंग सीखता है। वो जैसे ही घर के गेट के पास अपने स्कूटी पर थी। वहा पहले से घात लगाए उचक्कों ने उनका चेन छिल लिया। इस मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज कर दी गयी है।

## तीन कद्दावर नेता ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**बड़कागांव।** कांग्रेस के तीन कद्दावर नेता एक साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी से इस्तीफा देने वालों में मुख्य रूप से बड़कागांव पूर्व विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार, कांग्रेस महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष गीता देवी एवं कांग्रेस सेवा दल प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र विश्वकर्मा ने अपने लेटर पेड पर निजी कार्यो का हवाला देते हुए कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया है। सभी लोगों अपने-अपने इस्तीफा में कांग्रेस पार्टी के लिए 15 से 20 साल से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पार्टी के लिए काम करने की बात कही, परंतु अभी निजी कार्यों के व्यस्थता की वजह से पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं।

## समाज के लिए कोढ़ है बाल विवाह : केदार यादव



**बरही।** आजादी के कई वर्षो के बाद भी समाज में जागरूकता के अभाव में कुरीतियां समाज का दामन छोड़ नही रही है ।इन्ही कुरीतियों में प्रमुख है बाल विवाह ।बाल विवाह समाज के लिए एक अभिशाप है। इस बात की जानकारी भाजपा युवा नेता सह एंटी करप्शन क्राइम कण्ट्रोल कमिटी के प्रदेश उपाध्यक्ष केदार यादव ने पत्रकारों को बताया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह समाज के लिए एक कोढ़ है ।जिसके प्रभाव से बच्चों को शादी के बाद शारीरिक, मानसिक रूप से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।इसलिए इस बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए हमसभी को एकजुट होकर इस प्रथा को हटाने की जरूरत है।

## स्पीड न्यूज

### सांसद होंगे मेला के मुख्य अतिथि

**गुमला।** दुर्गा मंदिर परिसर खोरा में दुर्गा पूजा सह मेला समिति की बैठक हुई। जिसमें विजयादशमी के दूसरे दिन लगने वाले मेले में मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी व खोरा मुखिया लालो कुमारी लकड़ा को बुलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मीडिया प्रभारी जेके राज सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रखंड कृषि सुरक्षा समिति की बैठक

**डुमरी।** प्रखंड कृषि सुरक्षा समिति की बैठक रविवार को समिति के अध्यक्ष बिलफ्रेड किस्पोटा की अध्यक्षता में डुमरी बाजारटांड में हुई। जिसमें विभिन्न बिंदू पर चर्चा हुई। जिसमें रवि फसल के अंतर्गत खेतों में दलहन-तिलहन फसल लगाने, आवारा बैल बकरी जानवरों से फसल की सुरक्षा करने, रवि फसल के लिए प्रशासन की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गयी। मौके पर प्रेम प्रकाश उरांव,अनिल भगत, सरजू तिर्की, हेरमन तिर्की, डेविड मिंज, कुलदीप कुजूर, रामकृपा भगत, सूरज भगत, कुशल चंद्र टोपो, मुक्ति प्रसाद टोप्पो, सुरेंद्र किसान, मदन भगत भी थे।

### महिला को मारा धक्का, तीन घायल

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के पतागाई के समीप रविवार को पैदल चल रही महिला को बाईक सवार ने टक्कर मार दिया। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं आरंगी की ओर से आ रहे गुमला निवासी युवक प्रवीण कुमार जोशी ने अपने वाहन में सभी घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचाया। घायलों में बाइक चालक निरहू के बलि उरांव, गडगांव टिकराटोली निवासी प्रदीप उरांव, पतागाई निवासी लालो देवी के नाम शामिल है। वहीं चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया।

### नवनिर्मित अखड़ा का उद्घाटन



**घाघरा।** कॉलेज के समीप नवनिर्मित अखड़ा का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सविता देवी, उपप्रमुख शिवा देवी, बिधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, पहान भौवा पहान, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी ने किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि पर्व हम सभी को मिलजुलकर मनाने की जरूरत है। पर्व से आपसी सौहार्द बढ़ता है। पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। इसके पूर्व अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अमित ठाकुर, कृष्णा लोहरा, रवि पहान, कौशल किशोर सिंह, अजय साहू, अनिल उरांव आदि थे।

### बाजारटांड़ में लगा जितिया जतरा



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ में जितिया पर जतरा आयोजित किया गया। जिसमें पहान बीरेंद्र उरांव ने विधिवत पूजा अर्चना कर प्रसाद बांटा। जिसके बाद कैरो के अलावे खरता, टाटी, सढ़ाबे, बकसी, नरौली, बिराजपुर सहित दर्जनों गांवों से आये पारंपरिक भेषभूषा में खोड़हा पहुंच नृत्य कर अपनी संस्कृति की झलक दिखायी। मौके पर बुधुवा उरांव, बजरंग उरांव, विकास उरांव, संदीप उरांव, सिब उरांव, बाबूलाल उरांव इत्यादि ग्रामीणों का योगदान रहा।

### यूनिक के 11 छात्र बने सेना के जवान



**भंडरा।** प्रखंड बस्ती स्थित यूनिक कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने सीआरपीएफ, पारा कमांडो, सीआईएसएफ, अग्निवीर सहित सेना के विभिन्न परीक्षा में एक बार फिर बाजी मारी है। संस्थान के कुल 11 छात्र सेना के विभिन्न परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्थान और प्रखंड का नाम रोशन किया है। रविवार को सभी सफल विद्यार्थियों के सम्मान में यूनिक कोचिंग में एक सम्मान कार्यक्रम किया गया। निदेशक जगजीवन उरांव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का समय प्रतिस्पर्धात्मक हो चुका है और प्रत्येक युवक युवतियां अपने आपको सरकारी नौकरी करते हुए देखना चाहते हैं। सफल विद्यार्थियों में एक सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर जुगल किशोर उरांव भौरो, तीन पारा कमांडो में अरविंद यादव सेगरा टोली, चंद्रमा लोहरा कसपुर, अजय उरांव सेमरा, एक एसएसबी जवान राम उरांव सोरंदा पतरा टोली, एक सीआईएसएफ जवान अक्षय उरांव अरको, एक सीआरपीएफ जवान रौशन साहू भौरों, चार अग्निविर जवान अनिल उरांव भैसमुंदो, पिंटू उरांव सेगरा टोली, चंद्रप्रकाश उरांव भौरों और श्रीकांत उरांव उदरंगी शामिल हैं।

### सेवा भारती के शिविर में 48 की जांच



**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा ने चुन्नीलाल उवि परिसर में लगातार 69 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7 :30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने इसका शुभारंभ किया। इस शिविर में 48 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभ लिया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग यहाँ आकर अपने स्वास्थ्य की जांच एवं इलाज करवा कर स्वास्थ्य हो रहे हैं। जरूरतमंदों एवं असहायों की सेवा करना ही हमारा कर्तव्य है। डॉ कुमुद ने कहा की काफी लोग यहां अपना स्वास्थ का चेकअप करवा कर ठीक हो रहें हैं इससे हमें काफी संतोष है।

# भाजपा की सरकार बनी तो पिछड़ों को 27% आरक्षण : बाबूलाल

- महागठबंधन की सरकार में झारखंड में चल रही है जमीन लूट, युवा नौकरी के लिए कर रहे हैं पलायन
- भाजपा द्वारा आयोजित गुमला विधान सभा क्षेत्र स्तरीय संकल्प यात्रा संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**





संकल्प यात्रा में मरांडी का स्वागत करते कार्यकर्ता और मंचासीन बाबूलाल मरांडी, सांसद सुदर्शन भगत, समीर उरांव व अन्य।

**गुमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि आदिवासियों की हितैषी बनकर हेमंत सोरेन ने आदिवासियों के जमीन को ही लूटा है। दुमका से लेकर रांची तक हेमंत सोरेन ने जमीन खरीदी है। राज्य में युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। नौजवान भटक रहे हैं। श्री मरांडी रविवार को जिला भाजपा के द्वारा बस डीपू दुन्दुरिया में आयोजित संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए उक्त बाते कही।

उन्होंने कहा कि राज्य में पिछड़ों के साथ भी सरकार अन्याय कर रही है। श्री मरांडी ने कहा कि जब वे झारखंड के सीएम थे तो पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था। लेकिन न्यायालय के कारण बाद में आरक्षण में संशोधन हुआ। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने राज्य के पिछड़ों के साथ श्री धोखा किया है। राज्य के कई जिलों में पिछड़ों का आरक्षण खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार आएगी तो पिछड़ों का आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। पिछड़ी जाति के लोग भाजपा के कोर वोटर है। उनका हर हाल में पार्टी ख्याल रखेगी। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में गुमला में बालू महंगे मिलने लगे, ईट भट्ठा बंद हो गया। भट्ठा बंद होने से सैकड़ों लोगों का रोजगार छीन गया। सांसद समीर उरांव ने कहा कि राज्य में महागठंबधन सरकार के कार्यकाल में लूट, भ्रष्टाचार व अफरशाही हावी है। सरकार लोगों को नौकरियां नहीं दे रही है। जिसे युवा पलायन को विवश हैं।

**झारखंड के सबसे बड़े जमींदार हेमंत सोरेन हैं : दिनेश उरांव-** पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव ने कहा है कि झारखंड में सबसे बड़ा जमींदार हेमत सोरेन हैं। क्योंकि हेमंत ने राज्य के नियमों को ताक पर रखकर जमीन की लूट की है। आदिवासी व मूलवासियों की जमीन राज्य में लूटी जा रही है। राज्य में भाजपा को छोड़कर जब-जब दूसरे दलों की सरकार बनी वह पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी रही है।

**आदिवासी-मूलवासी की सरकार में नहीं मिल रही नौकरी : डॉ अरूण उरांव-** भाजपा नेता व पूर्व आईजी डॉ अरूण उरांव ने कहा कि राज्य में आदिवासी व मूलवासी की सरकार में कहां नौकरी मिल रही है। लोग पलायन करने को मजबूर हैं। काम के अभाव में कई गांवों के लोग पलायन कर चुके हैं। राज्य में ठग सरकार संचालित है। युवक-युवतियां रोजगार के लिए बाहर जा रहे हैं।

**कार्यक्रम में ये थे मौजूद :** कार्यक्रम को भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, एसटी मोर्चा के अध्यक्ष रामवतार भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष सविंद्र सिंह, विजय मिश्रा सहित कई लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कमलेश उरांव, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, विनय कुमार लाल, मुनेश्वर साहु, कार्यक्रम संयोजक भूपन साहु, सुजीत नंदा, शैल मिश्रा, पायल तिवारी, ज्योति कुमारी, विद्या मिश्रा, गायत्री देवी, रामेश्वरी उरांव, अमरमनी उरांव, सोनामनी देवी, गौरी किंडो, जगनारायण सिंह, दामोदर कसेरा, राधेश्याम कुशवाहा, यशवंत सिंह, राकेश सिंह, मंगल सिंह, बिपिन सिंह, सागर उरांव, निर्मल गोयल, कौशलेंद्र जमुवार, अवधेश प्रताप शाहदेव, गोपाल केसरी, मनोहर बड़ाईक, विजय केसरी, कुमार रवि, रामनंदन साहू, आलोक उरांव, प्रदीप प्रसाद, भोला चौधरी, सतवंती देवी, बिपिन बिहारी सिंह, श्याम किशोर पाठक, गोपाल गोप, कौशल किशोर सिंह, आशीष सोनी, निमाज खान, अरुनजय सिंह, शिवा देवी, अमित ठाकुर, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे। मंच संचालन मिशिर कुजूर व देवेंद्र लाल उरांव ने संयुक्त रूप से किया।

# जतरा हमारे पुरखों की धरोहर : सुखदेव भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जतरा में मांदर बजाते सुखदेव भगत।

**किस्को।** प्रखंड के नीनी गांव में करम जीतिया जतरा में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह लोहरदगा संसदीय लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा की जतरा हमारे पुरखों की सांस्कृतिक विरासत और धरोहर है। जिसके माध्यम से समाज में आपसी भाईचारा और सहभागिता बनी रहती है। आदिवासी संस्कृति बहुत ही समृद्ध है और पुरखे प्रकृति के ज्ञानी। नशापन से दूर रहने और शिक्षा पर बल दिया विशेष कर बच्चियों की शिक्षा पर। इस जतरा में 27 खोड़ा नृत्य मंडली अगल बगल गाँव से शामिल हुए। इसके पूर्व सुखदेव भगत एवं अतिथि गणों का पारम्परिक रूप से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने ग्रामीणों संग मांदर एवं नगाड़े बजा कर जम कर थिरके। खोड़हा दलों को सुखदेव भगत ने उपयोगी सामग्री पारितोष में दिया।

**ये भी थे उपस्थित**

मौके पर विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य संदीप गुप्ता, मुखिया मीना कुमारी, पवन गौतम, अनिल कुमार, वीरेंद्र यादव, रवि रोशन बेक, शाहिद अहमद, कुदूस, तबारक, आयोजन समिति के शनिचरवा उरांव, जतरा उरांव, लक्ष्मण उरांव, दया उरांव, आशीष कुजुर, अंकित उरांव दीपक उरांव, अनमोल भी थे।

# चैनपुर में बाबूलाल मरांडी का भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चैनपुर में बाबूलाल मरांडी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**चैनपुर।** बस स्टैंड के समीप रविवार को भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मण्डल के सांसद प्रतिनिधि नीरज शर्मा के नेतृत्व में संकल्प यात्रा कार्यक्रम गुमला में शामिल होने जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का पुष्पगुच्छ देकर और फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद सुदर्शन भगत सहित कई भाजपाई शामिल हुए। बता दे कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गुमला विधानसभा स्तरीय संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए डुमरी से चैनपुर सड़क मार्ग से अपने काफिले के साथ निकले जिनका चैनपुर में भव्य स्वागत करने के बाद चैनपुर मंडल से हजारों कार्यकर्त्ता बाईक, ऑटो और निजी वाहनों से और भाजयुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता बाइक रैली निकाल कर चैनपुर से बाबूलाल का काफिला को गुमला के कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया। मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि भूषण सिंह, अमित पाण्डे, बिक्की साहू, अरविंद मौर्य, पुनदू शर्मा, संतोष केसरी, यशवंत केशरी, राजेशरण बैगा, अनिल केशरी, बुधराम बड़ाईक, मयंक मौली शर्मा, स्थानीय मुखिया शोभा देवी, अर्चना देवी, रुकमनी देवी, मंजु देवी, बसंत जयसवाल के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रेलवे गोदाम श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा : डॉ परिमल कांति मंडल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड कैमो केन्द टोली में भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन का श्रम पाठशाला का शुभारंभ हुआ। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष- भारतीय रेलवे माल गोदाम सह श्रमिक यूनियन सह उत्तरी जोन रेलवे मेंबर्स डॉक्टर परिमल कांति मंडल ने श्रमिकों, छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा ब्रिटिश काल से शोषित भारतीय रेलवे गोडाउन वर्क्स के लिए लगातार आंदोलन की बदौलत मिली है सफलता। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द श्रमिकों का फिक्स न्यूनतम सैलरी, रेलवे गोडाउन श्रमिकों को गुड सेट में विश्राम भवन, पेंशन श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा व्यवस्था इत्यादि का सुविधा, पूरे भारतवर्ष में हों रही है। मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह सियालदह रेलवे डिवीजन मेंबर्स ने इंदु शेखर चक्रवर्ती कहा श्रमिकों का उज्जवल भविष्य को देखते हुए श्रमिकों का बच्चों के लिए श्रम पाठशाला शुभारंभ यूनियन को बड़ी जीत है।

## ननबैंकिंग कंपनी में लोगों के जमा पैसे के भुगतान के लिए होगी बड़ी कोशिश : विजय सिंह

- जेएनडी व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच द्वारा गुमला कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास पीड़ित मंच की सदस्य उर्मिला देवी की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि ननबैंकिंग कंपनी में लोगों का जमा पैसा भुगतान कराने के लिए बड़ी कोशिश की जा रही है। जिसके तहत ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच का गठन झारखंड स्तर पर किया गया है। श्री सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार से विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसा शुद्ध सहित लोगों को जल्द भुगतान कराने की मांग की है। श्री सिंह ने 7 नवंबर को रांची के राजभवन के समक्ष पैसे भुगतान की मांग को लेकर जन पुकार सभा में रांची चलने की भी अपील पीड़ित लोगों से की है। इसे लेकर अंतिम बैठक 15 अक्टूबर को गुमला कचहरी परिसर में होगी।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के करीदा तुंजटोली निवासी अलबेरटीना एक्का की मौत सर्पदंश से इलाज के दौरान गुमला सदर अस्पताल में हो गयी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को महिला खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान सांप ने उसे डंस लिया। सर्पदंश के बाद शाम छह बजे महिला को परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रात को महिला की मौत हो गयी।

### मरीजों के बीच लायंस क्लब ने किया फल वितरण

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला ने विश्व सेवा सप्ताह के तहत रविवार को सातवें दिन सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरित किया। मौके पर अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा कि फल मरीजों के हेल्थ के लिए लाभदायक है। मरीजो को प्रतिदिन फल का सेवन करना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, दामोदर कसेरा, ला शिव कुमार लाल, विशाल कुमार, सत्येंद्र कुमार, बनवारी अग्रवाल, शशि किरण जयसवाल, सत्यभामा अग्रवाल उपस्थित थी।

### सुड़ी जाति का आंकड़ा जारी करे बिहार सरकार

**लोहरदगा।** जिला सुड़ी समाज के पूर्व जिला महासचिव आलोक कुमार साहू ने कहा कि बिहार सरकार ने जाति जनगणना की आंकड़ा जो जारी किया है उसमें सुड़ी जाति की जनगणना की संख्या को नहीं दिखलाया गया है बल्कि सरकार ने कई जातियों के समूह बनाकर बनिया जाति जिसका कोड 122 बना है उसमें सुड़ी जाति को शामिल कर सुड़ी जाति के साथ छलावा किया है। श्री साहू ने बताया कि पूरे बिहार में सुड़ी जाति की संख्या लगभग 30 लाख है। बिहार सरकार अनेक जातियों को एक समूह में शामिल कर उनके जातियों के नाम पर आंकड़ों को छुपाने का काम कर रही है जो न्याय संगत नहीं है। श्री साहू ने बिहार सरकार से सुड़ी जाति सहित सभी जातियों की जनगणना स्पष्ट रूप से बताने की मांग की, ताकि जनसंख्या के आधार पर सुड़ी एवं अन्य जाति को बिहार उनका हक मिल सके।

### ...साहब मेरी पत्नी को ढूंढ़ दो, बिना बताये घर से चली गयी है, पति ने पुलिस को बताया अपना दर्द



**भंडरा।** प्रखंड के भौरों गांव में एक महिला अपने एक दो वर्षीय पुत्री संतोषी कुमारी को लेकर कहीं गायब हो गयी। परेशान पति रविवार को भंडरा पुलिस थाने पहुंचा और गुमशुदगी दर्ज कराई है। युवक ने बताया कि उसकी पत्नी घर से खेत जाने की बात कर निकली और कहीं चली गई है, उसे ढूंढ़ दीजिए। उसके एक बच्चे हैं, सभी परेशान हो रहे हैं। पति ने इस मामले में भंडरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करके कार्रवाई का आश्वासन दिया है। भंडरा थाना क्षेत्र के भौरों गांव निवासी उत्तम प्रजापति अपने परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी प्रिया देवी के साथ ही एक बच्चा है।

## पतंजलि ने लोहरदगा में शुरू किया विशेष योग शिविर

- योग शिविर में शामिल हो तनावमुक्त जीवन प्राप्त करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के तत्वाधान में सात दिवसीय निशुल्क विशेष योग सत्र का आयोजन का शुभारंभ किया गया। सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन प्रखंड परिसर स्थित सहकारिता भवन परिसर में आयोजित की गयी है।

मौके पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वरिष्ठ योग शिक्षक संजय मधुर एवं पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती ने संयुक्त रूप से योग अभ्यास के क्रियाओं का अभ्यास कराया। शिविर में दंड बैठक, सूर्य नमस्कार के 12 क्रियाएं, पेट एवं पीठ के बल एवं बैठकर किए जाने वाले रोग निवारण हेतु प्रमुख आसनों का अभ्यास भी लाभ के साथ प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया।

## एसपी से मिला जिला अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधिमंडल

**लोहरदगा।** जिला अधिवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को न्यायालय परिसर में हुई घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां से मिला। घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिवक्ताओं ने निंदा एवं रोष व्यक्त करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि यह अधिवक्ताओं के सुरक्षा और मान-सम्मान का प्रश्न है इसलिए इस पर किसी भी प्रकार का कोई कोताही नहीं बरती जायेगी।

## जितिया-करमा पर फुटबॉल टूर्नामेंट, ईचा टीम को खिताब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** जितिया व करम पर्व पर विराटगढ़ इचा द्वारा इचा आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूनामेंट संपन्न हुआ। टूनामेंट विगत 15 वर्षो से किया जा रहा है। प्रतियोगिता का फाइनल मैच विराट गढ ईचा ए,बनाम सरना स्पॉटिंग क्लब कंडरा के बीच हुआ। जिसमें विराट गढ़ ईचा की टीम विजय रही।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि घाघरा थाना के एसआई निर्मल महतो और पूर्व मुखिया आदित्य भगत थे। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मौके पर एसआई निर्मल महतो ने कहा कि खेल को नियम संगत खेलना चाहिए। खेल से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास होता है। पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने कहा कि, युवा सिर्फ टूर्नामेंट न खेले, खेल को अपना करियर बनायें या डिफेंस के क्षेत्र में अपना करियर बनायें। नशा पान से दूर रहें। जितिया करम का ढेर सारी शुभकामना दी।

# एक उमरा दूसरे उमरा के बीच गुनाहों का कफ्फारा है : मुफ्ती उमर फारूक

- 19 को लोहरदगा और आसपास से उमरा जायरीनों का प्रस्थान निश्चित : हाफिज मोहम्मद इमरान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जायरीनों को संबोधित करते मुफ्ती।

**लोहरदगा।** उमरा के पवित्र यात्रा पर जाने वाले भाग्यशाली तीर्थयात्रियों के लिए सईद कॉम्प्लेक्स न्यू रोड लोहरदगा में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। मौके पर आयोजित बैठक को जनाब अल्हाज हाफिज मुहम्मद इमरान हज एवं उमरा सर्विस लोहरदगा एवं मुफ्ती मुहम्मद उमर फारूक काजी शरीयत लोहरदगा ने संबोधित किया। उमराह पर जाने वाले जायरीनों को विस्तृत संबोधन देते हुए जनाब हाफिज मुहम्मद इमरान ने कहा कि आगामी 19 अक्टूबर को लोहरदगा और आसपास से उमरा जायरीनों का प्रस्थान निश्चितच है। उमरा दौरान इबादत पर खास ध्यान दें। अपने समय को कीमती बनाने की भरपूर कोशिश करें, दिल से प्रार्थना करें, अपने लिए साथ ही साथ देश में अमन, चैन और खुशहाली के लिए भी दुआ करें। शरीयत की रोशनी में हर कार्य को करने का प्रयास करें, उन्होंने तीर्थयात्रियों से आग्रह किया और कहा कि यात्रा में हर साथी को एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर पर खरीदारी पर ज्यादा ध्यान नहीं दें।

- मुफ्ती उमर फारूक काजी शरीयत लोहरदगा ने कहा कि आमतौर पर जो लोग पहली बार उमरा के लिए जाते हैं, उन्हें हरम मक्का में प्रवेश और तवाफ की शुरूआत और अंत के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। ऐसे लोगों को काबा का तवाफ करते समय संतुष्टि दिखानी चाहिए और निर्धारित नियमों का ध्यान रखना चाहिए, ताकि वे शांति से तवाफ कर सकें। और इस मुबारक कार्य को इबादत की नियत से पूरी ईमानदारी और श्रद्धा के साथ करें। मौके पर हाजी रेयासत साहब, हाजी सईद साहब, मुहम्मद इरफान, ताबिश आलम और मुहम्मद हसनैन आदि ने भाग लिया। हाजी हाफीज मोहम्मद इमरान आलम ने बताया कि इस बार कुल 40 लोग हज उमरा के लिए जा रहे हैं। जिनमें से हजारीबाग और अंबिकापुर के लोग यहां की ट्रेनिंग कैंप नहीं आये हैं।

### जलकृषि पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के उपरांत दिया गया प्रमाण पत्र

- समन्वित मछली पालन, मिश्रित मछली पालन, पिंजरे में मछली पालन के साथ-साथ मछली आहार बनाने की दी गयी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रशिक्षणार्थियों के साथ कॉलेज के अध्यापक व अन्य।

**गुमला।** मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय गुमला द्वारा सतत जलकृषि पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 28 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। जिसमे 22 महिलाएं एवं 6 पुरुष शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणाथीयों को समन्वित मछली पालन, मिश्रित मछली पालन, पिंजरे में मछली पालन के साथ-साथ मछली आहार एवं मछली के मूल्यवर्धित उत्पाद बनाने की विधि को बताया गया। प्रशिक्षण में सम्मिलित सभी लोग धनसिंह जलाशय में पिंजरे में मछली पालन से जुड़े हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें पिंजरे में मछली पालन से संबंधित तकनीकी जानकारी दी गयी एवं इसमें आने वाली समस्याओं के समाधान के बारे में भी चर्चा की गयी। मछली के मूल्यवर्धक उत्पाद बनाने एवं इन्हें बाजार में बेचने के बारे में बताया गया। इस प्रशिक्षण में मछली का मोमो बनाना सिखाया गया एवं प्रशिक्षण के दौरान उनके द्वारा बनाये गए मोमो को महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर टेंट लगाकर बिक्री भी की गयी।

## स्पीड न्यूज

### दो माह से राशन नहीं मिलने पर लाभुकों ने किया हंगामा



डीलर की दुकान के पास बैठे लाभुक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डंडई।** दो माह का राशन नहीं दिए जाने से आक्रोशित लाभुकों ने रविवार डीलर के दुकान पहुंच जम कर हंगामा किया। लाभुक डीलर से दो माह का बकाया राशन देने की मांग कर रहे थे। इार हंगामा होते देख जन वितरण प्रणाली दुकानदार महाजुद्दीन अंसारी दुकान में ताला बंद कर भाग गए। लाभुक फुलवंती देवी, धनवंती देवी, मुनिया बीवी, राजकली देवी, मुन्नी बेबी, शमशाद अंसारी, मैनुद्दीन अंसारी, सद्दाम अंसारी, कैलाश प्रजापति, गयासुद्दीन अंसारी, याकूब अंसारी, शोएब अंसारी सहित दर्जनों लाभुकों ने कहा कि डीलर द्वारा ई पश मशीन पर अंगूठा लगवाकर अगले माह राशन देने कि बात कह कर टाल मटोल किया जाता है। कभी भी पूरा राशन नहीं दिया जाता है। मशीन खराब होने का बहाना बनाकर लाभुकों को दौड़ा-दौड़ा कर थका दिया जाता है। लाभुक सरस्वती देवी ने कहा कि डीलर महाजुद्दीन द्वारा राशन के लिए 15 दिन से दौड़ाया जा रहा है। राशन मांगने पर आज देंगे कल देंगे कह कर हमेशा परेशान किया जाता है। सविता देवी ने बताया कि डीलर द्वारा अंगूठा लगवाने के बावजूद भी राशन नहीं दिया गया है। इस संबंध में डीलर से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

### सिंदवारी कला व सिंदवारी खुर्द में वन समिति के पुनर्गठन को लेकर हुई बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत मंझगांवा पंचायत के सिंदवारी कला एवं सिदवारी खुर्द में रविवार को वन समिति को लेकर पुनर्गठन करने के लिए दुर्गा मंडप में बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि वसंत कुमार सिंह ने किया। जहां वनरक्षी मृत्युंजय कुमार भी उपस्थित थे। सर्व समिति से सिंदवारी कला में अध्यक्ष के लिए रिशु कुमार उपाध्याय उपाध्यक्ष के लिए गीता देवी पति गोविंद यादव सहसचिव के लिए बृजेश कुमार सिंह को चयन किया गया। तो वहीं सिदवारी खुर्द में अध्यक्ष के लिए त्रिभुवन दांगी उपाध्यक्ष के लिए मासोमात ईशा देवी सहसचीव मोड्ड इसराइफिल को चयन किया गया है। इन लोगों को जंगल सुरक्षा के लेकर देख करने का भार ग्रामीणों द्वारा सोपा गया है। बैठक में दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिला परिषद संवेदक संघ की बैठक आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** रविवार को भद्रकाली मंदिर के जिला परिषद डाक बंगला में जिला परिषद संवेदको की बैठक आयोजित की गई। जिसमें इटखोरी और मयूरहंड प्रखंड के सभी संवेदक बैठक में उपस्थिति हुए। बैठक की अध्यक्षता योगेंद्र सिंह ने किया। संचालन जिला परिषद प्रतिनिधि भारत साव ने किया। मौके पर सर्व समिति से पूर्व जिला पार्षद दिलीप साव को संवेदक संघ का अध्यक्ष बनाया गया। संघ के संचालन में अध्यक्ष के साथ सात सदस्य कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें भारत साव, डॉक्टर मृत्युंजय सिंह, जागेश्वर यादव,सतीश सिंह, बालेश्वर यादव, योगेंद्र सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, नगिन सिंह को बनाया गया। बैठक में जिला परिषद से आने वाले निविदा को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में विकास कुमार सिंह, पिंटू सिंह,अमित कुमार सिंह, नागिन सिंह, राजकुमार दांगी, प्रवीण कुमार सिंह गणपत दांगी, अवध किशोर दांग, राम प्रसाद याद, पेमन नायक, सिकंदर यादव, रसिक सिंह, अनिल सिंह सहित दर्जनों संवेदक उपस्थित थे।

### रांची में 12 को जुटेंगे आंदोलनकारी : रविंद्र

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित गांधी हाई स्कूल मैदान के प्रांगण में झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र के झारखंड अलग राज्य के चिन्हित आंदोलनकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय सचिव नेता सत्यदेव राय एवं संचालन चिन्हित आंदोलनकारी नेता नागेश्वर प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि रविंद्र शांडिल्य झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी नेता एवं पूर्व प्रत्याशी विधानसभा कोडरमा झारखंड मुक्ति मोर्चा उपस्थित हुए। वहीं उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी चिंहितिकरण आयोग रांची द्वारा जिले के वैसे चिन्हित आंदोलनकारी जिन्हें अब तक प्रशस्ति पत्र नहीं मिल पाया है उन्हें 12 अक्टूबर 2023 को दिन 12 बजे आयोजित शहीद मैदान रांची में आंदोलनकारी सम्मान समारोह के दौरान प्रशस्ति पत्र हस्तगत करवाया जाएगा।

## मुंबई की कंपनी को कार्य आवंटित, 352 करोड़ 91 लाख रुपये में होगा निर्माण

# कोडरमा मेडिकल कॉलेज का निर्माण बहुत जल्द शुरू होने की संभावना

### पूर्व में काम करा रही कंपनी पर हो चुकी है कार्रवाई, एक वर्ष से बंद पड़ा है काम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले का कोडरमा मेडिकल कॉलेज का निर्माण एक बार फिर बहुत जल्द शुरू होने होने वाली है, अगर सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले कुछ दिनों में धरातल पर एक बार फिर काम होता दिखेगा। पूर्व में कार्य करा रही कंपनी सिम्पलेक्स इंफ्रा प्रालि. पर हुई कार्रवाई के बाद एक वर्ष से बंद पड़ा काम अब शुरू होने की उम्मीद है। दरअसल राज्य स्तर से मेडिकल कॉलेज के निर्माण को लेकर एक बार फिर टेंडर प्रक्रिया फाइनल की गयी है। इसके तहत मुंबई की कंपनी वेसकॉन इंजीनियर लिमिटेड को काम मिला है। कंपनी को पूरा निर्माण कार्य 352 करोड़ 91 लाख 529 रुपये में 30 माह के अंदर पूरा करना है। झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के



कोडरमा मेडिकल कॉलेज।

कार्यपालक निदेशक ने उक्त कंपनी को कार्य आवंटित किये जाने का पत्र भी जारी कर दिया है। यही नहीं, संबंधित कंपनी कार्यपालक अभियंता सह प्रबंधक को गत दिनों पत्र लिखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार, 23 सितंबर 2018 को करमा में 6984 एकड़ जमीन में से आधी जमीन पर पहले फेज में मेडिकल कॉलेज निर्माण की आधारशिला पीएम नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन रखी थी, उस समय करीब 319 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज के साथ जिला अस्पताल के अपग्रेडेशन का पूरा करने को लेकर डेडलाइन फरवरी 2021 तय की गयी थी, पर काफी समय बीत जाने के बाद भी कार्य रफ्तार पकड़ नहीं पाया। कंपनी की लापरवाही को देखते हुए भवन निर्माण निगम लिमिटेड ने उक्त कंपनी को टर्मिनेट कर दिया था, इसके बाद से अक्तूबर 2022 से कार्य पूरी तरह से बंद हैं। कार्य बंद होने के बाद मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल के अपग्रेडेशन कार्य को पुनः चालू करने को लेकर टेंडर फाईनल कर लिया गया है।

**20 फीसदी बढ़ गयी परियोजना की लागत :** बतादें कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण पहले 319 करोड़ में होना था पर बीच में काम बंद होने व कंपनी को टर्मिनेट कर नयी कंपनी को काम देने की वजह से परियोजना की लागत क्षमता करीब 20 फीसदी बढ़ गयी है।

पहले की कंपनी को किये गये काम के बदले करीब 22 करोड़ का भुगतान किया गया था। झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के कार्यपालक अभियंता अशोक रजक ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण को लेकर मुख्यालय स्तर से कंपनी का एल-वन फाइनल हो गया है। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जल्द काम शुरू कराया जायेगा।

# अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** अनुमंडल मुख्यालय के किसान भवन में रविवार को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने की। जबकि संचालन तापेश्वर यादव ने किया। बैठक में पंचायत स्तरीय कमिटी गठन करने का निर्णय लिया गया है।

कहा गया कि 15 दिनों अंदर पंचायत कमिटी का गठन हर हाल कर लिया जाए, ताकि आगामी 05 नवंबर को चतरा में आयोजित शताब्दी वर्ष समापन समारोह को सफल बनाया जा सके। प्रखंड अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि 05 नवम्बर को चतरा में आयोजित शताब्दी वर्ष समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, रंजन यादव और नीलम देवी यादव उपस्थित होंगे। जिसके लिए तैयारी की जा रही



है। बैठक में पंचायत कमिटी गठन करने के लिए पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

जिसमें चोपे, पीरी और इचाक पंचायत- बीरेंद्र यादव, दामोदर गोप, राजेश यादव और बबन यादव, हुरनाली, बानासांड़ी और पुण्डरा- नरेश यादव, गिरधारी यादव, शिबू यादव, रबीन्द्र यादव, एदला, डाड़ी, पगार- विकाश यादव, परमेश्वर यादव, सूरज यादव, शम्भू यादव, बनहें, सबानो, जांगी- जवाहर यादव, तापेश्वर यादव, आनंद यादव, धर्मेंद्र यादव, बगरा, सेरेनदाग- महेंद्र यादव, रामजतन गोप, छोटू यादव, जबड़ा, कसारी, जिरवाखुर्द- विकाश यादव, कलिंदर यादव, प्रदीप यादव, विजय यादव और गोपाल यादव को जिम्मेवारी सौंपी गई है। सभी नवनियुक्त प्रभारियों को 15 अक्टूबर तक पंचायत कमिटी गठन करने का अनुरोध किया गया है। बैठक में बीरेंद्र यादव, कलिंदर यादव, दामोदर गोप, भीम यादव, गिरधारी यादव, प्रदीप यादव, विकाश यादव, प्रमोद यादव, जवाहर यादव, नरेश यादव, धर्मेंद्र यादव, रविंद्र यादव, आनंद यादव, शिबू यादव, रविन्द्र यादव, विकाश यादव सहित यादव समाज के लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त के समक्ष ढिबरा मजदूरों की हाहाकार रैली और प्रदर्शन 12 को

**कोडरमा।** झारखंड सरकार की नियमावली के तहत मजदूरों की को-ऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से जेएसएमडीसी द्वारा ढिबरा की खरीदारी में हो रहे विलंब के विरोध में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष 12 अक्टूबर को ढिबरा मजदूरों की हाहाकार रैली आयोजित की गई है। रैली का आयोजन माइका वर्कर्स यूनियन ने किया है। माइका वर्कर्स यूनियन के संयोजक महेंद्र तुरी एवं सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विगत 17 जनवरी को ही नियमावली के तहत ढिबरा खरीदारी के काम का बकायदा उद्घाटन कर चुके हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि खान एवं भूतत्व विभाग तथा जेएसएमडीसी के अधिकारियों की सुस्ती के कारण स्थिति ज्यों कि त्यों बनी हुई है। नियमावली के तहत ढिबरा पर सरकार का एकाधिकार कायम हो चुका है। ऐसे में खरीदारी शुरू नहीं होने से लाखों ढिबरा मजदूरों की हालत बेहद खराब हो गई है। त्योहारों का मौसम आ गया है, लेकिन मजदूरों का चूल्हा ठंडा पड़ा है। सरकार की कुव्यवस्था के शिकार मजदूरों में हाहाकार की स्थिति है। सरकार की वाहवाही की जगह आलोचना हो रही है।

### गाय की सेवा से सभी देवताओं की सेवा होती है : आचार्य अनिरुद्ध

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री कोडरमा गौशाला समिति के द्वारा गौशाला प्रांगण में गौवंशो के लिए आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत मूल पाठ श्रवण का समापन रविवार को पूर्णाहुति के बाद महाप्रसाद वितरण के साथ किया गया। मूल पाठ के सातवें दिन वृंदावन के आचार्य पंडित अनिरुद्ध शर्मा जी और आचार्य पंडित भरत शर्मा जी ने श्रीमद् भागवत पुराण के द्वादश स्कन्ध के अध्याय का पाठ किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति किसी कारणवश श्रीमद् भागवत पुराण के पहले के स्कन्ध का श्रवण नही कर पाते हैं उनके द्वारा सिर्फ द्वादश स्कन्ध का श्रवण करने से संपूर्ण भागवत कथा सुनने का पुण्य प्राप्त होता है।

# शिक्षक व उसके परिजनों ने गिराया अपने गोतिया का पीएम आवास

### पीटकर सात लोगों को किया घायल



रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए आये भुक्तभोगी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत के दुबेतहले गांव में एक शिक्षक एवं उनके परिजनों ने अपने गोतिया के बन रहे पीएम आवास के चार फीट ऊंचे दीवाल को सब्बल से गिरा दिया और मना करने पर बांस के डंडे से मारकर दो महिलाओं समेत सात लोगों को घायल कर दिया। उक्त सभी का इलाज मझिआंव रेफरल अस्पताल में चिकित्सक ड मनीष कुमार सिंह द्वारा किया गया। रेफरल अस्पताल में इलाज करा रहे राकेश कुमार, नंदू राम गुड्डू राम, पंकज कुमार, दीपू कुमार, आशा देवी एवं मनीता देवी ने बताया कि रविवार को सुबह वे अपने घर में थे। इसी बीच कुछ गिरने की आवाज आई। बाहर निकलकर देखा कि सेवानिवृत्त शिक्षक चंदू राम, उनके भाई प्राथमिक विद्यालय ऊंचरी के शिक्षक बिंदु राम तथा उनके घर वाले बहादुर राम, जयप्रकाश राम आदि मेरा पीएम आवास सब्बल से गिरा रहे हैं, तो हम लोगों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो वे लोग उसी स्थान पर रखे बांस से मारने लगे। साथ में उनके घर की महिलाओं कौशल्या देवी, प्रभा देवी, मालती देवी, लालती देवी एवं गीता देवी आदि ने भी हम लोगों को डंडे से मारकर घायल कर दिया।

# चित्रकला प्रतियोगिता के साथ वन्य जीव सप्ताह का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### 17 लोगों को मिला सांत्वना पुरस्कार

**टंडवा (चतरा)।** पिछले एक सप्ताह से दक्षिणी वन प्रमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चलाये गये जागरूकता अभियान के समापन समारोह में रविवार को सूबे के मंत्री सत्यानंद भोक्ता मिश्रोल हाई स्कूल मैदान में पहुंचे, जहां पारंपरिक तरीके से स्वागत के बाद मंच पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान वक्ताओं द्वारा पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन में वन तथा वन्यजीवों के संरक्षण एवं संवर्धन पर प्रकाश डाला गया।श्री भोक्ता ने अपने संबोधन में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का जिक्र कर योग्य लोगों से लाभ लेने के लिए प्रेरित किये। बताया कि बेरोजगार युवाओं को 1 हजार तथा युवतियों को 15 सौ रुपए प्रतिमाह भत्ता दिया जा रहा है। साथ हीं, श्रम विभाग में 17 हजार बहाली की वेकेंसी निकाली गई है।



बताया कि कच्चे मकानों की मरम्मती व जलावन के लिये पहले वनों की कटाई होती थी पर अब कोयला व गैस की सुलभ उपलब्धता से बहुत कम हुवा है। मंत्री ने सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के आग्रह पर मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत टंडवा में ट्रेनिंग सेंटर खोलने की घोषणा किये। डीएफओ मुकेश कुमार बताया कि प्रतिवर्ष अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में अभियान चलाकर लोगों को जागरूक तथा प्रोत्साहित किया जाता है।प्रखंड क्षेत्र में वनों के संकुचन तथा एनओसी संबंधित पूछे गये सवाल के जबाव में बताया कि देशहित को देखते हुवे विभाग द्वारा अनापत्ति दी जा रही है ।पर, नियमानुसार प्रबंधन से चार गुणा पौधारोपण क्षेत्र या समतुल्य मूल्य एवं उसपर लगाये जाने वाले पेड़ों का 10 वर्षों तक रख-रखाव का खर्च भी वसूल करती है।इस दौरान वन विभाग ने हांथी भगाने वाला दो सायरन मशीन बांटे ।जबकि प्रतियोगिता में 5 से 8 वर्ग के स्कूली बच्चों में प्रतिभागी चित्रकारी में विजेता प्रथम अदिति राज, द्वितीय शिवरंजन कुमार, तृतीय नैना कुमारी तथा 9 से 12 वर्ग के प्रथम प्रेरणा कुमारी, द्वितीय निशु कुमारी एवं तृतीय अंकित साहु पुरस्कृत किये गये। जबकि निबंध प्रतियोगिता में वर्ग 6 से 8 के प्रथम प्रेरणा कुमारी, द्वितीय नंदनी कुमारी तथा तृतीय बादल एवं वर्ग 9 से 12 वर्ग के प्रथम मधु कुमारी, द्वितीय रिया कुमारी तथा तृतीय रिंकी कुमारी समेत अन्य 17 लोगों को सांत्वना पुरस्कार मंच पर दिया गया। इस मौके पर प्रशिक्षु अधिकारी वाग पवन शालिग्राम,रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना, सीओ राजेन्द्र दास, बीडीओ रामनारायण खलखो,अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुभाष यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी,सुमन भारतीय समेत सैंकड़ों स्कूली बच्चे, वनकर्मी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का मंदिर बनकर तैयार



भगवान विश्वकर्मा का मंदिर।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय के सामने स्थित निर्माणाधीन देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की मंदिर बनकर पूर्णतः तैयार हो गया है। इस मंदिर में देव शिल्पीकार भगवान विश्वकर्मा का विराजने वाला आसन बेहद आकर्षक ढंग से बनाया गया है। मंदिर के अंदर में टाइल्स एवं संगमरमर की पत्थरों से बेहद आकर्षण ढंग से सजाया संवारा गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर के अध्यक्ष अक्षयवर विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष बद्रीनाथ शर्मा एवं कोषाध्यक्ष सेवानिवृत शिक्षक बैजनाथ शर्मा ने बताया कि मंदिर की स्थापना सन 2002 में हुआ है। तब से लेकर आज तक अनवरत पूजा होता रहा है। मंदिर का निर्माण कार्य 2013 से शुरू हुआ था। विश्वकर्मा एवं शर्मा समाज के अलावा तमाम वर्ग के लोगों के सहयोग से आज मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। भगवान विश्वकर्मा के इस मंदिर निर्माण के लिए स्व.रामचंद्र विश्वकर्मा के द्वारा छह डिसमिल जमीन दान में दिया गया है। वहीं रामप्रीत विश्वकर्मा के द्वारा ार्मशाला निर्माण के लिए मंदिर के समीप तीन डिसमिल जमीन देने की घोषणा की है। वही विश्वनाथ विश्वकर्मा के द्वारा स्वयं के खर्चे से भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा देने की घोषणा की गई है। साथ ही कहा गया कि बहुत ही जल्द शुभ मुहूर्त देखकर मूर्ति स्थापना का समय निर्धारित किया जाएगा। मौके पर संतोष कुमार विश्वकर्मा, कृष्णानंद विश्वकर्मा, अमित विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, अजीत विश्वकर्मा, गोलू विश्वकर्मा, श्रीकांत विश्वकर्मा, छोटू विश्वकर्मा, परीखा विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

### अंडरग्राउंड घर में घुसा अतिवृष्टि एवं डैम का पानी, उपायुक्त से समस्या निवारण की मांग



मोटर से निकाला जा रहा घर में घुसा पानी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के खरसोता गांव में कुछ दिन पूर्व हुई अति वृष्टि एवं डैम का पानी अंडरग्राउंड मकान में घुस गया है। जिसके कारण घर में रखा सामान बर्बाद हो गया है। इार भुक्तभोगी रामाशंकर प्रसाद ने उपायुक्त को आवेदन देकर समस्या का उचित समाान करने की मांग की है। दिए गए आवेदन में रामाशंकर ने गांव की ही एक वृद्ध एवं असहाय महिला चंद्रावती कुंवर उर्फ छुला साहून पर प्रधानमंत्री आवास बनाकर कलभट बंद कर देने का आरोप लगाया है। कहा गया है कि कल भट्ट बंद हो जाने के कारण सड़क से पश्चिम की ओर डूब क्षेत्र बन गया है। साथ ही उन्होंने डूब क्षेत्र से होकर गुजरने वाले 11000 बिजली प्रवाहित पोल एवं तार गिरने के अलावा डेंगू, मलेरिया एवं हैजा आदि जानलेवा बीमारी होने की संभावना व्यक्त कि है। उन्होंने दिए गए आवेदन में अंचल अधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता के ऊपर भी आरोप लगाते हुए कहा है कि पूर्व में अनुमंडल कार्यालय के द्वारा जांच प्रतिवेदन मांगने के निर्देश के बावजूद भी अंचलाधिकारी के द्वारा समय पर अनुमंडल कार्यालय को जांच प्रतिवेदन नहीं सौंपा गया। जिसके कारण उक्त महिला द्वारा आवास बनाकर कलभट को बंद कर दिया गया। इसकी प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को भी दे दी गई है।

### झारोटेफ, एनएमओपीएस का जिला महाधिवेशन सह कार्यकारिणी पुनर्गठन कार्यक्रम संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा के सभागार में झारोटेफ के प्रांतीय कमिटी के निर्देश पर जिला महाअधिवेशन सह जिला कार्यकारिणी का पुर्नगठन कार्यक्रम जिला संयोजक डॉ.वासुदेव राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रांतीय कमिटी के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिला संयोजक के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया तथा अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया। प्रांतीय पर्यवेक्षक के रूप में संगठन सचिव रौशम एलन मरांडी, मुख्य संगठन सचिव रविन्द्र चौधरी, मुख्य मिडिया प्रभारी अमित राम, मुख्य अतिथि के रूप मे प्रांतीय महासचिव उज्वल तिवारी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष नितिन कुमार एवं प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुधा शर्मा उपस्थित थी। सभी प्रांतीय पदाधिकरीयों ने एनएमओपीएस की सफलता के बारे में अपने-अपने विचार को रखते हुए कहा कि राज्य में मात्र एक एनएमओपीएस ऐसा संगठन है जिसके बैनर तले पुरानी पेंशन की नींव पर ही संगठन को अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए की गई है। राज्य के सभी पदाधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारियों के हित के प्रति संगठन कटिबद्ध हैं। झारोटेफ की स्थापना एनएमओपीएस के नींव पर ही संगठन को अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए की गई। जिसमें राज्य के सभी पदाधिकारी सभी शिक्षक एवं सभी कर्मचारियों के हित के प्रति कटिबद्ध है। झारोटेफ के जिला कर्यकारिणी का पुर्नगठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निम्न पदों पर चयनित एव मनोनीत किया गया। वहीं जिला अध्यक्ष डॉ. वासुदेव राम, जिला कोषाध्यक्ष मनोज वाजपेयी, जिला सचिव शैलेन्द्र तिवारी, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गायत्री सिंह, वीणा कुमारी के अलावा काफी संख्या में सभी विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### बाइक सवार तीन युवकों को अज्ञात बोलेरो ने मारी टक्कर

**महुआडांड़।** महुआडांड थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसकरचा गांव निवासी सतीश तिर्की (17 ) पिता बिमल तिर्की एवं ललित कुजूर (18 ) पिता स्व. जवाकिम कुजूर और लूरगुमी खुर्द गांव के युवक अमजित जोनी लकड़ा (25) पिता फ्रांसिस लकड़ा रविवार शाम लगभग छह बजे बांसकरचा मोड़ रोड कंट्रक्शन प्लांट के स्थित मोड में मोटरसाइकिल दुर्घटना मे घायल हो गया है। ललित कुजूर की हालत गंभीर बताई जा रही है, इन तीनो घायलो का प्रथामिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड में डा. अमित खलखो द्वारा कर बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर किया गया। इस घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया, एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीनो महुआडांड़ की ओर जा रहे थे, विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात बोलेरो के द्वारा टक्कर मारा गया और टक्कर मारने के बाद बोलेरो गाड़ी फरार हो गई। ग्रामीणों की मदद से तीनों घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

### सेरक व चकला में वन अधिकार समिति का हुआ गठन

**चंदवा।** सरकार के प्रधान सचिव अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड रांची के पत्रांक 2150 के आलोक में बाबा वीर दिशोम अभियान 2023 (वन अधिकार अधिनियम 2023) के क्रियान्वयन तथा वन अधिकार समिति (एफआरए) गठन को लेकर चंदवा प्रखण्ड के सेरक व चकला में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सेरक पंचायत में पर्यवेक्षक संख्यायिक पदाधिकारी शिशिर बारला, ग्राम प्रधान जगलाल उरांव, मुखिया अनिता भगत, राजस्व कर्मचारी अमित तिर्की की मौजूदगी में वन अधिकर समिति गठित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से बाबूलाल उरांव को अध्यक्ष व धनलाल उरांव को सचिव चुना गया। इसके अलावे मुनिया परहिन, मुनिया देवी, अल्पन यादव, सुकलदेव उरांव, जगेश्वर उरांव, जग सहाय उरांव समेत 12 लोगों को सदस्य बनाया गया।

### सामूहिक दुष्कर्म के तीन दोषियों को उम्रकैद एवं जुर्माना

**लातेहार।** पोक्सो की विशेष अदालत जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार की अदालत ने किशोरी की सामूहिक बलात्कार के तीन आरोपियों को टील नेचुरल लाइफ उम्र कैद की सजा एवं 25-25 हजार रुपए जुमार्ना की सजा मुकर्रर किया है। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने जेल में बंद तीनों आरोपियों को विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रस्तुत कराया और उन्हें फैसला सुनाया। पोक्सो अदालत के विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार दास ने बताया कि चंदवा थाना कांड संख्या 110/20 के तीन आरोपियों बालकिशोर उरांव, मोहनदेव उरांव एवं मनीष महतो ने चंदवा की एक 15 वर्षीय पीड़िता को उस समय रास्ते से रोक कर सामूहिक बलात्कार किया था जब वह कुछ सामान खरीदने दुकान में जा रही थी। तीनों आरोपियों ने उसे रास्ते से पकड़ कर बारी-बारी से बलात्कार किया था। इस मामले में भादवि की धारा 376 डी एवं 4/6/8 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में कुल 9 गवाहों को पेश किया गया।

### महिला से 45 हजार रूपये की ठगी, मामला दर्ज

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनहरदी पंचायत अंतर्गत डड़ैया गांव की महिला कांति देवी से साइबर ठगो के द्वारा सुखाड़ राहत के नाम पर 45 हजार रूपये ठगी करने का मामला सामने आया है। भुक्तभोगी कांति देवी पति दशरथ सिंह ने रविवार को चंदवा थाना में आवेदन देकर मोबाइल फोन के जरिए धोखाधड़ी कर 45000 रूपये ठगी करने का मामला दर्ज कराया है। उक्त महिला के आवेदन पर चंदवा पुलिस ने कांड संख्या 201/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि शनिवार 7 अक्टूबर को पूर्वाहन 11:00 बजे मोबाइल नंबर 9123371370 से मेरे मोबाइल नंबर 6203848006 पर कॉल आया कि क्या आपने सुखाड़ राहत फॉर्म भरा है। मेरे द्वारा जब यह कहा गया कि हां भरे हैं तब उसने कहा कि मुख्यमंत्री सुखाड योजना के तहत आपको एक ट्रैक्टर एक पानी पटाने का मशीन और 125000(एक लाख पच्चीस हजार) रुपये नगद दिया जाएगा। इसके लिए आपको 45000 रुपया मेरे बताए हुए बैंक अकाउंट्स नंबर पर भेजना होगा। इसके बाद हमने हुचलु समेत विभिन्न सीएसपी केंद्रों से 45000 रुपए जमा कराया। इसके बाद फिर 6201003175 से भी फोन आया कि और पैसा जमा करना पड़ेगा।

## अपहृत नाबालिग के अपहरण के 30 घंटे बाद भी सुराग नहीं

# आक्रोशित लोगों ने बालूमाथ में 24 घंटे में चार बार सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुराना कस्तूरबा विद्यालय के समीप से शनिवार को 15 वर्षीय रेशमा प्रवीण काल्पनिक नाम नाबालिक युवती का अपहरण के 30 घंटे बाद भी सुराग नहीं मिला। जिससे युवती के परिजनों एवं उसके समर्थकों द्वारा बालूमाथ को चार बार सड़क जाम किया। जिससे पूरा बालूमाथ एवं आने जाने वाले राहगीरों में को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ पुलिस शक के आधार पर लगभग 18-20 लड़के को बालूमाथ थाना में लाकर पूछताछ कर रही है।



सड़क जाम करते आक्रोशित लोग।

लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इधर लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने इस मामला के उद्वेदन को लेकर एक एसआईटी का गठन बालूमाथ के प्रभारी डीएसपी दिलु लोहरा के नेतृत्व में गठन की है। परिजनों ने शनिवार को पहला सड़क जाम 3:30 से 4:30 तक किया, फिर दूसरा सड़क जाम 5:30 से 6:30 बजे तक तीसरा शनिवार की रात्रि 10:00 से 2:00 बजे रात तक रहा जबकि चौथा सड़क जाम रविवार को दोपहर 3:00 बजे से समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम था। जिससे वाहनों की सड़क के दोनों ओर लंबी कतार लग गई। इधर जाम कर रहा कर रहे लोगों में से मो॰ फैसल ने कहा कि प्रशासन खिलवाड़ कर रहा है 28 घंटा बीत जाने के बाद भी अभी तक लड़की को बरामद नहीं किया गया है। इसीलिए हम लोग सड़क जाम किया। मो॰जुगनू ने कहा कि प्रशासन द्वारा कुछ संदिग्ध लोगों को लाकर पूछताछ कर रही है। लेकिन हम लोगों को कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा है इसलिए हम लोग सड़क जाम किया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल पहुंचे महुआडांड़, जोरदार स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड।** अपने संकल्प यात्रा के दौरान झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी ने महुआडांड़ प्रखण्ड का दौरा किया। महुआडांड पहुंचने पर बिरसा मुंडा चौक में मौजूद भाजपा कार्यकताओं ने बाबुलाल मरांडी जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद,भारत माता की जय आदि नारा लगाते हुए बाबुलाल मरांडी का जोरदार स्वागत करते हुए फूल माला पहनाकर कर व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जिसके बाद श्री मरांडी के द्वारा बिरसा मुंडा चौक पर बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर तथा मुख्य बाजार स्थित शास्त्री चौक पर शास्त्री जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तदुपरांत श्री बाबूलाल मरांडी महुआडांड भाजपा मंडल कार्यालय पहुँचे। वंहा भाजपा कार्यकताओं के द्वारा फुल माला पहनाकर कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वंहा श्री मरांडी ने भाजपा कार्यकताओं से विचार विमर्श कर नेतरहाट के लिए रवाना हो गए। इस दौरान भाजपा नेता शंभु प्रसाद, भानू प्रसाद, भुवनेश्वर सिंह, सुचीत प्रसाद, संजय जायसवाल, आनन्द किशोर नाथ शाह, यमुना प्रसाद, बिजय जायसवाल, मोहन यादव, दिलिप प्रसाद, प्रशान्त सिंह, दीपेन्द्र नाथ शाह समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।



मरांडी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

## बरवाडीह सांसद प्रतिनिधि ने पूर्व सीएम और पलामू सांसद को सौंपा मांगपत्र



मांगपत्र सौंपने के दौरान विवेक सिंह।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** सांसद प्रतिनिधि विवेक सिंह ने बरवाडीह प्रखण्ड के मंगरा रेलवे स्टेशन के समीप अंडर पास निर्माण हेतु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के साथ-साथ पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद बीडी राम को मांगपत्र सौंपा हैं। बता दें कि बाबूलाल मरांडी मनिका विधानसभा क्षेत्र के बरवाडीह में जन संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। अपने दौरे के दौरान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत वह बेतला गेस्ट हाउस में रुके थे। जहां उनसे मुलाकात करने पलामू सांसद बीडी राम के साथ-साथ भाजपा के कई दिग्गज नेता और बरवाडीह मंडल के कार्यकर्ता पहुंचे थे। इसी क्रम में बरवाडीह सांसद प्रतिनिधि विवेक सिंह ने दोनों नेताओं से मुलाकात करते हुए मांग पत्र सौंपने का काम किया। दिए गए मांगपत्र में उन्होंने बताया है कि मंगरा के समीप रेलवे थर्ड लाइन को पार करने में दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यहां से पलामू जिले के खपिया, बांसडीह व पीढे समेत लातेहार जिला के दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों को अपनी जान-जोखिम में डालकर रेलवे ट्रेक पार करना पड़ता है। किसी की तबीयत खराब होने, स्कूली छात्र - छात्राओं और आम नागरिकों को बहुत तरह की कठिनाई हो रही है। रेलवे लाइन पार करने के दौरान अभी तक डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों की मृत्यु तक हो चुकी है। उन्होंने जनहित की समस्या से दोनों दिग्गज नेताओं को रूबरू कराते हुए जल्द से जल्द मंगरा रेलवे स्टेशन के समीप अंडर पास का निर्माण कराने की मांग की हैं।

## जतरा मेला का आयोजन



जतरा मेला में उमड़ी भीड़।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** मुख्यालय से सटे फायरिंग रेंज ललमटिया के पास स्थित मैदान में रविवार को जिउतिया परब के उपलक्ष में जतरा मेला का आयोजन किया गया। जतरा मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सरना समिति के अध्यक्ष देवचरण उरांव, कमलेश उरांव, टेपा उरांव, पाड़ों देवी, कलावती देवी, समेत कई यूतियां के द्वारा सरना पूजा कर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर लोगो को संबोधित करते हुए सरना समिति के अध्यक्ष ने कहा कि जतरा झारखंड की सांस्कृतिक विरासत से हमे रु-ब-रु कराती है।

## फांसी पर लटके युवक का शव बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के फूलसु ग्राम निवासी जयदीप सिंह के पुत्र बिट्टू सिंह उम्र लगभग (22) का पेंड़ मे फांसीलगाकर लटके शव को टोंगरीटांड जंगल से पुलिस ने बरामद की है। बताया जाता है की बिट्टू कोलयरी मे लिफ्टिंग का काम करता था। प्रतिदिन अपने घर फूलसु सेअपने बाईक से आना-जाना किया करता था। शनिवार को फूलसु के पास ही क्रिकेट खेल मैदान कई दोस्तों से बात करते देखा गया. युवक रात्रि मे जब घर वापस नहीं आया तो परिजन काफी खोजबिन करने लगे। मोबाइल मे परिजनों द्वारा फोन किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं की गई.



मृतक बिट्टू का फाईल फोटो

लोकेशन से पता चला की फूलसु से मात्र एक किमी दुरी पर मोबाइल मे फोन लगी थी, ग्रामीण ने चारो ओर खोजबीन करने लगे तो फूलसु से सटे एक किमी दूर स्थित टोंगरीटांड जंगल मे एक बरगद पेंड़ से लटकते हुए शव को देखा गया। वहीं बाईक पड़ा हुआ था. चपल खोलकर पेंड़ मे चढ़ने जैसा प्रतीत हो रहा था।

शव को देखते ही इसकी जानकारी बारियातू पुलिस को दी गई. घटना के सूचना मिलते ही बारियातू पुलिस सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। इधर परिजनों का कहना है की आत्म हत्या नहीं हत्या है। पुलिस हर पहलु पर गहनता से जाँच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो पायेगा की हत्या या आत्म हत्या है। अचनाक इस तरह के घटी घटना के बाद परिजनों सहित आसपास मे मातम पसरा हुआ है।

## अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं और व्यवसायियों में आक्रोश

**बरवाडीह।** बरवाडीह में विद्युत विभाग की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को बिना पूर्व सूचना दिए पूरे बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति छह घंटे से अधिक समय तक पूर्ण रूप से ठप कर दी गई। भीषण गर्मी के लोग हताश और परेशान रहे। वहीं सबसे ज्यादा परेशानी दुकानदारों को उठानी पड़ी। विद्युत से चलने वाले कई व्यवसाय पूरे दिन बंद रहे। बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के सभी फीडर में सुबह दस बजे से विद्युत आपूर्ति बंद रही जो पांच बजे के बाद बहाल हुई। विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि विभाग के सहायक अभियंता हमलोगों का फोन उठाना जरूरी नहीं समझते है और न ही विद्युत कटौती की सूचना ही उपलब्ध करा पाते है। जिस समय उपभोक्ताओं को बिजली की ज्यादा जरूरत होती है।

## पीड़ित परिवार को दी गयी सहायता राशि एवं राशन



सहायता प्रदान करते मुखिया व अन्य।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखण्ड के गणेशपुर पंचायत अंतर्गत दोरहा टोला निवासी सुरेन्द्र कोरवा बुधवार को गारू सप्ताहिक बाजार से अपने घर आने के क्रम में कार्रवाई के कोयल नदी पार करने के दौरान बाढ़ के तेज बहाव में बह गया है, जिसका पता अभी तक नहीं चल सका है। यह मामला प्रकाश में आने के बाद प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अनूज सोरेन एवं मुखिया के द्वारा सुखा राशन मुहैया कराया गया। वही उपप्रमुख सुनिल उरांव एवं मुखिया राजेश सिंह के द्वारा पिड़ित परीवार के घर जाकर सुखा राशन एवं सहायता राशि दिया गया। साथ ही उन्होने परिवार के सदस्यों को सांत्वना देते हुए एवं घर का हालात को देखते हुए मुखिया ने कहा कि पिड़ित परिवार को अम्बेदकर आवास एवं 8 वर्षिय पुजा कुमारी का नामांकन बेहतर स्कूल में कराने की बात कहा गया।

## ग्लोबल कीर्तन दिवस पर बाबा नाम केवलम कीर्तन, नारायण भोज व वस्त्र दान का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ सेवा धर्म मिशन के तत्वाधान में आनंद मार्गियों के द्वारा रविवार 8 अक्टूबर को ग्लोबल कीर्तन दिवस धूमधाम के साथ मनाया। 8 अक्टूबर 1970 के दिन हीं श्री श्री आनंदमूर्ति ने अमझरिया स्थित डाक बंगला में सिद्ध अष्टाक्षरी बाबा नाम केवलम महामंत्र को सिद्ध किया था। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष आज के दिन को ग्लोबल कीर्तन दिवस के रूप में आनंद मार्गियों के द्वारा मनाया जाता आ रहा है। इसी के तहत रविवार को आनंद मार्गियों के द्वारा बाबा नाम केवलम कीर्तन के साथ-साथ नर सेवा नारायण सेवा के तहत नारायण भोज, वस्त्र दान समेत कई कार्यक्रम आयोजित किये। आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल कीर्तन ने 300 जरूरतमंदों के बीच साड़ी एवं धोती वितरित किया। इसके पूर्व सुबह अमझरीय के सुदूर गांव में घूम घूम कर 'बाबा नाम केवलम' कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकली गयी। कार्यक्रम में चंदवा समेत दूरदराज से आनंदमार्गी साधक बड़ी संख्या में अमझरिया पहुंचे। आचार्य सत्याश्रयानन्द अवधूत ने कहा ईश्वर की प्राप्ति के सुगम साधन कीर्तन है। कीर्तन, भक्ति और ध्यान का अद्वितीय माध्यम है।



गरीबों के बीच वस्त्र वितरण करते आनंदमार्गी।

## सरकार आज के बाजार मूल्य के अनुसार मुआवजे की राशि हमें मुहैया कराये : सुरेंद्र



बैठक में उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंजो पंचायत सचिवालय में फोर लाइन सड़क निर्माण से प्रभावित रैयतों के साथ अधिग्रहित किए जा रहे भूमि के मुआवजा का नोटिस प्राप्त करने को लेकर भू अर्जन संघर्ष समिति मनिका के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान की अध्यक्षता में दिन रविवार को एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। वहीं बैठक की जानकारी देते हुए श्री पासवान ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र से होते हुए फोर लाइन सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिसमें अधिग्रहित भूमि के मुआवजा के लिए 13 अक्टूबर को रैयतों को नोटिस दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम लोग एकजुट रहकर सड़क निर्माण से प्रभावित रैयतों के समस्याओं में कैसे मदद करें और उन्हें मुआवजे की राशि कैसे प्राप्त हो सकेगा आज इस विषय पर विशेष चर्चा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के नौ गांव से होकर फोर लाइन सड़क का निर्माण हो रहा है जिसमें सरकार के द्वारा दूंदू गांव का मुआवजे की राशि 1105 रुपए प्रति डिसमिल,जमुना 1158 रुपए,नतबेलवा 1205 रुपए,लाली 1268 रुपए,औराटांड़ 2097 रुपए, सिंजो 24373 रुपए, मनिका 30647 रुपए, एजामाड़ 2289 रुपए और नामुदाग 6841 रुपए निर्धारित की गई है जो बहुत ही कम है।

# मनिका थाना क्षेत्र के औरंगा नदी में डूबने से लापता हुई बच्ची का शव बरामद

## दो बच्चियों की मौत से गांव में मातम का माहौल, परिजनों का रो-रो कर हाल खराब





मृतक बच्ची का शव व रोते बिलखते परिजन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र स्थित भटको गांव से होकर गुजरने वाली औरंगा नदी में नहाने के दौरान नदी में डूबी दूसरी बच्ची चांदनी कुमारी का शव दिन रविवार को बरामद कर लिया गया है। गांव में दो बच्चियों की मौत से पूरा मातम का माहौल बन गया है वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ज्ञात हो कि दिन शनिवार को चांदनी कुमारी समेत 6 लड़कियां औरंगा नदी में नहाने के दौरान डूब गई थी जिन में से चार बच्चों को ग्रामीणों ने बचा लिया था लेकिन एक बच्ची पूर्णिमा कुमारी की मौत शनिवार को ही हो गई थी। वहीं चांदनी कुमारी लापता थी सभी बच्चियां अपने गांव के पास से गुजरने वाली औरंगा नदी में नहाने गए थे नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने के कारण सभी बच्चियां नदी में डूब रही थी वहीं गांव के कुछ लोगों ने बच्चियों को नदी में डूबता देख तत्परता दिखाते हुए नदी में दौड़कर चार बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया था जबकि पूर्णिया कुमारी की मौत पानी में डूबने से हो गई थी वहीं चांदनी कुमारी लापता हो थी। बच्ची के परिजन एवं ग्रामीण शनिवार देर रात तक बच्ची की काफी खोजबीन किए लेकिन उसका पता नहीं चल पा रहा था वहीं दिन रविवार को सुबह से ही ग्रामीण नदी के आसपास और दूसरे गांव के आसपास भी बच्ची का खोज कर रहे थे इसी दौरान लगभग 1 किलोमीटर दूरी पर चांदनी कुमारी का शव बरामद हुआ। वहीं बच्ची का शव मिलने की जानकारी मनिका पुलिस को भी दे दिया गया था। इधर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मृतक बच्चियों के परिजनों को आपदा प्रबंधन के तहत सहायता उपलब्ध करवाने का मांग किया है।

## विधि व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर प्रशासन ने की पूजा समिति के साथ बैठक



बैठक में निर्देश देते इंस्पेक्टर व मौजूद समिति के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आगामी दुर्गा पूजा त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने रविवार को प्रखंड के पूजा समितियां के पदधारियों के साथ आवश्यक बैठक की। बैठक में इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने दुर्गा पूजा कार्यक्रम को प्रशासन व पूजा समिति के बीच समन्वय में स्थापित कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करने पर बल दिया। बैठक में सितमोहम मुंडा, आशीष सिंह, रमेश प्रसाद, सुबोध जायसवाल, इंदुभुषण पाठक, अनुज साव,संजय दुबे, गोकुल शाही, सत्येंद्र प्रसाद, पांडेय भुइयां, सरदार सिंह, मनोज कुमार, मयंक कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# फुलवारीटांड़ में ट्रेनों के ठहराव को लेकर झामुमो ने किया प्रदर्शन

आंदोलन



खबर मन्त्र संवाददाता

**फुलवारीटांड।** रविवार को फुलवारीटांड़ पर इंटरसिटी एक्सप्रेस वनांचल मौर्य एक्सप्रेस पाटलिपुत्र एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता कारू यादव के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में जेएमएम के कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल थे। सभा को संबोधित करते हुए जेएमएम नेता करू यादव ने बताया कि इन ट्रेनों के ठहराव से यहां के छात्र-छात्राओं तथा ग्रामीणों को लाभ मिलेग लेकिन रेलवे की दोहरी नीति के कारण सभी पूर्व संचालित ट्रेनों को बंद कर दिया गया। यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव ने बताया कि अगर रेलवे द्वारा हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आने वाले 27 तारीख को वृहद रूप से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से करू यादव राजकुमार यादव विनोद यादव प्रदीप यादव आलोक लाला इंद्रदेव यादव अमित लाला संजीत यादव आदि लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सांसद ने डॉ शालू अग्रवाल को किया सम्मानित



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद् के शास्त्री नगर निवासी शंकर अग्रवाल एवं माता श्रीमती रीना अग्रवाल के सुपुत्री मेडिकल कॉलेज से उत्तीण हुई हैं। सुश्री डॉ शालू अग्रवाल को सोलहवीं लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने शास्त्री नगर पहुँच कर अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर उज्जवल भविष्य के शुभकामनाओ के साथ आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के बैभव चौरसियाए वरीय नेता दिनेश कुमार सिंह एरूपा देवी एराजेंद्र मित्तलएरोहित मित्तलएशंकर सिन्हा एलक्ष्मण वर्मा के अलावे गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### रामविलास पासवान की तीसरी पुण्यतिथि मनी

**पुटकी।** करकेन्द आईएमचन्द्रों में आज रविवार को हेल्थ इज वेल्थ क्लब में जीतू पासवान के नेतृत्व में भारत के राजनीतिक गुरु शोषित पीड़ित दलित एवं सभी जमात के मसीहा भारत के दूसरे अंबेडकर भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री मंडल कमीशन के महानायक पद्मभूषण से सम्मानित स्वर्गीय रामविलास पासवान जी की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। एवं श्रद्धांजलि के पूर्व दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि सभा की गई श्रद्धांजलि सभा में अवधेश पासवान, संतोष पासवान, मुकेश पासवान, अमर पासवान, सुदामा पासवान,भोलू यादव, इजराइल अंसारी,डब्लू पासवान, जितेंद्र पासवान, विनोद पासवान, मो तबरेज, नेताजी, बबलू पासवान, निरंजन पासवान, सूरज पासवान, चंदन पासवान, कन्हैया पासवान, सुमित कुमार, शुभम कुमार, असिन कुमार, अमित कुमार, अंकित कुमार, सागर कुमार, विजय कुमार, विक्की पासवान, राजा कुमार,धोनी कुमार, राजीव पासवान, प्रिंस कुमार, मुरारी आदि गण्यमान लोग शामिल हुए।

### 10 पंचायतों को नियमित रूप से मिलेगा पानी

**बोकारो।** ग्रामीण जलापूर्ति योजना की पानी टंकी से राजकीय पॉलिटेक्निक खुटरी के समीप विगत एक सप्ताह से बाधित सप्लाई पानी अब मिलना शुरू हो जायगा। सिस्टम को चला रहे संवेदक के प्रतिनिधि अमर मिश्रा ने बताया कि पानी को प्रेशर देने वाली रिले डिस को बना दिया गया है। अब एक दिन में पांच पंचायत को घर घर पानी दिया जा रहा है। कहा कि तेनु बोकारो नहर में इस वक्त गंदा पानी बह रहा है जिसे पम्प हाउस तुपकाडीह से लेकर एलम पत्थर ब्लीचिंग पाउडर और चूना आदि मिलाकर फिल्टर करने के बाद खाने पीने लायक शुद्ध जल ग्राहकों को पेयजल आपूर्ति विभाग दे रहा है। ज्ञातव्य हो कि इस पानी टंकी से दस पंचायत के लगभग पांच हजार ग्राहक हैं जिन्हें पाइपलाइन के जरिये पानी मिलता है।

### विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**पूर्वी टुंडी ।** पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय के सभागार में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा के दिशा निदेर्शानुसार डालसा के सचिव निताशा बाराला के आदेश अनुसार विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सीओ देवराज गुप्ता, जिप सदस्य जेबा मरांडी, प्रखंड प्रमुख, स्थानीय पंचायत के मुखिया ऐनुल हक तथा मुख्य अतिथि आदि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल जज अभिनव त्रिपाठी मौजूद हुए। उन्होंने डालसा के बारे में सरल भाषा में ग्रामीणों को जानकारी दी। शिविर में लाभुकों को 12 मनरेगा जॉब कार्ड, चार अंबेडकर आवास, पेंशन स्वीकृति पत्र, धोती, साड़ी, लूंगी बीज का वितरण किया गया।

## निरसा चौक पर ट्रक के धक्के से महिला की मौत

**कुमारधुबी।** निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत भल जोड़िया की रहने वाली एक महिला की मौत आज रविवार की सुबह ट्रक संख्या एच पी 7474 के चपेट में आने से हो गयी। आपको बताते चले कि रविवार और गुरुवार को निरसा चौक पर हटिया लगता है और काफी दूर- दराज से लोग यहां बाजार करने के लिए आते हैं,इस जगह पर काफी भीड़भाड़ लगा हुआ रहता है। इसी जीटी रोड से छोटे बड़े वाहनों का आना-जाना डेली लगा हुआ रहता है और यहां ट्रैफिक की लचर व्यवस्था रहने के कारण रहने हमेशा इस जगह पर कोई ना कोई दुर्घटना हमेशा घटते रहती है। वही रविवार सुबह इसी जीटी रोड पास एक महिला ट्रक की चपेट में आ गई और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

## स्पंदन ने प्रस्तुत किया नृत्य नाटिका महालया




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** लुबी सर्कुलर रोड स्थित उत्सव भवन में शनिवार की शाम स्पंदन संस्था द्वारा संस्कृत कार्यक्रम महालया एवं आगोमोनी पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि रेखा मंडल और सोमनाथ चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये,उसके बाद संस्कृति कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। महलाया के इस कार्यक्रम में भास्व पाठ समुह संगीत में मनोज मोजुमदार एवं काकुली सेनगुप्ता की नेतृत्व में चांदना, अनिंदिता, मीता,रूबी, माला, अरबिंदो, देबदास, पिंटु, लिलामोई, सुरजीत, बापी, सैकत, सुभस्त्री पटनायक और समुह नृत्य में स्वाति गुप्ता, रेशमी, संपा मुखर्जी, स्रोतोस्विनी के नृत्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम सभागार में खचाखच दशकों से भरी हुई भीड़ ने नृत्य नाटिका देखकर तालियो से कलाकारों को खूब सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष मनोज मजूमदार,सचिव बरनाली सेनगुप्ता, नीलकमल खवास, संजय सेनगुप्ता उपस्थित थे।

### योगेंद्र महतो ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बेरमो/ललपनिया।** रविवार को माननीय मंत्री ;दर्जा प्राप्तद्ध योगेन्द्र प्रसाद महतो ललपनिया पंचायत अन्तर्गत अइयर ग्राम के अम्बा टोला पहुंच ट्रांसफॉर्मर का विधिवत फीता काटकर व नारियल फोड़कर उदघाटन किया ।जिसके बाद ग्रामीणों के घरों में बाधित बिजली आपूर्ति सुचारू हो गई। बिजली आपूर्ति शुरू होते ही आम ग्रामीणों ने मंत्री जी का भारी प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान ग्रामीणों माननीय मंत्री श्री महतो के जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाए। इस दौरान माननीय मंत्री जी ने ग्रामीणों से मुलाकात भीकी और हाल चाल लेते हुए समस्याओं को सुना व निष्पादन का भरोसा दिया ।मौके पर ग्रामीणों ने माननीय मंत्री जी का फूल माला से जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर अनिल हांसदाए मेराज अंसारीए जलील अंसारीए कमरुद्दीन अंसारीए नईम अंसारीए शरीफ अंसारीए सुगन सावए सुखलाल सावए फारूक अंसारीए ऐनुल अंसारीए हदीश अंसारीए शमीम जी पंचानंद करमालीएदिलीप करमालीए शत्रुघ्न घांसीए रियाजुल अंसारीए रजाउल अंसारी आदि मौजूद थे।

## कृत्रिम पैर और कैलिबर्स शिविर का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के सोनार डंगाल स्थित रेलवे क्रोसिंग के समीप प्रकृति फार्म (एफसीआई गोदाम) में नौ दिनों से चल रहे प्रेरणामयी महिला समिति के तत्वाधान में चल रहे निःशुल्क कृत्रिम पैर व कैलिबर्स शिविर का रविवार को समापन हुआ। शिविर में महावीर सेवा संस्थान कोलकाता के द्वारा दिव्यांगों के कृत्रिम पैर व हाथ लगाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया ।यह प्रत्येक 5 वर्ष पर एक बार चिरकुंडा में कैंप आयोजित किया जाता है समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चौथा कैंप है और इस कैंप में 215 लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ और 165 लोगों को कृत्रिम पैर लगाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया वहीं 09 लोगों को ट्राई साइकिल 20 लोगों को व्हीलचेयर तथा कुछ लोगों को सिलाई मशीन का वितरण करके उनके भौतिक जीवन को आनंददायक बनाया गया ।मौके पर समिति के सदस्यों व महावीर सेवा संस्थान के लोगों द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि महावीर सेवा संस्थान कोलकाता की संस्था है जो कोलकता के अपने वर्कशाप मे दिव्यांगों के कृत्रिम हाथ व पैर देने के साथ-साथ उनके भविष्य को संवारने का भी कार्य करती है अर्थात वर्कशाप टेक्निशियन भी दिव्यांग ही है जिन्हें ट्रेनिंग देकर एक अच्छा टेक्नीशियन बनाया गया वहीं संस्था द्वारा अन्य कार्यक्रम जैसे फिजियोथैरेपी, योग आदि के क्षेत्र में भी दिव्यांगों के करियर बनाने का भी कार्य करती है।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर मुख्य रूप से महावीर सेवा सदन के प्रमुख एसके तुलस्यान,जिया तुल्सयान,बिनोद अग्रवाल,डॉ आनंद प्रकाश,अरून गढ़याण,अरून अग्रवाल,प्रदीप अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल,दिनेश अग्रवाल,पवन गढ़याण,महावीर शर्मा,सुशील गढ़याण,अनिल शर्मा के अलावे प्रेरणामय महिला समिति के अध्यक्ष श्रुति दुदानी,परियोजना निदेशक सुनीता अग्रवाल,शोभा अग्रवाल,सारिका गढ़याण,मंजु अग्रवाल,कुमुद गढ़याण,राज अग्रवाल,रेनू अग्रवाल,मीरा गढ़याण,संतोष शर्मा,रीता गढ़याण,किरन सर्राफ आदि मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**पुटकी/गोण्दुडीह।** पुटकी थाना परिषर में थाना प्रभारी रास बिहारी लाल और गोन्दुडीह ओ0पी0 परिषर में प्रभारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सम्मलित होने वाले थाना क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दुर्गा पूजा पर्व शांतिपूर्वक मानने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित होने वाले लोगों द्वारा थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा पर्व शांति पूर्वक रूप से मनाने में सहयोग करने ओर आपसी सहमती बनी। बैठक में भानु प्रताप, विकाश सिंह चौधरी, दीपक सिंह चौधरी, बबलू सिंह,सुन्दरी देवी,नसीम मंसुरी शाहरूख खान, लक्ष्मण तिवारी मौजूद थे।

## एक नजर में

### नगर विकास समिति ने विद्युत अधीक्षण अभियंता को दिया ज्ञापन



**बोकारो।** नगर विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने अभय कुमार मुन्ना के नेतृत्व में विद्युत अधीक्षण अभियंता दीनानाथ साहू से मिलकर विभिन्न जन समस्याओं पर वार्ता की। वार्ता में निगम ग्रामीण एवं चंदनकियारी क्षेत्र में नियमित रूप से विद्युत बिल वितरण नहीं दिए जाने मकरा जाल की तरह विद्युत तार का झूलता रहना बिजली मिस्त्री के द्वारा वरीय पदाधिकारी के नाम पर भयादोहन कर आम जनता को परेशान करना विद्युत लोड के अनुसार ट्रांसफार्मर नहीं रहने जनता दरबार का नियमित आयोजन करने सहित अन्य मुद्दे उठाए गए। समिति ने इस सम्बन्ध में एक ज्ञापन भी दिया। अधीक्षण अभियंता ने जनसमस्या पर कार्वाई करते हुए विभिन्न क्षेत्र के कनीय अभियंता सहायक अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अधीक्षण अभियंता श्री साहू ने कहा कि विद्युत विभाग अपने स्तर से पूरे क्षेत्र में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति हो इसके लिए सतत प्रयासरत है। आम जनता की समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र ही जनता दरबार का नियमित आयोजन किया जाएगा। नगर विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक सदस्य बालकृष्ण कुमार जय प्रकाश शर्मा राम भजन सिंह अतीश कुमार सिंह नरोत्तम झा जितेंद्र प्रसाद सिंह रामकिंकर माहथा परमेश्वर राणा अजीत साहू आदि शामिल हुए।

### कसमार : वन अधिकार समिति के गठन में मनमानी का आरोप

**बोकारो/कसमार ।** कसमार प्रखंड के हिसीम पंचायत में वन अधिकार समिति के गठन में मनमानी व अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार दुर्गा पूजा आयोजन के नाम पर गोड़ाइत द्वारा दुर्गा मंदिर के पास मुखिया द्वारा कुछ लोगों को बुला लिया गया और चुपके से अपने चहेते लोगों को शामिल कर वन अधिकार समिति का गठन कर लिया गया है। जब ग्रामीणों को पता चला कि वन अधिकार समिति का गठन किया जा रहा है तो कुछ ग्रामीण पंचायत भवन के अंदर घुसने की कोशिश किये तो उन्हें अंदर घुसने नहीं दिया गया। इस मनमानी और मनमर्जी तरीके वन अधिकार समिति का गठन किया गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया है।

### सांवरिया फैशन कपड़े की दुकान का उद्घाटन

**बेरमो।** फुसरो बाजार मेन रोड सांवरिया फैशन नामक रेडीमेड दुकान का विधायक की मा रानी सिंह ने फीता काटकर किया। हालांकि उद्घाटन बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह को करना थाए परन्तु वे आवश्यक कार्य के चलते नही पहुँच सके। उद्घाटन के बाद विधायक की मां श्रीमती सिंह ने कहा कि फुसरो बाजार भी अब तेजी से विकसित हो रहा है। उन्होंने दुकान संचालक को तरक्की की शुभकामनाएं दी।

## बोकारो : स्ट्रीट वेंडरों के लिए छह दिवसीय शिविर का आयोजन

नौ से 14 अक्टूबर तक लगेगा शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** प्रधानमंत्री स्व निधि योजना से अच्छादित चास नगर निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेण्डरों को स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग ऑनलाइन किया जाएगा। इसके लिए आगामी सोमवार ;दिनांक 09 से 14 अक्टूबर से छह दिवसीय शिविर का आयोजन चास चेक पोस्ट स्थित सुभाष चौक मदरसा मोड़ ओमान मार्केट के समीप भर्रा में होगा। इसको लेकर निगम ने तैयारी पूरी कर ली है। शिविर में लाभुकों का सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग ऑनलाइन करने के साथ ही आहर्ता रखने वालेध्छूटे हुए लाभुकों को सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जनधन योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना भवन और अन्य निर्माण श्रमिक योजना के तहत निबंधन प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना वन नेशन वन राशन कार्ड जननी सुरक्षा योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना से अच्छादित किया जाएगा। लाभुकों को अपना आधार कार्ड आवासीय प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र बैंक खाता राशन कार्ड जाति प्रमाण पत्र आदि का मूल व छाया प्रति पासपोर्ट साइज फोटो लाना होगा।

## विधायक पूर्णिमा ने किया श्रीराम कथा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** विधायक पूर्णिमा नीरज द्वारा झरिया के जेलगोरा स्टेडियम में 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक तीन दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया है। झरिया के इतिहास में पहली बार रामकथा का आयोजन किया गया है। इसे सफल बनाने को लेकर धनबाद के श्री सिद्धि विनायक रिजॉर्ट धनसार में आज को श्री राम कथा आयोजन के लिए एक सभा रखी गई । जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित सभी संस्था के अध्यक्ष सदस्य एवं समाज सेवी ने अपना अपना सुझाव दिया। कार्यक्रम में उपस्थित झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने समाज के सभी प्रबुद्ध जनों से श्री राम कथा को सफल बनाने के लिए सुझाव और सहयोग मांगा।



### सफलता के लिए किया समर्थन

झरिया धनबाद गौशाला के सचिव मुरलीधर पोद्दार, कतरास गौशाला के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, गुजराती समाज के अध्यक्ष किशोर परमार, अजय नारायण लाल, झरिया मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष मीनू गोयल, मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष सुरेश पोद्दार, चेतन गोयनका, प्रमोद गोयल, द्वारका गोयनका, सुरेंद्र अरोड़ा, सुमित खेतान, गणेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, आदर्श सिंह, जितेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित सभी समाज बंधु ने अपना-अपना विचार एवं सुझाव दिया साथ ही साथ श्री राम कथा को पूर्ण रूप से सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान एवं समर्थन देने की बात कही।

### रोटरी ने स्कूल में लगाया जिम्नास्टिक स्पोर्ट्स गेम

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स क्लब ने आसस विद्यालय में गरीब बच्चों के खेलने के लिए ट्रैम्पोलीन जिम्नास्टिक नामक स्पोर्ट्स गेम लगाया। इस स्पोर्ट्स गेम को देने का उद्देश्य इन बच्चों के जीवन में खेल की कमी को पूरा करना है और उन्हें शारीरिक स्वास्थ्य और खेल की दुनिया का परिचय कराना है। अमीषा अग्रवाल ने कहा कि हमारे समुदाय में कई गरीब बच्चे विभिन्न सामाजिक आर्थिक चुनौतियों के कारण शारीरिक गतिविधि और मनोरंजन के लिए सीमित अवसरों का सामना करते हैं। मौके पर मिनी कपूर प्रवक्ता अनूप अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## फैक्ट्री के प्रदूषण से ग्रामीण हो रहे बीमार, नहीं होती सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जेलगढ़ा पंचायत मौजा कंगलो के अंतर्गत घनी आबादी क्षेत्र में घरों के बीचो-बीच अरविंदो फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड कोक प्लांट व्यवस्थित होने के कारण। उसके प्रदूषण से यहां रह रहे बच्चे बच्चियों को रोजमर्रा की जिंदगी में बीमारी का सामना करना पड़ रहा है। यहां रह रहे ग्रामीणों के द्वारा कई बार उक्त फैक्ट्री के स्थानांतरण की मांग को लेकर कई आवेदन लिखे गए, पर प्रशासन इस पर गंभीर दिखाई नहीं दे रही है। यहां रह रहे लोगों ने कई बार यह सवाल उठाया कि, इस प्लांट के निकलते काले धुएं के कारण लोगों की काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूरा वातावरण प्रदूषित हो रहा है, वृद्ध व्यक्तियों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। कई वृद्ध व्यक्ति का स्वास्थ्य में गड़बड़ी दिखाई दे रहा है एवं बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इस फैक्ट्री के चारों ओर सैकड़ो घर मकान बसे हुए हैं, इस प्लांट के समीप एक जाने-माने प्रतिष्ठित मॉनफोर्ट स्कूल भी है। जहां करीब 200 से 300 बच्चे का प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है। स्कूल के ओर से भी प्रशासन को कई बार सूचना दी गई है, पर अभी तक कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिलता आ रहा है।

### फैक्ट्री मालिक करते हैं मनमानी

ऐसे प्रदूषण कि अनदेखी फैक्ट्री मालिक को द्वारा मनमानी अंग्रेजों के समय भी नहीं थी। पॉल्यूशन विभाग भी अपना पल्ला झाड़ने पर लगा हुआ है। विभाग सिर्फ अपनी ओर से आश्वासन देकर ही, मामले को निपा- पोती कर मामले को रफा दफा कर देना चाहती है। और प्रशासन मौन धारण कर, अपनी विफलता छुपा रही है। हजारों लोग प्रदूषण का दन्स झेलेने पर मजबूर हैं। और फैक्ट्री के मालिक करोड़ों कि कमाई कर, ऐसी कार एवं ऐसी ऑफिस का मजा ले रहे हैं ।

## कतरास : जीएनएम मैदान में दिखेगा मोर महल पंडाल

● श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है जीएनएम पूजा समिति




खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाई स्कूल मैदान में दुर्गा पूजा उत्सव को हर्षो उल्लास के साथ मनाने को लेकर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समिति के सचिव मुकेश भट्ट ने बताया कि 2001 से पूजा पंडाल का शुरूआत हुआ था जो इस बार 23वा वर्ष होगा। इस बार थीम पर आधारीत मोर महल पंडाल बनाया जा रहा है। पंडाल का निर्माण का रूप अखिलेश चौहान केंदुआ के द्वारा दिया जा रहा है , मूर्ति का रुप धरकीरो के अमित पंडित व नर्सिंग द्वारा बनाया जा रहा है। पंडाल के प्रवेश द्वार पर वनारस का गंगा घाट का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए मनमोहक रहेगा । पूजा पंडाल का निमार्ण में कुल 15 लाख रुपए होगा, मेला में तारामची , टोरा टोरा, मीना बाजार, मिठाई दुकान , बच्चों के लिए छोटे-छोटे झूले भी रहेंगे।

### कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद

मौके पर निगरानी अध्यक्ष सरोज विश्वकर्मा कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद रजक कार्यकारी अध्यक्ष के दिलीप तर्वे मनोज राय अमित रजक कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौरसिया सुनील यादव प्रभाकर झा अशोक शर्मा पंकज सिंहा रामजी हजारी शैलेंद्र सिंहा कुलदीप सिंह मोनू सिंह राहुल रजक जीत कुमार भरत लाला तापस दे गणेश मोदक चितरंजन कुमार टिंकू खंडेलवाल संदीप जयसवाल अजय स्वर्णकार भोला मोदक ऋषभजीत ,भीम महतो शेखर प्रमाणिक निखिल राय सौरव कुमार अभिषेक शरण केशव सिंह प्रिंस लाल रोहित राजदेव मुकेश सिंह केशव गुप्ता सुजल चौरसिया राहुल सिंह नीतिश सिंह रूपेश , गणेश आदि मौजूद थे।

## पेज 3 का शेष

### कामगारों को मिलेगा...

बैठक में यूनियन की तरफ से बीएमएस के सुधीर एच घुरदे और मजरूल हक अंसारी, एचएमएस के नाथूलाल पांडेय और शिवकांत पांडेय, एटक के रमेंद्र कुमार और सीटू के डीडी रामानंदन शामिल थे। कोल इंडिया चेयरमैन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। वहीं निदेशक (वित्त ) देवाशीष नंदा, कार्मिक निदेशक विनय रंजन, बीसीसीएल के सीएमडी, इसीएल बीसीसीएल/सीसीएल समेत अन्य अनुषंगिक कोल कंपनियों के अधिकारी एवं सीएमडी शामिल थे।

### साल में दो बार बोर्ड परीक्षा...

उन्होंने कहा कि 'डमी स्कूलों' के मुद्दे पर गंभीर चर्चा करने का समय आ गया है। **विद्यार्थी तनाव मुक्त रहें :** उन्होंने कहा, नयी पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) की घोषणा के बाद मैं कई विद्यार्थियों से मिला। उन्होंने इसकी सराहना की है और इस विचार से खुश हैं। हमारी कोशिश है कि 2024 से साल में दो बार परीक्षाएं आयोजित की झाये। इस साल राजस्थान के कोटा में रिकॉर्ड संख्या में विद्यार्थियों के आत्महत्या करने के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा, यह बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। किसी की जान नहीं जानी चाहिए...वे हमारे बच्चे हैं। यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि विद्यार्थी तनाव मुक्त रहें।

### संघर्ष में 600 से अधिक...

**हिजबुल्लाह भी कूदा :** वहीं बेरूत से मिली खबरों के अनुसार हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह ने रविवार सुबह लेबनान सीमा पर इजरायली सैन्य स्थलों पर मोर्टार दागे। इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार हिजबुल्लाह ने दावा किया कि उसने हमास के हमले के साथ एकजुटता दिखाते हुए माउंट डोव क्षेत्र में तीन इजरायली ठिकानों पर दर्जनों रॉकेट और गोले दागे। उधर संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल ने कहा कि वह स्थिति को नियंत्रित करने और अधिक गंभीर होने से बचाने के लिए दोनों पक्षों के संपर्क में है। हमास के साथ इजरायल पर हुए हमलों में सराया अल-कुद्स और अल-कसम ब्रिगेड ने भी इजरायल को निशाना बनाया। अल कुद्स फिलिस्तीन के इस्लामिक जेहाद मूवमेंट की ही एक शाखा है। इन दोनों संगठनों ने हमास के साथ मिलकर इजरायल में खूनी खेल खेला। अल कसम हमास से जुड़ा संगठन है।

### चेशायर होम: खाता नं 37 की जमाबंदी...

पुनीत भार्गव ने जमीन खरीदने के बाद विष्णु अग्रवाल ने नाम से रजिस्ट्री कर दी थी। **ईडी कर रही इस घोटाले की जांच :** मालूम हो कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) चेशायर होम रोड के खाता नंबर 37 के भूमि घोटाले की जांच कर रही है। ईडी इसे भूखंड को अटैच करने को लेकर कोर्ट में भी आवेदन दिया है। जांच के क्रम में ईडी ने व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, रांची के तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन सहित आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

स्पीड न्यूज

## कंगना रनौत की फिल्म तेजस का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** कंगना रनौत अपकमिंग फिल्म तेजस का ट्रेलर रविवार को वायु सेना दिवस के अवसर पर जारी किया गया। 2 मिनट 33 सेकंड लंबे ट्रेलर की शुरूआत भारतीय लड़ाकू विमानों के हवाई शॉट्स के साथ होती है और बैकग्राउंड में कंगना की आवाज में डायलॉग होता है, भारत को छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। ट्रेलर में दर्शकों को कंगना के मुख्य किरदार तेजस गिल से परिचित कराने से पहले रोमांचक हवाई लड़ाई दिखाई गई है और बाद में तेजस गिल के बारे में बताया गया है कि वह एक लड़ाकू पायलट के रूप में कितनी निडर और भावुक है। कंगना का किरदार तेजस पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा पकड़े गए भारतीय आकाश को बचाने के लिए एक घातक मिशन पर निकलता है। उनका मानना है कि आतंकवाद दुनिया में सबके लिए पर्सनल मुद्दा होना चाहिए, क्योंकि तभी आतंक खत्म होगा।

## सिक्किम में बाढ़ से अब तक 32 की मौत

**गंगटोक।** सिक्किम में तीस्ता नदी में आई अचानक बाढ़ के मलबे से नौ सैन्य कर्मियों सहित 32 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं जबकि 100 से ज्यादा लापता लोगों की तलाश के लिए खोज अभियान अब भी जारी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) के मुताबिक, बुधवार तड़के बादल फटने से आई अचानक बाढ़ ने 41,870 लोगों को प्रभावित किया है। राज्य के अलग-अलग हिस्सों से अभी तक 2563 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। इतना ही नहीं सिक्किम के ज्यादातर इलाकों का संपर्क दूसरे राज्यों से टूट गया है।

## कांग्रेस विधायक बिरला भाजपा में हुए शामिल

भोपाल। मध्यप्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस विधायक सचिन बिरला ने रविवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। खरगोन जिले की बड़वाह विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बने बिरला (40) ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में एक समारोह के दौरान भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## योगी ने केदारनाथ में किया अभिषेक



**गोपेश्वर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बदरीनाथ और केदारनाथ के दर्शन किए। योगी ने केदारनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का अभिषेक किया और पूजा-अर्चना कर विश्व में सुख, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

## अगस्त में कोयला आयात 12 % घटा

**नयी दिल्ली।** भारत का कोयला आयात इस साल अगस्त में सालाना आधार पर 12.08 प्रतिशत घटकर 1.82 करोड़ टन रह गया। पिछले साल अगस्त में यह आंकड़ा 2.07 करोड़ टन था। ई-कॉमर्स फर्म एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से अगस्त के दौरान कुल कोयला आयात भी 10.3 प्रतिशत घटकर 10.39 करोड़ टन रह गया।

# प्रयागराज में वायुसेना के विमानों ने दिखायी अपनी ताकत

## पहली बार सी-295 परिवहन विमान ने एयर शो में लिया हिस्सा

- चिनूक, जगुआर, अपाचे, राफेल, तेजस, सी-17, पिलाटस और टाइगरमोठ ने किया शानदार प्रदर्शन
- वायुसेना प्रमुख ने नये ध्वज का भी किया अनावरण

एजेंसी

**प्रयागराज।** भारतीय वायुसेना की 91वीं वर्षगांठ के मौके पर रविवार को यहां गंगा और यमुना के संगम क्षेत्र में वायुसेना के विमानों ने शानदार एयर शो का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में लोग इस एयर शो को देखने के लिए कई किलोमीटर दूर से पैदल चलकर आए थे। संगम क्षेत्र, परेड ग्राउंड, अरैल घाट पर नगर के कोने-कोने से आए लाखों लोगों ने इस एयर शो का आनंद उठाया, यहां तक कि गंगा नदी पर बने शास्त्री पुल और यमुना के नये पुल पर इस एयर शो को देखने के लिए लोगों का जमघट लगा रहा। वहीं सेना के अधिकारियों और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने यमुना के तट पर स्थित किले से इस एयर शो का आनंद लिया। दोपहर ढाई बजे शुरू हुए इस एयर शो में भारतीय वायुसेना के करीब 108 विमानों ने हिस्सा लिया जिसमें भारतीय सेना का एएलएच ध्रुव हेलीकाप्टर और भारतीय नौसेना का पी-8आई विमान भी शामिल थे। भारत में पहली बार सी-295 परिवहन विमान ने भी इस एयर शो में हिस्सा लिया। इस एयर शो में प्रमुख विमानों में चिनूक, जगुआर, अपाचे, राफेल, तेजस, सी-17, हॉक, टाइगरमोठ और पिलाटस शामिल रहे। इससे पूर्व, भारतीय वायुसेना की ओर से वायुसेना दिवस परेड का आयोजन किया गया जिसमें वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, प्रमुख रक्षा अयक्ष जनरल अनिल चौहान, एयर मार्शल आरजीके कपूर और वायुसेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर वायुसेना प्रमुख ने भारतीय वायुसेना के नए ध्वज का अनावरण भी किया। यह वायुसेना दिवस की पहली परेड है जिसकी कमान एक महिला अधिकारी ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी ने संभाली। साथ ही पहली बार इस परेड में महिलाओं की एक टुकड़ी थी जिसमें अग्निवीर वायु महिलाओं को शामिल किया गया और जिन्होंने पुरुष सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मार्च किया। संगम क्षेत्र में एयर शो संपन्न होने के बाद एक साथ लाखों की भीड़ अपने घरों के लिए वापस निकलने से पुलिस को भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।





इजरायल के लड़ाकू विमानों ने गाजा पट्टी में किया हमला।

# इजरायल और गाजा पट्टी में सभी भारतीय सुरक्षित

## फंसे लोगों ने निकासी के लिए तेल अवीव में स्थित भारतीय दूतावास से किया अनुरोध

एजेंसी

**यरूशलम।** इजराइल पर हमास के हमले के बाद भारतीय नागरिकों से जुड़ी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है और देश में फंसे लोगों ने अपनी सुरक्षित निकासी के लिए तेल अवीव में स्थित भारतीय दूतावास से अनुरोध किया है। गाजा पट्टी पर शासन करने वाले आतंकवादी समूह हमास ने शनिवार सुबह इजराइल के दक्षिण में हवा, भूमि और समुद्र से अचानक हमला कर दिया था। रविवार को मीडिया में आईं खबरों के अनुसार, इजराइल में सैनिकों समेत कम से कम 350 इजराइली मारे गए हैं और 1,900 से अधिक घायल हुए हैं। इसे बीते 50 साल में देश में हुआ सबसे भीषण हमला कहा जा रहा है। इजराइल के जवाबी हमले में गाजा पट्टी में लगभग 300 लोगों की मौत हुई है और करीब 1,500 घायल हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि लगभग 18 हजार भारतीय नागरिक इजराइल में रहते और काम करते हैं तथा अब तक उनसे जुड़ी किसी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली है। देश में फंसे भारतीय पर्यटकों ने भारतीय दूतावास से उन्हें बाहर निकालने का अनुरोध किया है। अधिकतर पर्यटक समूहों में यात्रा कर रहे हैं।

### बीते 50 साल में इजरायल में हुआ सबसे भीषण हमला

इजराइल का दौरा करने वाले कुछ व्यवसायी भी हैं जो तनाव में हैं और वहां से निकलने की कोशिश कर रहे हैं। तेल अवीव में भारतीय मिशन और फलस्तीन में भारत के प्रतिनिधि कार्यालय ने शनिवार को परामर्श जारी कर भारतीय नागरिकों से सतर्क रहने और आपात स्थिति में सीधे कार्यालय से संपर्क करने की अपील की थी। दूतावास के सूत्रों ने बताया कि वे चौबीस घंटे सभी भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध हैं और सक्रिय रूप से उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। इजराइल में रहने वाले भारतीयों का एक बड़ा हिस्सा देखभाल करने वालों के रूप में काम करता है, लेकिन वहां लगभग एक हजार छात्र, कई आईटी पेशेवर और हीरा व्यापारी भी हैं। हिब्रू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की छात्रा बिंदू ने बताया कि उन्होंने शनिवार को पूरे दिन निर्देशों का अक्षरशः पालन किया और सुरक्षित महसूस किया। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय छात्र एक-दूसरे के संपर्क में हैं और लगातार स्थिति का जायजा ले रहे हैं। कुछ अन्य छात्रों ने भी कहा कि उन्हें स्थिति नियंत्रण में आती दिख रही है और ह्यहमें अनावश्यक रूप से दहशत नहीं फैलानी चाहिए। हिब्रू विश्वविद्यालय के गिवत राम कैंपस में पोस्टडॉक्टरल फेलो विकास शर्मा ने कहा कि हमले के कारण इजराइल में तनावपूर्ण स्थिति है, लेकिन सभी भारतीय छात्र सुरक्षित हैं। अधिकतर छात्र संस्थानों द्वारा उपलब्ध कराए गए छात्रावासों और आवासों में रह रहे हैं। हम व्हाट्सऐप के माध्यम से एक-दूसरे के साथ-साथ भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। इजराइल में देखभाल करने के कार्य से जुड़े लोग भी भारतीय मिशन के दिशानिर्देशों का पालन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अश्केलॉन में सबसे ज्यादा रॉकेट गिरे हैं। वहां रहने वाले एले प्रसाद ने कहा किउन्हें बहुत सतर्क रहना होगा ताकि सायरन बजने के बाद वे जल्द से जल्द आश्रय गृह तक पहुंच सकें। वहीं, एक अन्य देखभालकर्ता विवेक ने कहा कि स्थिति चिंताजनक है लेकिन वे सभी ठीक हैं और दूतावास के साथ लगातार संपर्क में हैं।

### गाजा में स्थिति डरावनी

गाजा में रहने वाली एक भारतीय नागरिक ने कहा कि स्थिति डरावनी है लेकिन वह और उसका परिवार सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि कोई इंटरनेट कनेक्शन और बिजली नहीं है। स्थिति डरावनी है लेकिन हम ठीक हैं।

# हमास के हमले से इजरायल में 4 नेपाली छात्र घायल, 11 लापता

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री एन. पी. सऊद ने रविवार को कहा कि इजराइल में पढ़ाई कर रहे चार नेपाली छात्र आतंकवादी समूह हमास के हमले में घायल हुए हैं जबकि 11 छात्र लापता हैं। मंत्री ने कहा कि इजराइल के दक्षिणी हिस्से में पढ़ाई कर रहे लापता छात्रों के हताहत होने की आशंका है। सऊद ने कहा कि 11 नेपाली छात्रों से संपर्क स्थापित नहीं हो सका और उनके हताहत होने की आशंका है। हम हताहतों की सही संख्या का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार सीखो और कमाओह्व कार्यक्रम के तहत 17 नेपाली छात्र दक्षिणी इजराइल के कुबुज अलुमिम में रह रहे थे। उनमें से दो छात्र सुरक्षित निकलने में सफल रहे और तीन छात्र घायल हो गए। घायल नेपाली छात्रों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। फिलहाल 4,500 नेपाली इजराइल में काम कर रहे हैं वहीं 265 नेपाली छात्र सीखो और कमाओ योजना के तहत विभिन्न कृषि कंपनियों में काम कर रहे हैं।

### इजरायल में आपातकालीन एकता सरकार पर चर्चा शुरू

यरुशलम। इजराइल के शीर्ष नेताओं ने हमास के अप्रत्याशित हमले के बाद जटिल स्थिति से निपटने के लिए देश में आपातकालीन राष्ट्रीय एकता सरकार बनाने की संभावना पर चर्चा शुरू कर दी है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू तथा विपक्षी नेता यायर लापिड और बेनी गैंट्ज ने चर्चा की और नेतन्याहू की सरकार में शामिल होने की संभावना पर चर्चा की।

# मंत्री हकीम व विधायक मित्रा के आवास पर सीबीआइ का छापा

### बंगाल में नगर निकाय घोटाला मामले में 12 स्थानों पर ली तलाशी



**कोलकाता/नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में नगर निकायों द्वारा की गई भर्तियों में कथित अनियमितताओं से जुड़ी जांच के सिलसिले में रविवार सुबह मंत्री फिरहाद हकीम और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक मदन मित्रा के आवास सहित 12 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शहरी विकास और नगर निकाय मामलों के मंत्री हकीम कोलकाता के महापौर भी हैं। वह तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी संगठन में अच्छा खासा प्रभाव रखते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, सीबीआई अधिकारियों की एक टीम केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी के साथ दक्षिण कोलकाता के चेतला इलाके में हकीम के आवास पर पहुंची। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीआई के दो अधिकारी उनसे पूछताछ की। तलाशी शुरू होते ही, हकीम के समर्थक उनके आवास के बाहर एकत्र हो गए और विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। सीबीआई के एक दल ने पूर्व मंत्री और उत्तर 24 परगना जिले के कामरहाटी से विधायक मित्रा के उत्तर 24 परगना जिले के भवानीपुर इलाके में स्थित आवास पर भी तलाशी ली। मित्रा का आवास चेतला में हकीम के आवास से करीब तीन किलोमीटर दूर है।

# यूपी की पहली सोलर सिटी होगी अयोध्या

### जनवरी में होने वाले राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले विकसित करने को युद्ध स्तर काम जारी

एजेंसी

**अयोध्या।** अयोध्या में अगले साल जनवरी में होने वाले राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पहले शहर को उत्तर प्रदेश की पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए युद्ध स्तर पर काम जारी है। अधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग (यूपीनेडा) ने राम नगरी को राज्य की पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का काम शुरू कर दिया है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने एक पखवाड़े पहले बताया था कि 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देशभर से लगभग 10 हजार गणमान्य लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। अधिकारियों के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व्यक्तिगत रूप से अयोध्या में जारी कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इसी साल मई में मंदिर शहर को सौर ऊर्जा से रोशन करने संबंधी कार्य का निरीक्षण करने के बाद कहा था कि अयोध्या सूर्यवंश की राजधानी है। इसलिए यहां बिजली अन्य स्रोतों से नहीं, बल्कि सौर ऊर्जा से आएगी।

इस परियोजना में सरयू के किनारे एक सौर पार्क विकसित करना, सौर ऊर्जा से चलने वाली नौकाएं प्रदान करना, सौर स्ट्रीट लाइट लगाना, सार्वजनिक परिवहन में सौर ऊर्जा स्रोतों को अपनाना, विद्युतीकरण के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट जैसी सौर ऊर्जा संचालित सुविधाएं प्रदान करना शामिल है। सरकारी भवन भी सौर ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहे हैं और घरेलू उपयोग के लिए सौर ऊर्जा की पहुंच में सुधार कर रहे हैं।



वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी सौर ऊर्जा नीति-2022 का हिस्सा है। सौर ऊर्जा नीति के अनुसार, कोई भी शहर जहां बिजली की 10 प्रतिशत मांग नवीकरणीय ऊर्जा के जरिये पूरी की जाती है, उसे सोलर सिटी माना जाएगा। यूपीनेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला ने बताया कि अयोध्या को सौर शहर परियोजना के मॉडल के रूप में विकसित करने और अन्य प्रस्तावित शहरों में सौर नीतियों के कार्यान्वयन में सीख का उपयोग करने की योजना है। सौर शहर परियोजना एक पंचवर्षीय (2023-28) योजना है, जिसमें सौर ऊर्जा पर आधारित स्ट्रीट लाइट, सरकारी भवनों पर सौर पैनल की स्थापना, चार्जिंग स्टेशनों के साथ ई-रिक्शा, सौर पेड़ और पीने के पानी के कियोस्क के लिए सौर ऊर्जा से चलने वाले प्यूरीफायर जैसी सुविधाएं शामिल हैं। शुक्ला ने कहा कि अयोध्या में चल रही अधिकांश परियोजनाएं जनवरी तक पूरी हो जाएंगी। सरयू के तट पर एनटीपीसी ग्रीन द्वारा 40 मेगावाट के सौर संयंत्र की स्थापना है। जनवरी तक 10 मेगावाट की परियोजना के चालू होने की उम्मीद है।

## अफगानिस्तान में भूकंप से अब तक 2000 से अधिक लोगों की मौत

**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान में 24 घंटे पहले शनिवार को आए भूकंप से भारी तबाही हुई है। भूकंप से हेरात प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। अब तक 2000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। देश के राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। तालिबान प्रवक्ता ने बताया कि अफगानिस्तान के पश्चिम में शक्तिशाली भूकंप में लगभग 2,000 लोग मारे गए हैं। ईरान सीमा के पास सबसे ज्यादा विनाश हुआ है। अफगानिस्तान के नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, शनिवार दोपहर सबसे पहले 12:11 बजे रिक्टर पैमाने पर 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद 12:19 बजे 5.6 तीव्रता और 12.42 पर तीसरा भूकंप आया।

# पांच कंपनियों का मार्केट 86,234 करोड़ बढ़ा

### टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और बजाज फाइनेंस लाभ में

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में पांच का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 86,234.73 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे अधिक लाभ में रही। टीसीएस के अलावा एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और बजाज फाइनेंस लाभ में रहे। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल में गिरावट हुई। पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स 167.22 अंक या 0.25 फीसदी चढ़ गया। इस दौरान टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 32,730.22 करोड़ रुपये बढ़कर 13,24,649.78 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस ने 21,697.96 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे उसका मूल्यांकन बढ़कर 4,94,884.37 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का मूल्यांकन 18,057.94 करोड़ रुपये बढ़कर 6,13,655.04 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 7,730.16 करोड़ रुपये बढ़कर 5,87,104.12 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 6,018.45 करोड़ रुपये बढ़कर 11,63,164.31 करोड़ रुपये हो गया।



दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 19,336.49 करोड़ रुपये घटकर 15,68,216.88 करोड़ और आईसीआईसीआई का मूल्यांकन 4,671.54 करोड़ रुपये घटकर 6,62,057.43 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 4,105.33 करोड़ रुपये घटकर 5,30,211.19 करोड़ रुपये और आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 2,743.6 करोड़ रुपये घटकर 5,51,463.84 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 196.19 करोड़ रुपये घटकर 5,19,082.95 करोड़ रह गया।

### दूसरी छमाही में 28 आइपीओ आयेंगे

**मुंबई।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में रिकॉर्ड 31 आईपीओ आने के बाद दूसरी छमाही में 28 कंपनियां 38,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ लाने के लिए तैयार हैं। दूसरी ओर आईपीओ से 44,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 41 कंपनियों को शेयर बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिलने का इंतजार है।

## एफपीआइ ने 8000 करोड़ के शेयर बेचे

**नयी दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने डॉलर की बढ़त और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार वृद्धि के कारण अक्टूबर के पहले सप्ताह में 8,000 करोड़ रुपये की इक्विटी बाजार में बेच दी। इससे पहले सितंबर में भी एफपीआई शुद्ध विक्रेता बने रहे और उन्होंने 14,767 करोड़ रुपये निकाले थे। एफपीआई मार्च से अगस्त तक पिछले छह महीनों में लगातार लिवाली कर रहे थे और इस अवधि के दौरान 1.74 लाख करोड़ रुपये भारतीय शेयर बाजार में आए। एफपीआई की बिकवाली की भरपाई घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी से हुई। एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में 2,081 करोड़ का निवेश किया। अब तक इक्विटी में एफपीआई का कुल निवेश 1.12 लाख करोड़ और बॉन्ड बाजार में 31,200 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।


VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# एशियाई खेलों में भारत का नया रिकॉर्ड जमी धाक

**ललित गर्ग**




**भारतीयों** में न तो प्रतिभा कम है, न जुनून और न मेहनत में कोई कमी रहती है। तभी एशियन गेम्स के 72 साल के इतिहास में पहली बार सबसे अधिक पदक जीत कर नया इतिहास गढ़ा है। भारत का इससे पहले किसी एशियन गेम्स में सबसे अधिक मेडल जीतने का रिकॉर्ड साल 2018 का था।

खेलों में ही वह सामर्थ्य है कि वह देश एवं दुनिया के सोये स्वाभिमान को जगा देता है, क्योंकि जब भी कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो करोड़ों के मन में एक संकल्प, एकाग्रता एवं अनूठा करने का भाव जाग उठता है और कई अर्जुन पैदा होते हैं। अनूठा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी माप बन जाते हैं और जो माप बन जाते हैं वे मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ, सकारात्मक एवं अविस्मरणीय स्थिति है। भारत की अनेकानेक अनूठी एवं विलक्षण उपलब्धियों के बीच चीन के हांगझू में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में भारत एवं उसके खिलाड़ियों ने जिस तरह अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए 83 पदक अर्जित कर लिए, वह न केवल भारत के खिलाड़ियों बल्कि हर युवा के मन और माहौल को बदलने का माध्यम बनेगा, ऐसा विश्वास है। शतक पदकों की ओर बढ़ने की गौरवपूर्ण स्थिति से भारत में नयी ऊर्जा का संचार होगा, इससे नया विश्वास, नयी उम्मीद एवं नयी उमंग जागेगी। इसके पहले जकार्ता में आयोजित एशियाई खेलों में भारत को कुल 70 पदक मिले थे।

एशियाड में भारत के ऐतिहासिक, अनूठे एवं अविस्मरणीय प्रदर्शन का जारी रहना सुखद, गर्व एवं गौरव का विषय है। बुधवार को भारत ने एशियाई खेलों में 70 पदक जीतने का अपना पूर्व रिकॉर्ड तोड़ते हुए पदक-यात्रा को नए कीर्तिमान की ओर अग्रसर किया है। भारतीय खिलाड़ियों द्वारा किया गया प्रदर्शन खेल-भाल पर लगे अक्षमता के दाग को धो दिया है। हमारे देश में यह विडंबना लंबे समय से बनी है कि दूरदराज के इलाकों में गरीब परिवारों के कई बच्चे अलग-अलग खेलों में अपनी बेहतरीन क्षमताओं के साथ स्थानीय स्तर पर तो किसी तरह उभर गए, लेकिन अवसरों और सुविधाओं के अभाव में उससे आगे नहीं बढ़ सके। लेकिन इसी बीच एशियाड में कई उदाहरण सामने आए, जिनमें जरा मौका हाथ आने पर उनमें से हर खिलाड़ी ने दुनिया से अपना लोहा मनवा लिया। अनेक खिलाड़ी हैं, जिन्होंने बहुत कम वक्त के दौरान अपने दम से यह साबित कर दिया कि अगर वक्त पर प्रतिभाओं की पहचान हो, उन्हें मौका दिया जाए, थोड़ी सुविधा मिल जाए तो वे दुनिया भर में देश का नाम रोशन कर सकते हैं। अब हमारे पास ऐसे अनेक नाम हैं जिन्होंने स्वर्णिम इतिहास रचा है, जबकि पहले ऐसे नामों का अभाव था, कुछ ही नाम थे जिनको दशकों से दोहराकर हम थोड़ा-बहुत संतोष करते रहे हैं, फिर चाहे वह फ्लाइंग सिख मिल्खा सिंह हों या पीटी उषा।

19वें एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने भारत का मस्तक ऊंचा करने वाला प्रदर्शन किया है, जिसका असर भारतीय खेल तंत्र ही नहीं बल्कि आम जनजीवन पर गहरे पड़ने वाला है। पदकों के कीर्तिमान देश के बच्चों और युवाओं में अनूठा करने के संकल्पों को आसमानी ऊंचाई देगा। विशेषतः युवतियों एवं बालिकाओं को हौसला मिलेगा। क्योंकि एशियाई खेलों में लड़कियों का प्रदर्शन बुलन्द रहा, स्वागत योग्य है।

निश्चित ही पदक विजेता महिला खिलाड़ियों की सोच भीड़ से अलग थी और यह सोच एवं कृत जब रंग दिखा रहा थी तो इतिहास बन रहा था। अनेक महिला खिलाड़ी पहली बार दुनिया की नजरों में आई और बन गई हैं हर किसी की आंखों का तारा। अपने प्रदर्शनों एवं खेल प्रतिभा से दुनिया को चौंका दिया है। भारत के गांव-देहात की लड़कियों ने भी चीन के हांगझोउ में झंडे गाड़ दिए हैं। लंबी दौड़, भाला फेंक, तलवारबाजी, टेबल टेनिस इत्यादि ऐसे खेल हैं, जिनमें लड़कियों ने भारत के लिए एक नई शुरूआत की है। स्वर्ण पदक जीतने वाली लड़कियों में वह अनु रानी भी शामिल हैं जो अपने गांव में खेती में गन्ने को भाला बनाकर फेंका करती थीं। उन्हें जब सुविधा मिली तो उन्होंने विश्व स्तर पर कमाल कर दिखाया। बिल्कुल जमीन से उठी अनु रानी और पारूल चौधरी जैसी खिलाड़ियों की वीरगाथा जब लोगों की निगाह में आती है तो पुरुषार्थ के नए लक्ष्य खड़े होते हैं। पारूल चौधरी तो अपने गांव की टूटी-फूटी सड़क पर भी दौड़ा करती थीं, पर जब परिवार ने प्रोत्साहित किया, तब वह एशियाड में 5,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण ले आई।

भारतीयों में न तो प्रतिभा कम है, न जुनून और न मेहनत में कोई कमी रहती है। तभी एशियन गेम्स के 72 साल के इतिहास में पहली बार सबसे अधिक पदक जीत कर नया इतिहास गढ़ा है। भारत का इससे पहले किसी एशियन गेम्स में सबसे अधिक मेडल जीतने का रिकॉर्ड साल 2018 का था। नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीता तो इसके बाद पुरुष 4 गुणा 400 मीटर रिले में अनस मोहम्मद याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल वी, राजेश रमेश ने गोल्ड जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देवताले ने तीरंदाजी मिक्स्ड टीम कंपाउंड का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। खेलों में खास करने का यह निर्णायक मोड़ जकार्ता 2018 से आया है। पदकों की जो बढ़त भारत ने हासिल की है, उसे आगे थमने नहीं देना चाहिए। ध्यान रहे, चीन अकेले ही 165 से भी ज्यादा स्वर्ण जीत चुका है। जापान और कोरिया भी कुल 150-150 पदकों के करीब पहुंच गए हैं। मतलब, आगे हमारा रास्ता लंबा है, चुनौतीपूर्ण है, हमें ज्यादा तेज चलना होगा। भले ही भारत पदक तालिका में चीन, जापान और दक्षिण कोरिया से पीछे है लेकिन एशिया में चौथी बड़ी खेल शक्ति के रूप में उभरना भी एक उपलब्धि है। इस उभार का एक प्रमाण यह है कि हांगझू में भारतीय खिलाड़ियों ने एक ही दिन में 15 पदक जीते। इसी तरह कुछ खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने पहले और दूसरे दोनों स्थानों पर कब्जा किया यानी स्वर्ण के साथ रजत पदक भी जीता।

एशियाड की विजयगाथाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत प्रेरणादायी है। जिस प्रकार से विभिन्न खेलों में भारतीयों ने प्रदर्शन किया है, उससे भविष्य के लिए खेल-योजना बनाने में मदद मिलेगी। इसमें कोई शक नहीं है कि सीमित संसाधनों और कमजोर खेल-बुनियाद के बावजूद भारतीयों खेलों की तस्वीर बदलने लगी है, खेलों के लिये प्रोत्साहन, सुविधा एवं साधना का अभाव भी दूर हो रहा है। खेलो इंडिया अभियान को पांच वर्ष ही बीते हैं और उसके नतीजे सतह पर दिखने लगे हैं। जाहिर है, खेल विकास की विशेष योजनाओं व प्रयासों को बल मिलने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं, उन्हें एवं समूचे देश को उम्मीद है कि भारत अब विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में किसी से कम नहीं रहने वाला है। राष्ट्र के खिलाड़ी अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वे शिखर पर पहुंच सकते हैं। विश्व को बौना बना सकते हैं। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकते हैं, भले ही रास्ता कितना ही कांटों भरा हो, अवरोधक हो।

इस बार एशियाड का आयोजन वास्तव में हमारी नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदलने का सशक्त माध्यम बना है। इस खेलों के महाकुम्भ से निश्चित ही अस्तित्व को पहचानने, दूसरे अस्तित्वों से जुड़ने, विश्वव्यापी पहचान बनाने और अपने अस्तित्व से दुनिया को चौंकाने की भूमिका बनी है। भारतीय खिलाड़ियों ने एक खेल रोशनी को अवतरित किया है। अब खेलों की दुनिया में भारत का नाम सोने की तरह चमकते अक्षरों में दिखेगा। इस बार के एशियाड ने बेहद खेल उम्मीदों पंख दिये हैं। क्योंकि यहां तक पहुंचते-पहुंचते कईयों के घुटने घिस जाते हैं। एक बूंद अमृत पीने के लिए समुद्र पीना पड़ता है। ये देखने में कोरे पदक हैं पर इसकी नींव में लम्बा संघर्ष और दृढ़ संकल्प का मजबूत आधार छिपा है। राष्ट्रीयता की भावना एवं अपने देश के लिये कुछ अनूठा और विलक्षण करने के भाव ने ही एशियाड में भारत की साख को बढ़ाया है। एशियाई खेलों में विजयगाथा लिखने को बेताब खिलाड़ी, विशेषतः देश की बेटियां, अभूतपूर्व सफलता का इतिहास रचकर भारत की दो सौ अस्सी करोड़ आंखों में तैर रहे भारत को अव्वल बनाने के सपने को जीत का हार पहनाया है जो निश्चित ही रोमांचित एवं गौरवान्वित करने वाला है।

## एशियाड में हमारे विजेता खिलाड़ियों के खेल और प्रदर्शन

**भारत** के लिए हांगझोऊ में महिला शूटिंग टीम ने 24 सितंबर को पदक का खाता खोला था और पुरुष शतरंज टीम ने आखिरी पदक जीता। भारत को तीरंदाजी और एथलीट में मिले पदकों ने भारत के 100 पदक पूरे करने में अहम योगदान दिया।

भारतीय दल ने हांगझोऊ में एशियाई खेल 2023 की शुरूआत शानदार अंदाज में की है। पहली बार भारत ने अपना शतक पूरा किया। 2018 एशियाई खेलों में भारतीय दल ने 570 सदस्यीय मजबूत दल से 70 पदक अर्जित करके एशियाड में अपना सबसे ज्यादा पदक का रिकॉर्ड बनाया था।

भारत के लिए अब तक 19वें एशियाई खेलों में इन एथलीट्स ने जीते पदक

1. निशानेबाजी, महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीमः मेहुली घोष, रमिता और आशी चौकसे की शूटिंग टीम ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल करने के बाद रजत पदक जीता। उन्होंने 1886 का कुल स्कोर बनाया।

2. रोइंग मेंस डबल्स स्कल्सः अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह की जोड़ी ने लाइटवेट पुरुष डबल स्कल्स में रजत पदक जीता।

3. रोइंग, मेंस पेयरः लेख राम और बाबू लाल यादव की जोड़ी ने तीसरे स्थान पर रही और कांस्य पदक अपने नाम किया।

4. रोइंग, मेंस एटः रोइंग में पदक का सिलसिला जारी रखते हुए भारत ने इस बार पुरुषों की आठ स्पर्धा में एक और रजत पदक जीता।

5. निशानेबाजी, महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगतः महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली रमिता जिंदल ने 10 मीटर एयर राइफल वर्ग में व्यक्तिगत स्पर्धा में 230.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

6. निशानेबाजी, पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीमः दिव्यांश सिंह पंवार, रुद्रांक्ष पाटिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर की तिकड़ी ने 2023 एशियाई खेलों में भारत को अपना पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 1893.7 के स्कोर के साथ, उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में एक टीम के लिए मौजूदा विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।

7. रोइंग, मेंस कॉक्सलेस फोरः जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनीत और आशीष कुमार की चौकड़ी ने पुरुषों की चार स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया और कांस्य जीता।

8. रोइंग, पुरुष क्वाड्रपल स्कल्सः भारत ने रोइंग में कांस्य पदक जीता। सतनाम, परमिंदर, जाकर और सुखमीत की चौकड़ी फाइनल में 3:6.08 मिनट के समय के साथ तीसरे स्थान पर रही।

9. पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगतः शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, जिन्होंने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर टीम स्पर्धा में भारत को एशियाई खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया था, उन्होंने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

10. पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीमः आदर्श सिंह, अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू की तिकड़ी ने 1718 के कुल स्कोर के साथ भारत को कांस्य पदक दिलाया।

11. महिला क्रिकेटः भारतीय टीम ने फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह पहला मौका था, जब भारतीय टीम ने एशियाई खेलों में भाग लिया। पहले प्रयास में ही टीम इंडिया स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही है।

12. नाविक नेहा ठाकुरः 17 वर्षीय नाविक नेहा ठाकुर ने रजत पदक जीता। उन्होंने लड़कियों की डिंगी कछउअ4 स्पर्धा में 11 रेसों में कुल 27 अंकों हासिल किए।

13. नाविक इबाद अलीः इबाद अली ने नौकायन में कांस्य पदक जीता। वह पुरुषों की विंडसर्फर आरएस एक्स स्पर्धा में 52 के नेट स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

14. घुड़सवारी टीमः हृदय छेदा, दिव्यकृति सिंह, अनुष अग्रवाल और सुदीप्ति हजेला की भारतीय मिश्रित टीम ने 209.205 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

15. 50 मीटर थ्री पोजिशन राइफल टीम, सिफ्त, मानिनी और आशीः भारतीय शूटिंग टीम ने रजत पदक पर निशाना साधा है। भारत ने 50 मीटर थ्री पोजिशन की टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता है। सिफ्त कौर समरा, आशी चौकसे और मानिनी कौशिक की टीम चीन के जिया सियू, हान जियायु और झांग कियोनग्यू के बाद दूसरे स्थान पर रही। इस बीच सिफ्ट दूसरे स्थान (594-28७) के साथ फाइनल में पहुंची, आशी ने भी छठे स्थान (590-27७) के साथ फाइनल में जगह बनाई। मानिनी (580-28७) के स्कोर के साथ 18वें स्थान पर रहीं।



16. 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा, मनु, ईशा और रिदमः भारतीय शूटिंग टीम ने आज का दूसरा पदक भी दिलाया है। भारत ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया है। मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान ने 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है! उन्होंने चीन को तीन अंकों से हराया! भाकर ने राउंड की शुरूआत दो अंकों की बढ़त के साथ की और जैसे-जैसे राउंड आगे बढ़ा, उन्होंने इसे तीन अंकों तक बढ़ा दिया। वह क्वालीफाइंग में भी शीर्ष पर रहीं और व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में 5वें स्थान पर रहीं ईशा सिंह के साथ शूटिंग करेंगी।

17. 50 मीटर थ्री पोजिशन राइफल व्यक्तिगत, सिफ्त कौर (स्वर्ण): शूटिंग में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। सिफ्त कौर ने स्वर्ण अपने नाम किया। सिफ्त कौर समरा ने 50 मीटर थ्री पोजिशन राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में 10.2 अंक हासिल कर आसानी से स्वर्ण पदक जीत लिया। सिफ्त कौर एशियाई खेल 2023 में एकल प्रतिस्पर्धा में भारत को स्वर्ण दिलाने वाली पहली एथलीट हैं। सिफ्त ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ नया विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। उन्होंने 469.6 का स्कोर किया जो कि पिछले रिकॉर्ड से 2.6 अधिक है।

18. 50 मीटर थ्री पोजिशन राइफल व्यक्तिगत, आशी चौकसे (कांस्य): 50 मीटर थ्री पोजिशन राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में सिफ्त जहां पहले स्थान पर रहीं, वहीं इसी प्रतियोगिता में आशी चौकसे ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

19. भारतीय पुरुष स्कीट शूटिंग टीम, अंगद, गुरजोत, अनंतः भारतीय पुरुष स्कीट टीम ने कांस्य पदक जीता। अंगद बाजवा, गुरजोत सिंह खंगुरा और अनंत जीत सिंह नरुका की तिकड़ी ने कुल मिलाकर 355 अंक बनाए और फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। उन्हें कांस्य मिला।

20. नौकायन डिंगी कछउअ 7 पुरुष, विष्णु सरवनन (कांस्य): विष्णु सरवनन ने पुरुषों की डिंगी कछउअ 7 में 34 के नेट स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

21. महिला 25 मीटर पिस्टल, ईशा सिंह (रजत): शूटिंग में ईशा सिंह ने रजत पदक पर कब्जा जमाया है। उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिता में 34 का स्कोर किया और दूसरे स्थान पर रहीं।

22. शॉटगन स्कीट, पुरुष, अनंतजीत सिंह (रजत): अनंत नाकुरा ने पुरुषों की शॉटगन स्कीट में रजत पदक जीता। अनंत ने 60 प्रयासों में से 58 सही निशाने लगाए।

23. वूशु सांडा, महिला, रोशिबिना देवी (रजत): रोशिबिना देवी ने महिलाओं की 60 किग्रा वूशु सांडा में रजत पदक जीता है।

24. पुरुष, 10 मीटर एयर पिस्टल (स्वर्ण): सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा और शिव नरवाल की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने चीन को एक अंक से हराया। भारत ने 1734 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता।

25. घुड़सवारी, व्यक्तिगत ड्रेसेज, (कांस्य): अनुश और उनका घोड़ा एट्रो व्यक्तिगत ड्रेसेज में तीसरे स्थान पर रहे और 73.030 का स्कोर हासिल कर कांस्य पदक जीता।

26. शूटिंग- 10 मीटर एयर पिस्टल महिला टीम इवेंट में भारत ने रजत पदक जीता। भारतीय महिला टीम की खिलाड़ियों ईशा सिंह, पलक और दिव्या ने कमाल कर दिया। तीनों ने देश को एशियाई खेलों के मौजूदा संस्करण का 26वां पदक दिलाया। ईशा सिंह, पलक और दिव्या की टीम 1731-50७ के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। चीन की रैंक्सिंग, ली और नान की जोड़ी ने स्वर्ण पर कब्जा किया।

27. शूटिंग- ऐश्वर्य प्रताप सिंह, स्वप्निल और अखिल की तिकड़ी ने कमाल कर दिया। तीनों ने मिलकर 50 मीटर राइफल 3 पॉजिशन पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। तीनों मिलकर 1769 का स्कोर किया। चीन के लिंशू, हाओ और जिया मिंग की जोड़ी को रजत पदक मिला। वहीं, कोरिया के खिलाड़ियों ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

28. टेनिस- टेनिस के पुरुष युगल स्पर्धा में भारत को एक रजत पदक मिला है। साकेत माइनेनी और रामकुमार रामनाथन की जोड़ी फाइनल में हार गई। दोनों को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। साकेत और रामकुमार को चीनी ताइपे के जेसन और यू-हसिउ ने मिलकर सीधे सेटों में हरा दिया।

29 और 30. शूटिंग- महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पलक ने स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। वहीं, ईशा सिंह ने रजत पदक पर कब्जा किया। पाकिस्तान की किश्माला तलत को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पलक ने 242.1 और ईशान ने 239.7 का स्कोर किया। वहीं, किश्माला ने 218.2 का स्कोर किया।

## 19 वे एशिआई खेलों में 100 पदकों का लक्ष्य हासिल कर बढ़ाया देश का गौरव

31. स्क्वैश- भारतीय महिला स्क्वैश टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सेमीफाइनल में उसे हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अनहत सिंह आखिरी मैच में ली के खिलाफ 10-12 से हार गईं। इससे पहले तन्वी खन्ना को हार मिली थी। जोशना चिनप्पा ने दूसरे मैच को जीतकर भारत को बराबरी पर ला दिया था, लेकिन अनहत की हार ने टीम को फाइनल में नहीं पहुंचने दिया।

32. शूटिंग- ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने टीम इवेंट में जीत हासिल करने के बाद 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन पुरुष फाइनल में रजत पदक जीता। ऐश्वर्य ने 459.7 अंक हासिल किए।

33. ट्रैक एंड फील्ड, किरण बालियान (शॉटपुट): किरण बालियान ने शॉटपुट यानी गोला फेंक प्रतियोगिता में कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 17.36 मीटर के थ्रो के साथ पदक जीता। यह एथलेटिक्स यानी ट्रैक एंड फील्ड में भारत का पहला पदक है। मेरठ की किरण बालियान ने ट्रैक एंड फील्ड में भारत का खाता खोला।

**विचार मंत्र**

हम जो ऐसे ही खेलों में कुछ स्पर्धा में अंपायरिंग खराब रही और विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हुई। 100 मीटर बाधा दौड़ में अंपायरों के विवादित फैसले के कारण भारत की खिलाड़ी ज्योति यराजी के मनोबल पर पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।




34. शूटिंग, मिश्रित युगल, 10 मीटर एयर पिस्टलः सरबजोत और दिव्या की जोड़ी ने रजत पदक जीता। फाइनल मैच चीन ने 16-14 के अंतर से मैच अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में शूटिंग में यह भारत के लिए आठवां रजत पदक है।

35. टेनिस, मिश्रित युगल, रोहन बोपन्ना और ऋतुजा भोसले (स्वर्ण): मिश्रित युगल टेनिस में रोहन बोपन्ना और ऋतुजा भोसले ने स्वर्ण पदक जीता है। भारत के लिए 2002 एशियाई खेलों के बाद से इस खेल में स्वर्ण पदक जीतने का सिलसिला जारी है। रोहन बोपन्ना अब दो बार के एशियाई खेल चैंपियन हैं! उन्होंने 2018 में दिविज शरण के साथ पुरुष युगल जीता था।

36. स्क्वैश, पुरुष टीम (स्वर्ण): स्क्वैश में भारतीय पुरुष टीम ने पाकिस्तान को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 2014 के बाद भारतीय टीम ने पहली बार एशियाई खेलों में यह पदक जीता है। 18 साल के अभय सिंह ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और तीसरा मैच जीत भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले सौरव घोषाल ने मैच में मुहम्मद आसिम खान को हराया था, जबकि महेश मनगांवकर को नासिर इकबाल के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

37 और 38. एथलेटिक्स, 10000 मीटर रेस (रजत और कांस्य): पुरुषों के 10000 मीटर रेस में भारत के कार्तिक और गुलवीर ने इतिहास रच दिया है। कार्तिक ने 28:15.38 की टाइमिंग के साथ रजत पदक और गुलवीर ने 28:17.21 की टाइमिंग के साथ कांस्य पदक जीता। एथलेटिक्स यानी ट्रैक एंड फील्ड में हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारत ने तीन पदक जीत लिए हैं। इससे पहले शुक्रवार को किरण बालियान ने शॉटपुट में कांस्य पदक जीता था। इन दो पदकों के साथ भारत के कुल पदकों की संख्या 38 हो गई है।

39. गोल्फ, अदिति अशोक (रजत): गोल्फ में महिलाओं की प्रतियोगिता में अदिति अशोक ने रजत पदक अपने नाम किया। वह शुरूआत से स्वर्ण पदक जीतने की दावेदार थीं, लेकिन अंत में उन्होंने बेहद साधारण प्रदर्शन किया और उन्हें रजत से ही संतोष करना पड़ा।

40. शूटिंग, महिला ट्रैप टीम (रजत): महिला ट्रैप टीम ने रजत पदक जीता है। मनीषा कीर, राजेश्वरी कुमारी और प्रीति रजक ने 337 का स्कोर किया। चीन की टीम ने 355 का स्कोर कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

41. शूटिंग, पुरुष टीम (स्वर्ण): पुरुषों की ट्रैप शूटिंग स्पर्धा में किनान चेनाई, जोरावर सिंह और पृथ्वीराज टोंडिमान की टीम ने कुवैत और चीन से काफी आगे रहते हुए 361 का स्कोर किया और स्वर्ण पदक जीता।

42. ट्रैप शूटिंग, पुरुष (कांस्य): पुरुषों की ट्रैप शूटिंग स्पर्धा में किनान चेनाई ने कांस्य पदक जीता है। वह 40 में से 32 शॉट निशाने पर लगाने में सफल रहे।

43. मुक्केबाजी, महिला, निकहत जरीन (कांस्य): मुक्केबाजी में महिलाओं के 50 किलोग्राम भारवर्ग में निकहत जरीन ने कांस्य पदक अपने नाम किया। निकहत विश्व चैंपियन हैं और उनसे स्वर्ण की उम्मीद थी, लेकिन वह सेमीफाइनल में हार गईं।

44. 3000 मीटर स्टीपलचेज, अविनाश साबले (स्वर्ण): पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज प्रतियोगिता में अविनाश साबले ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने 8:19:53 मिनट का समय निकाला।

45. गोला फेंक, तजिंदरपाल सिंह तूर (स्वर्ण): तजिंदरपाल सिंह तूर ने भाला फेंक में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। वह लगातार दूसरे एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने में सफल हुए हैं। तजिंदर ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में भी पहला स्थान हासिल किया था।

46. महिला 1500 मीटर दौड़- हरमिलन बैंस (रजत पदक): महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में भारत को हरमिलन बैंस ने रजत पदक दिलाया। वह दूसरे स्थान पर रहीं। बहरीन की विनफ्रेड मुटिले यावी ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

47 और 48. पुरुष 1500 मीटर दौड़- अजय कुमार सरोज (रजत पदक) और जिनसॉन जॉनसन (कांस्य पदक): पुरुषों के 1500 मीटर दौड़ में भारत को दो पदक मिले। अजय कुमार सरोज ने रजत पदक पर कब्जा किया। वहीं, जिनसॉन जॉनसन ने उनसे पीछे रहे और उन्हें कांस्य से संतोष करना पड़ा। कतर के मोहम्मद अल गरनी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

49. लॉन्ग जंप- मुरली श्रीशंकर (रजत पदक)- मुरली श्रीशंकर ने लॉन्ग जंप में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। श्रीशंकर ने 8.19 मीटर का जंप लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया। चीन के बांग जिआनान 8.22 मीटर की जंप के साथ पहले स्थान पर रहे।

50. हेप्टाथेलॉन- (नंदिनी अगासारा, कांस्य पदक)- नंदिनी अगासारा ने 800 मीटर हेप्टाथेलॉन में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने इस स्पर्धा के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। उन्होंने 2:15:33 का समय लिया।

51. डिस्कस थ्रो- (सीमा पूनिया, कांस्य पदक)- डिस्कस थ्रो में भारत की सीमा पूनिया ने कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने 58.62 मीटर दूर थ्रो फेंककर कांस्य पदक जीता। चीन की बिन फेंग ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, जियांग झिचाओ ने रजत पर कब्जा किया।

52. 100 मीटर बाधा दौड़- (ज्योति याराजी, रजत पदक)- भारत की एथलीट ज्योति याराजी ने 100 मीटर हर्डल रेस में रजत पदक जीता। वह 12.91 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रही थीं, लेकिन दूसरे पायदान रहने वाली चीन की खिलाड़ी वू यानी को डिस्क्वालिफाई कर दिया गया। इस तरह याराजी का पदक कांस्य से रजत में बदल गया।

53. बैडमिंटन- (पुरुष टीम, रजत पदक)- भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम स्वर्ण पदक से चूक गई। फाइनल में उसका सामना मजबूत चीन से था। चीन ने फाइनल में भारत को 3-2 से हरा दिया। भारत को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। टीम इंडिया ने इस स्पर्धा में 37 साल बाद कोई पदक जीता है। यह पहली बार है जब भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने एशियाड में रजत जीता है।

54. स्केटिंग, 3000 मीटर, (महिला टीम, कांस्य पदक): संजना भटुला, कार्तिका जगदीश्वरन, हीरल साधु और आरती कस्तूरी ने महिलाओं की स्पीड स्केटिंग 3000 मीटर में कांस्य पदक जीता। उन्होंने अपने रेस 4:34:861 मिनट में पूरी की।

55. स्केटिंग, 3000 मीटर, (पुरुष टीम, कांस्य पदक): भारत के आर्यनपाल घुमन, आनंदकुमार वेलकुमार, सिद्धांत कांबले, विक्रम इंगले 4:10.128 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे और कांस्य पदक जीता। चीनी ताइपे ने स्वर्ण, दक्षिण कोरिया ने रजत पदक जीता।

56. टेबल टेनिस, महिला टीम (कांस्य): अहकिया मुखर्जी और सुतीर्था की जोड़ी ने कांस्य पदक अपने नाम किया है।

स्पीड न्यूज

## 12 वर्षीय लड़के की तालाब में डूबने से मौत

**गोड्डा।** आज सुबह ग्राम सिमरिया प्रखंड पथरगामा जिला गोड्डा के 12 वर्षीय भास्कर कुमार पंडित पिता का नाम गौतम कुमार पंडित जो जितिया पर्व के पश्चात पोखर में अपनी बहन के साथ तालाब स्नान करने गया था और तालाब में गहरे पानी में चले जाने से उसकी मौत हो गई । तीन बहनों में अकेला भाई जिसकी चिराग से घर की रोशनी थी वो आज बुझ गई । हल्ला होने पर रिश्तेदार और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और पानी के अंदर ढूंढने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई । लेकिन देर हो चुकी थी और शव को बाहर निकाला गया। पुलिस को इसकी सूचना दी गई और पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया ।

## सबकी आकांक्षाएं सबका विकास कार्यक्रम आयोजित

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** रविवार को नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सभी ग्राम पंचायत भवन सहित ग्राम पंचायत, लिट्टीपाड़ा में सबकी आकांक्षाएं सबका विकास के तहत संकल्प सप्ताह का आयोजन के छठे दिन आजीविका समृद्धि दिवस का आयोजन किया गया।

## शाह स्पोर्ट्स सेमीफाइनल में

**चक्रधरपुर।** भारत भवन स्थित पोड़ाहाट मिनी स्टेडियम में खेले जा रहे ऑल इंडिया देवेंद्र माझी प्रीमियर लीग टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को चार मैच खेले गए। जिसमें बिलिव क्रिकेट एकेडमी चाईबासा, शाह स्पोर्ट्स क्रिकेट एकेडमी चक्रधरपुर व श्रीराम क्रिकेट क्लब बिहार ने दो मैच जीते। शाह स्पोर्ट्स क्रिकेट एकेडमी ने जगजीवन नगर धनबाद की टीम को दस विकेट से रौंदकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई।

## सौहार्दपूर्ण माहौल में मनायें दुर्गा पूजा : इंस्पेक्टर

**पाकुड़।** रविवार को मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र के नवीनगर गांव स्थित नगरनबी स्टेशन परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंस्पेक्टर उमा शंकर,थाना प्रभारी सतेंद्र यादव, एसआई डीडी रवि, स्टेशन मास्टर नगरनबी सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया।शांति समिति की बैठक इंस्पेक्टर उमा शंकर की अध्यक्षता में हुई।

## लापता युवती का शव कुएं से बरामद

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के डाड़ी गांव से लापता युवती का शव रविवार को गांव के एक कुएं से बरामद किया गया है। मृतिका बबिता कुमारी गांव के ही खिरोधर महतो की पुत्री थी और पिछले छह दिनों से लापता थी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है।

## एसकेएमयू के नए वित्त पदाधिकारी डॉ डीएन गोराई ने संभाला पदभार

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के नवनियुक्त वित्त पदाधिकारी डॉ डी एन गोराई ने पदभार संभाला। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने डॉ गोराई को नियुक्ति पत्र दिया। जिसके बाद वित्त पदाधिकारी के रूप में डॉ डीएन गोराई ने पदभार संभाला। गौरतलब हो कि डॉ गोराई को राजभवन के निदेर्शानुसार कुलपति प्रो डॉ. बिमल प्रसाद सिंह ने विश्वविद्यालय का वित्त पदाधिकारी नियुक्त किया है।

## अश्लील मैसेज भेजने वाले प्रोफेसर की पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**दुमका।** एसपी कालेज में बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा को आदित्य नारायण कालेज के प्रोफेसर को मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजना भारी पड़ा गया। छात्रा के घरवालों ने रविवार को करीब दस बजे प्रोफेसर को पकड़ लिया और पिटाई करने के बाद मुफस्सिल थाना पुलिस को सौंप दिया। दोनों पक्ष के बीच चार घंटे की वार्ता के बाद पीड़िता ने प्राथमिकी के लिए आवेदन नहीं दिया। पुलिस ने देवघर के पूरनदाहा निवासी प्रोफेसर को पीआर बांड पर छोड़ दिया।

# पटना के रास्ते मुजफ्फरपुर से यशवंतपुर के लिए चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** त्योहारों का सीजन शुरू होने वाला है। दुर्गा पूजा, दिवाली और खास तौर पर छठ पूजा को लेकर ट्रेन पर भीड़ के गवाह हर कोई हैं। ट्रेनों में महीनों पहले से ही वेटिंग चल रही है। कंफर्म टिकट मिलना भगवान मिलने के बराबर है। अब टिकट मिले या ना मिले, त्यौहारों में लोग घर आते ही हैं। इस दौरान भारी संख्या में लोग एक शहर से दूसरे शहर में सफर करते हैं। ट्रेनों पर भारी भीड़ देखने को मिलती है। इसी भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा हर साल पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाता है। इस साल भी इसकी शुरूआत हो गई है। पूजा स्पेशल ट्रेन की शुरूआत हाजीपुर-पाटलीपुत्र-पं. दीनदयाल उपाध्याय जं-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर के रास्ते मुजफ्फरपुर और बरौनी से यशवंतपुर के लिए एक-एक जोड़ी के रूप में की गई है। यह ट्रेन 12 दिसंबर तक परिचालित की जाएगी। मुजफ्फरपुर से यशवंतपुर तक गाड़ी संख्या 05271 और गाड़ी संख्या 05272 मुजफ्फरपुर- यशवंतपुर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस स्पेशल मुजफ्फरपुर से 06 अक्टूबर से 08 दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को और यशवंतपुर से 09 अक्टूबर से 11 दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 05271 मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर पूजा स्पेशल मुजफ्फरपुर से शुक्रवार को 15.30 बजे खुलकर 16.35 बजे हाजीपुर, 17.40 बजे पाटलिपुत्र, 18.39 बजे आरा, 19.25 बजे बक्सर, 21.14 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए रविवार को 19.00 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। यशवंतपुर से मुजफ्फरपुर तक गाड़ी संख्या 05272 यशवंतपुर-मुजफ्फरपुर पूजा स्पेशल यशवंतपुर से सोमवार को 07.30 बजे खुलकर बुधवार को 06.40 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं, 07.50 बजे बक्सर, 08.35 बजे आरा, 09.30 बजे पाटलिपुत्र एवं 10.25 बजे हाजीपुर रूकते हुए 12.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे। अभी इस तरह की पूजा स्पेशल ट्रेन की घोषणा आगे भी की जाएगी।

## झारोटेफ जिला कार्यकारिणी की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** रविवार को स्थानीय शिक्षक सदन, नहर चौक, गोड्डा में एनएमओपीएस/झारोटेफ के नवगठित जिला कार्यकारणी की एक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 30 नवंबर 2023 तक झारोटेफ के प्रखंड कार्यकारणी का पुनर्गठन किया जायेगा। इसके निमित्त अधिसूचना शीघ्र जारी कर दिया जायेगा। नए पेंशन स्कीम से पुराने पेंशन स्कीम में कन्वर्ट हुए कर्मियों की संख्या लगभग 4500 है जिन्हें प्रखंड कार्यकारणी पुनर्गठन से पूर्व प्रखंडवार व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ने का निर्णय लिया गया। सभी शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों का जीपीएफ नंबर का हार्ड कॉपी आवंटित होने के बाद इसे झारोटेफ के जिला कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सभी कर्मियों तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए नामित जिला कार्यकारिणी सदस्यों का एक शिष्ट मंडल यथाशीघ्र जिला कोषागार पदाधिकारी, गोड्डा से मिलेंगे। उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि झारोटेफ के सभी कार्यकारणी सदस्यों के लिए ड्रेस कोड राज्य कार्यकारिणी द्वारा निर्धारित कलर में लागू किया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा संधारित कैसबुक का अनुमोदन भी किया गया। विदित हो कि जिन राज्यों में बीजेपी की सरकार है उन राज्यों में ओल्ड पेंशन स्कीम अभी तक लागू नहीं किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा अभी तक नई पेंशन स्कीम को ओल्ड पेंशन स्कीम में कन्वर्ट नहीं किया गया है। केंद्र सरकार तथा सभी राज्य राज्यों में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करवाने हेतु 1अक्टूबर 2023 को दिल्ली के रामलीला मैदान में लगभग 10 लाख कर्मियों की भीड़ जुटी थी।

## 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को दी जा रही कानूनी जानकारी

**दुमका।** झालसा के निदेर्शानुसार 100 दिनों तक चलने वाले जागरूकता अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार जिले के विभिन्न प्रखंडों में जागरूकता अभियान चला रही है। प्राधिकार अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन पर पारा लीगल वोलेंटियर साइबर जागरूकता अभियान चला रहे है। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को स्पैम ईमेल, हैकिंग, फिशिंग, इंटरनेट फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड या अन्य भुगतान की जानकारी चुराना या किसी व्यक्ति की निजी जानकारी को चुराना के बचाव को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

## अनियंत्रित हो तेज रफ्तार ट्रक पलटा, दो बच्चों की मौत

### नशे में धुत होकर ट्रक चालक चला रहा था वाहन

खबर मन्त्र संवाददाता





**दुमका।** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के दुमका - नाला मुख्य मार्ग के मसलिया बाजार दुर्गा मंदिर के पास एक 10 चक्का ट्रक के अनियंत्रित होकर एक घर को तोड़ते हुए सड़क किनारे पलट जाने से दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं एक बच्चा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 10 चक्का ट्रक अस्बेस्टर लोड दुमका से दलाही की और काफी तेज गति से जा रहा था। इसी बीच मसलिया बीच बाजार में मोड़ के पास चालक अपना संतुलन खो दिया। जिस कारण मोड़ से करीब 100 मीटर की दूरी पर एक घर को तोड़ते हुए सड़क किनारे पलट गया। संयोग से उसी जगह पर तीन बच्चे खेल रहा था। ट्रक ने इस हादसे में बच्चों को अपने चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही एक बच्चे ध्रुवराज नाग (7), पिता गोरा नाग की मौत हो गई। वही ध्रुवराज के साथ खेल रहा दूसरा बच्चा रिजु नाग, पिता बनमाली नाग भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसकी मौत फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में हो गया। वही तीसरा बच्चा चांद साह का इस दुर्घटना में बाल बाल बच गया। जिसका सिर में हल्की चोटे आई है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो ट्रक चालक नशे में धूर्त होकर काफी तेज गति से आ रहा था। सड़क घुमावदार होने के कारण ट्रक पलट गई। जिसमें दो मासूमो की जान चली गई। ध्रुवराज नाग एवं रिजु नाग अपने पिता का इकलौता बेटा था। उपरोक्त दोनो के मौत से दोनो के परिवार सहित पूरे मसलिया में शोक की लहर है। इस दुर्घटना के पश्चात लोगो ने आक्रोशित होकर सड़क जाम कर दिया। समाचार भेजे जाने तक जाम नही हटाया जा सका। इसकी सूचना मसलिया थाना पुलिस को होने पर घटनास्थल पर पुलिस पहुचकर गंभीर अवस्था मे चालक को इलाज के लिए दुमका भेज दिया। वही सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को क्रेन के सहारे उठाने का प्रयास जारी है। मामले में थाना प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा ने बताया कि दुघर्टना में दो बच्चे की मौत हो गई। चालक बुरी तरह से घायल है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## सर्पदंश से छह वर्षीया बच्ची की मौत

**दुमका।** सर्पदंश से छह वर्षीय बच्ची की मौत रविवार को हो गई। मृतक बच्ची सदर प्रखंड के महुआडंगाल निवासी दिलीप सोरेन की पुत्री सुशीला सोरेन है। जानकारी के अनुसार माता-पिता के साथ सोए अवस्था मे रविवार को मध्य रात्रि करीब एक बजे जहरीला सांप ने डस लिया। जिसे गंभीर अवस्था में परिजनों ने फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

## निबंधन अनिवार्यता को लेकर किया जागरूक

**दुमका।** जोहार मानव संसाधन विकास केंद्र की ओर से संचलित प्रवासी सहायता एव सूचना नेटवर्क के तहत सदर प्रखंड के हरिपुर पंचायत के चांदडीह चर्च परिसर में प्रवासी मजदूरों को सुरक्षित प्रवासन एवं निबंधन पर चर्चा हुई। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुशांत सोरेन ने बताया कि प्रवासी मजदूरों को प्रवासन पूर्व बुनियादी तैयारी रखने के लिए ध्यान आकर्षित करते हुए कई जानकारी दिया।

# नशे में प्राचार्य, क्या होगा बच्चों का संस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** तस्वीर में भागलपुर बिहार के प्रसिद्ध स्कूल माउंट एसीसी स्कूल के प्राचार्य फादर कुरियन की है जो बांका जिले के भलजोर के निकट शराब में धुत्त पाए गए जो देवघर से लौटते हुए नशा पान करने पहुंचे और ऐन वक्त पर उत्पाद विभाग के रेड पड़ने पर पकड़े गए नशे की अवस्था में। जिले के इंग्लिश स्कूल और कॉन्वेंट में पढ़ाने वाले अभिभावक और बच्चे हो जाएं होशियार।

यहां होता है नशे का का कारोबार। अक्सर कई जगहों से समाचार मिलने के बाद और कई रिपोर्ट मिलने के बाद आज इस विषय पर लिखना आवश्यक हो गया है ताकि अभिभावक जो ये समझते हैं कि मेरा बेटा कॉन्वेंट में पढ़ रहा है बड़ा आदमी बनेगा ऊंचे पदों पर जायेगा कुल खान दान का नाम रोशन करेगा। सबसे पहले कॉन्वेंट का परिचय देना आवश्यक है कि कॉन्वेंट कहते किसे हैं? ये पश्चिमी सभ्यता से हिंदुस्तान पहुंचा है। विदेशों में विवाह करना कोई आवश्यक नही होता है यहां एक एग्रीमेंट या लिव इन रिलेशन शिप में भी जिंदगी भर रह जाते हैं और उनके अलग अलग रहने की जगह होती है।

अगर बच्चे पैदा हो जाते हैं तो उन्हें नैनी रखकर पालन पोषण कराते है बच्चों को बड़ा करके उन्हे कॉन्वेंट में शिक्षा प्राप्त करने भेज देते हैं पहचान के लिए मां का नाम लिखा जाता है किंतु पिता अज्ञात होता है। ऐसे लावारिश बच्चों के लिए ही कॉन्वेंट की व्यवस्था की गई थी। जाहिर सी बात है ये यूरोपियन संस्कृति का एक रूप है और उसकी भाषा यूरोपियन यानि अंग्रेजी फ्रेंच अमेरिकन कनाडियन कोई भी उस देश की भाषा होगी। ये भारतीय सभ्यता और संस्कृति के बिलकुल विपरीत है। उसी विदेशी सभ्यता को भारत में ईसाई मिशनरियों द्वारा प्रचारित और प्रसारित किया गया ब्रिटिश शासनकाल में ये ब्रिटिश हुकूमत की एक चाल थी जो भारतीय शिक्षा पद्धति गुरुकुल विद्यालय संस्थानों को भारतीय शिक्षा को दूर कर अंग्रेजी शिक्षा पद्धति को भारत में लाना। इसमें सबसे पहले शिकार बनाया गया पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले पहाड़िया संथाल ,नागालैंड मेघालय ,के पहाड़ी क्षेत्रों में ईसाई मिशनरियों को इन पिछड़े क्षेत्रों में लगाया गया । जहां गरीबी अशिक्षा और आधुनिक जगत से कटे हुए जंगलों पहाड़ों में रहकर निर्धनता से से अपना जीवन व्यतीत करते थे ।एक ओर प्रमुख भारतीय शिक्षण संस्थानों को खत्म करने का प्रयास चलता रहा जिसमें नालंदा, विक्रमशिला, तक्षशिला, जैसे शिक्षण संस्थानों को नेस्तनाबूद किया जा रहा था पहले मुगल काल फिर ब्रिटिश शासन काल इन दो काल खंडों में भारतीय शिक्षा पद्धति गुरुकुल वैदिक काल से चली आ रही संस्कृत भाषा का अंत किया जाने लगा जिसे देव भाषा कहा जाता था।

फिर अवधी देवनागरी जैसी भाषा को उपेक्षित किया जाने लगा। सरकारी काम काज न्यायालय राजकीय भाषा के रूप में अंग्रेजी उर्दू जैसी भाषाओं को शामिल कर भारतीय भाषाओं को निकाला जाने लगा ।कहा गया है हैं जिस देश की अपनी भाषा नही होती आम जन जन की भाषा परंपरा और संस्कृति नही होती है वो राष्ट्र मूक और बधिर होतीभाई। ये एक नीति होती है कि जिस देश पर शासन करना हो गुलाम बना कर लंबे समय तक रखना हो उस देश की भाषा को सर्वप्रथम नष्ट करो। देश अपनी भाषा संस्कृति संस्कार और मान्यताओं परंपराओं को भूल कर पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति के रंग में रंगने लगा ।जबकि भारतीय शिक्षा पद्धति विश्व में सबसे अधिक विकसित, प्रचलित और संपन्न थी। हमारे वेद, पुराण, उपनिषद की भाषा जो देववाणी की भाषा थी उसे समाप्त किया जाने लगा। लेकिन सनातन शिक्षा पद्धति बीमार पड़ी रही मृत्यु को प्राप्त नहीं हुई। जिसे सनातनी हिंदू ने जीवित रखा, श्रीमद भागवत कथा, रामायण और वेदों के जरिए। बौद्ध धर्म ने सनातन से हटकर रास्ता तो बदल लिया लेकिन उनकी भाषा भी संस्कृत बनी रही ।आज जगह जगह अंग्रेजी स्कूल और कॉन्वेंट खुल गए जिसमे बच्चे अंग्रेजी भाषा और अंग्रेजी संस्कार सीखने के साथ भारतीय नीति शास्त्र और संस्कृत हिन्दी की देवनागरी भाषा से दूर होते चले जाते हैं और परिणाम हम एक उद्दंड शिक्षित संस्कार हीन ,मानवीय संवेदना से दूर परंपराओं और भावनात्मक रिश्ते से दूर एक अलग व्यक्तित्व को तैयार करते हैं जिसमे गोद मतलब ईशा मसीह ,मरियम के पाठ पढ़ाते जाते हैं लेकिन ईश्वर के प्रति आस्था श्रद्धा और विश्वास आस्तिकता के प्रमाण शिव की साधना दुर्गा की शक्ति राम के चरित्र और कृष्ण के उपदेश की उपेक्षा कर भारतीय धर्म और कर्म से दूर किए जाते हैं। शिक्षा में सरकारी व्यवस्था के प्रवेश से शिक्षक ईमानदारी और सत्य निष्ठा, कर्तव्य हीनता के साथ व्यावसायिक शिक्षा का समावेश हो गया जिसमे शिक्षक अपने आर्थिक लाभ के लिए अलग से ट्यूशन और अन्य अनुचित कर्म के साथ विद्यालय की गरिमा को ही धूल धूसरित करते नजर आते हैं जिसमे अयोग्य शिक्षक ,जाली प्रमाणपत्र ,पहुंच और पैरवी के बल पर कुसंस्कारी चरित्र हीन नशा खोर शिक्षको की नियुक्ति जो सम्पूर्ण शिक्षा पद्धति को नष्ट और भ्रष्ट कर रही है। शिक्षको को शिक्षा के बदले अन्य कार्यों में लगा कर पैसे का प्रलोभन देकर उन्हें शिक्षा से दूर किया जा रहा है। शिक्षक स्कूल में पढ़ाने के बदले गप मारने,और समय काटने स्कूल जाते हैं 10 में 2शिक्षक ही अपनी ड्यूटी करते हैं बांकी सब मौज मस्ती अपनी और अधिक आमदनी की जुगाड में लगे रहते हैं ।लेकिन उनका ध्यान शिक्षा और व्यवस्था में नही लग पाएगा तबतक जब तक की विद्यालय द्वारा प्राप्त राशि से ही उनकी तनख्वाह निश्चित नही की जाती और सरकारी सहायता से प्राप्त राशि का उपयोग भवन निर्माण और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नही लगाया जायेगा वो भी शिक्षा पदाधिकारियों के द्वारा ।सरकार शिक्षा में सहायता तो करे छात्रों और अध्यापकों की सुविधा के लिए लेकिन तनख्वाह शिक्षकों की स्कूल द्वारा प्राप्त अपनी आय से ही निर्धारित हो । ऐसे बहुत सारे नियम और कानून बनाने होंगे जिससे विद्यालय अपनी पुरातन शिक्षा पद्धति के मुताबिक चले।

एक नजर में

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने बेल्ट ग्रेडिंग में दिखायी प्रतिभा

**दुमका/निज संवाददाता।** इंडोर स्टेडियम में ताइक्वांडो खिलाड़ियों का बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन रविवार को किया गया। ग्रेडिंग झारखंड राज्य महिला ताइक्वांडो संघ की अध्यक्ष व दुमका जिला ताइक्वांडो सचिव स्मिता आनंद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें 77 बच्चों ने भाग लिया। जिसमे वाइट टू येल्लो बेल्ट का परीक्षा देने वाले बच्चे का नाम आरुष कुमार,देवांश गुप्ता,शयन शरीफ,देवांश किशोर,आराध्या पांडेय,रितिष्का पाठक,वाफियाह शरीफ,आध्या मिश्रा,अथर्व अभिषेक भाष्कर, दिव्या कुमारी,आयुषी कुमारी,हृषिकेश मिश्रा आर्यन कश्यप,मो अली राजा अंसारी,सक्षम कुमार साह,सान्वी केशरी,शिवांशि कुमारी,आरोही श्री,राजवी गुप्ता,प्राची गुप्ता,अलीना हेम्ब्रम, ऐश्वर्या आश्था हेम्ब्रम, अनामिका सिंहा, जेनेलिया टुडू,अदिति मंडल,भव्य गर्ग,सजल टुडू,समायरा टुडू,कुमार भव्य,सान्वी साह, सन्या गुप्ता,एरेन मरांडी,आशी कुमारी,कुमार दिब्य,सान्वी मंडल,अनिशा मुर्मू,आदविक साहू,रुद्र कुमार,प्रिया किस्कू है।

## लोजपा कार्यकर्ताओं ने रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**दुमका।** लोक जनशक्ति पार्टी एवं दलित सेना के संस्थापक पद्म भूषण से सम्मानित पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर कार्यकताओं ने श्रदांजलि दी। दुमका जिला कमेटी एवं प्रदेश कमेटी ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए स्व पासवान की पुण्यतिथि मनाया। साथ ही कार्यकताओं ने स्व रामविलास पासवान के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस पर जिला अध्यक्ष गिरधारी झा, संथाल परगना प्रभारी मनोज कुमार राय, प्रदेश उपाध्यक्ष जीवन कुमार राय, प्रदेश महासचिव हेमंत श्रीवास्तव, मोहन साह, युवा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता, नगर अध्यक्ष कृष्ण झा एवं बाबू झा. आदि उपस्थित थे।

## चंदवारा के सीओ बने अशोक कुमार भारती

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड में नये अंचलाधिकारी के रूप में शनिवार को अशोक कुमार भारती ने बीडीओ संजय कुमार यादव से पदभार लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री भारती ने कहा कि जनता का काम समय पर पूरा करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। वहीं उन्होंने अंचल कार्यालय में अनुशासन बनाये रखने की बात कही है।

## तिरपाल के नीचे दुर्गा पूजा शुरू किया था बेलाटांड़ में : प्रेम पांडेय

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बेलाटांड के द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर आकर्षक एवं भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पूजा समिति के अध्यक्ष प्रेम पांडेय ने बताया कि इस वर्ष समिति दुर्गा पूजा का 74वां वर्ष मना रही है। पूजा की तैयारी में समिति के सभी लोग जुटे हुए हैं। आसनसोल के कारीगर पंडाल तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूजा पंडाल निर्माण का कार्य आसनसोल के कारीगरों के द्वारा किया जा रहा है, जबकि टेंट का काम अमिताभ टेंट हाउस के द्वारा एवं विद्युत सज्जा का कार्य संजय लाइट के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें एक लाख 80 हजार रुपए खर्च होंगे।

## 14 अक्टूबर को शहीद देवेंद्र माझी की श्रद्धांजलि सभा में शिरकत करेंगे मुख्यमंत्री

**चक्रधरपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 14 अक्टूबर को गोइलकेरा आएंगे। वे यहां जल, जंगल व जमीन आंदोलन के प्रणेता रहे शहीद देवेंद्र माझी के शहादत दिवस पर आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम और विकास मेले में शिरकत करेंगे। गोइलकेरा के हाट बाजार मैदान में कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसकी प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई है। रविवार को राज्य की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी और उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उपायुक्त जिले के तमाम विभागों के अधिकारियों के साथ गोइलकेरा पहुंचे थे। गोइलकेरा हाट बाजार में उन्होंने दो करोड़ रुपये की लागत से क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का भी निरीक्षण किया।

## सिक्किम में गोड्डा जिले सहित राज्य के अन्य प्रवासी श्रमिकों के फंसे होने की सूचना

**गोड्डा।** बादल फटने और उसमे गोड्डा जिला के भी कुछ मजदूरों के फसे होने की सूचना प्राप्त हुई थी। उपायुक्त, गोड्डा के निर्देश पर संजय आनंद, श्रम अधीक्षक,गोड्डा द्वारा राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष, रांची के माध्यम से सिक्किम में फंसे एवं वापस गोड्डा लौटने वाले प्रवासी श्रमिकों की जानकारी प्राप्त की गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोड्डा जिला सहित आसपास के अन्य जिले के कुछ प्रवासी श्रमिक राज्य वापस लौट गए हैं, जबकि कुछ प्रवासी मजदूरों ने सिक्किम में ही रुकने का निर्णय लिया है। इस बीच जिले के गोड्डा एवं सुंदरपहाड़ी प्रखंड के तीन प्रवासी श्रमिक सिक्किम से दिनांक 07.10. 2023 को वापस अपने घर लौट आए।

## बोकारो बना राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का विजेता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। भारत विकास परिषद के द्वारा प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता चेतना के स्वर का आयोजन रविवार को रोटरी भवन में किया गया। इसमें डीएवी हजारीबाग शाखा, सरस्वती विद्या मंदिर गिरिडीह, डीएवी कोडरमा, डीएवी देवघर शाखा, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद और गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल बोकारो के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रूपा सामंता, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. अजीत सिंह और डॉ. अभिषेक कुमार थे।

## पैसेंजर ट्रेन के समय में परिवर्तन रेलवे कर्मचारियों में हर्ष

**पाकुड़।** डाउन में 03470 तीन पहाड़ बर्दवान पैसेंजर का समय 3:00 बजे की जगह 4:15 बजे करने की खुशी में जिला मुख्यालय स्थित स्टेशन प्रबंधक,पाकुड़ कार्यालय के समक्ष रेलवे कर्मचारियों ने एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया।इस समारोह के माध्यम से महाप्रबंधक,पूर्व रेलवे,कोलकाता अमर प्रकाश द्विवेदी एवं तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक हावड़ा मनीष कुमार जैन का आभार प्रकट करते हुए ईस्टर्न रेलवे मेन्स यूनियन पाकुड़ शाखा के शाखा अध्यक्ष कामरेड अखिलेश कुमार चौबे एवं अपने शाखा सचिव कामरेड संजय कुमार ओझा के प्रति कृतज्ञता जताते हुए उनका माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। ज्ञात हो कि यह अभिनंदन समारोह 03470 डाउन तीनपहाड़ वर्धमान पैसेंजर का गुमानी में प्रस्थान समय 3 बजे की जगह 4:15 करने की खुशी में आयोजित किया गया था एवं इस अवसर पर रेलवे कर्मचारियों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया गया।अपने संबोधन में ट्रैकमैन कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि हम सभी गुमानी,कोटलपोखर,तिलभीटा में काम करने वाले कर्मचारी मालदा वर्तमान पैसेंजर बंद होने के बाद से अपनी ड्यूटी के बाद पाकुड़ लौटन के लिए काफी परेशान थे। क्योंकि शाम 4:00 बजे के बाद कोई गाड़ी लौटन के लिए नहीं थी। इससे इंजीनियरिंग विभाग,ऑपरेटिंग विभाग,सिग्नल एवं टेलीकॉम विभाग एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों के लिए काफी राहत की बात हुई है। रेल कर्मचारीगण अपने शाखा नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए उनके जुझारू प्रवृत्ति का स्वागत करते हैं। अभिनंदन करते हैं।उन्होंने आश्वस्त किया था कि या तो मालदा पैसेंजर चलेगी अथवा तीनपहाड़ पैसेंजर का समय परिवर्तन अवश्य करवाएंगे।